CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 02-03-2026 00:41 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) › मंगलवार, 3 फरवरी 2026 › माघ 14 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण द्वितीया, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

पेज 12 › मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow

Vol 8 no 33

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं!

US दौरे पर जयशंकर, मिनरल्स पर बैठक

▶p12

ऑडियो बुक कैटिगरी में दलाई लामा ने जीता ग्रैमी

▶p12



भारत से डील हुई, टैरिफ घटाया: ट्रंप

US ने कहा- 25 से 18% किया टैरिफ | PM मोदी बोले- शुक्रिया, यह शानदार घोषणा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते का सोमवार देर रात ऐलान हो गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत पर अमेरिका जवाबी टैरिफ तत्काल प्रभाव से 25 से घटकर 18% हो जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप को धन्यवाद देते हुए इसकी तस्दीक की और इस पर खुशी जताई। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत भी अमेरिका से तेल गैस और कृषि उत्पादों सहित अन्य चीजों पर टैरिफ और नॉन टैरिफ बैरियर कम करेगा और इसे जीरो कर देगा।

डील के ऐलान से पहले ट्रंप ने मोदी से फोन पर बात की

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, पीएम मोदी ने रूसी तेल खरीदने से इनकार कर दिया है। भारत अमेरिका और वेनेजुएला से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदेगा। ट्रंप ने कहा कि PM मोदी ने सहमति जताई है कि भारत 500 बिलियन डॉलर के तेल, कृषि उत्पाद, कोयला, टेक्नोलजी के अलावा और ज्यादा अमेरिकी चीजें खरीदेगा। ट्रंप ने कहा कि मोदी के साथ उनकी बातचीत में रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर भी चर्चा हुई।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया पर लिखा था- स्टे ट्यून्ड, बानी देखते रहिए। ऐसे वक्त में जब विदेश मंत्री जयशंकर भी अमेरिका दौरे पर हैं, गोर के संदेश को अहम माना जा रहा है, वह भी तब जब भारत अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर अर्से से अच्छी खबर का इंतजार कर रहा है।

भारत के 1.4 बिलियन लोगो के लिए यह शानदार घोषणा है। जब दो बड़ी इकॉनमी और डेमोक्रेसी साथ आती है तो लोगो के लिए फायदेमंद साबित होते है। -नरेंद्र मोदी, पीएम

पेनल्टी भी हटी
ट्रंप ने साफ कर दिया कि रूस से तेल खरीदने पर लग रही 25% की पेनल्टी भी हटा रहे है। इसे मिलाकर अमेरिकी टैरिफ 50% हो गया था।



भारत का ट्रायम्फल आर्च (इंडिया गेट) बहुत खूबसूरत है। हमारा वाला इन सबमे सबसे शानदार होगा। -डॉनल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

अपना गेट बना रहे : ट्रंप वॉशिंगटन डीसी मे अपने नाम से एक गेट बनवाने का प्लान कर रहे है। इस स्मारक को 'आर्क डी ट्रंप' नाम दिया गया है।

PM मोदी से बात के बाद डील का ऐलान

ट्रंप के ऐलान के बाद PM मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, उन्हें ट्रंप के साथ बात करके खुशी हुई। अब मेड इन इंडिया प्रॉडक्ट्स पर घटा हुआ 18% टैरिफ लगेगा। पीएम मोदी ने कहा, जब दो बड़ी इकॉनमी और दुनिया के दो सबसे बड़ी डेमोक्रेसी साथ आती है तो कई साझे अवसर और सहयोग, लोगों के लिए फायदेमंद साबित होते है। हलांकि भारत की ओर से तुरंत इस डील के बारे में आधिकारिक रूप से विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है।

ट्रंप ने किया फोन, पीएम मोदी बोले- बात कर खुशी हुई

रूसी तेल पर लगा था 25% और टैरिफ

ट्रंप ने भारत के खिलाफ पहले 25% टैरिफ लगाया था और बाद में पिछले साल अगस्त में रूसी तेल खरीदने के नाम पर और 25% टैरिफ लगा दिया था। इसकी बड़ी चोट भारत के लेदर, टेक्सटाइल्स, ज्वेल्स एंड जूलरी जैसे ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सेक्टरों से निर्यात पर पड़ रही थी। दिसंबर में अमेरिका को निर्यात सालभर पहले से 1.83% घटकर 588.6 करोड़ डॉलर रहा। अमेरिका का 50% टैरिफ 27 अगस्त को लागू हुआ था। उसके बाद सितंबर से दिसंबर तक अमेरिका को निर्यात 25.6 बिलियन डॉलर का रहा।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखे पेज 3, 11, 12

WPL एलिमिनेटर

गुजरात जायंट्स vs दिल्ली कैपिटल्स
7:30 बजे से, वडोदरा मे
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

फटाफट खबरें

फिर गिरी चांदी, सोना भी टूटा

लखनऊ के सराफा बाजार मे सोमवार को चांदी 50,000 रुपये टूटकर 3 लाख रुपये किग्रा रह गई। सोना 12,275 रुपये टूटकर 1,50,400 रुपये 10 ग्राम रह गया। इससे उल्टा सेंसेक्स मे 943.52 अंक बढ़कर 81,666.46 पर बंद हुआ। निफ्टी 262.95 अंक चढ़कर 25,088.40 पर बंद हुआ। ▶▶पेज 11

पुणे पोर्श केस के तीन को SC से बेल

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2024 पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले मे तीन आरोपियों अशीष सतीश मित्तल, आदित्य अविनाश सूद और अमर सतीश गायकवाड़ को जमानत दे दी। बेंच ने कहा कि नाबालिगो से जुड़े ऐसे मामले के लिए माता-पिता को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। ▶▶पेज 12

मजीठिया को करप्शन केस मे मिली जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को भ्रष्टाचार के एक मामले मे जमानत दे दी। उन पर आय से अधिक 540 करोड़ की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

एपस्टीन में नाम, लेबर पार्टी छोड़ी

ब्रिटिश राजनेता पीटर मैंडेलसन ने सदस्यता लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। एक साल पहले वह अमेरिका मे ब्रिटेन के एंबेसडर थे। वह इस्तीफा दिवगत फाइनैंसर और यौन अपराध के दोषी जेफरी एपस्टीन से उनके संबंधो की खबरो के बाद आया है।

हैपी मॉर्निंग

चिंटू-पिंटू से : लगातार तीन एग्जाम में फेल होने के बाद पता चला कि सगबाहु और खिसबाहु राक्षस के नाम नहीं। बल्कि त्रिभुजो के नाम है।

मौसम

अधिकतम तापमान 26.3°
न्यूनतम तापमान 13°
सूर्योदय मंगलवार 5:50 | सूर्यास्त बुधवार 6:51

वित्त मंत्री ने कहा, युवाओं को उद्यमी बनाने में मदद करेंगे

बोलीं- बजट में दिए गए लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: देश की तेज तरक्की के लिए सरकार आर्थिक सुधार करती आ रही है और आगे वाले दिनों में भी करती रहेगी। इस बार के युवा शक्ति बजट के पीछे सोच यह है कि विकसित भारत के लिए युवाओं की एजुकेशन और स्किल पर तो जोर बढ़े ही, उन्हें उद्यमी बनने में भी मदद की जाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किए जाने के अगले दिन NBT को दिए खास इंटरव्यू में यह बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि बजट में दिए गए लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे और टैक्स बेस बढ़ाने के कदम उठाए जाएंगे। सरकार ने जो कदम उठाए है, उनसे कंजम्शन बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिका से संभावित ट्रेड डील या बाकी देशों से फ्री ट्रेड अग्रीमेंट्स को ध्यान में रखकर बजट तैयार नहीं किया गया है। बजट में बड़े आर्थिक सुधार नहीं दिखने को लेकर उठ रहे सवालों पर वित्त मंत्री ने कहा कि लेबर कोड से लेकर GST तक बड़े आर्थिक सुधार बजट के दायरे से बाहर भी होते रहे हैं। पूरी तस्वीर को देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद के मौजूदा सत्र के दौरान इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी अमेंडमेंट बिल पेश किया जाएगा। ▶▶पेज 10

युवाओं की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने के इरादे से ऑरेंज इकॉनमी पर फोकस किया गया है। -निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

वित्त मंत्री ने कहा, NBT का बजट स्पेशल अंक बिल्कुल हमारे यूथ डेस्क बजट के मुताबिक था, जो युवा शक्ति बजट की सोच को दिखाता है।

'UP को बजट का सबसे ज्यादा फायदा'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी की आबादी सबसे ज्यादा युवा है, इसलिए यूपी के आम बजट के विभिन्न पहलुओं का सबसे ज्यादा फायदा यूपी को होगा। योगी ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम बजट की खूबियां गिनाईं। कहा कि MSME के लिए 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान यूपी के लिए गेमचेंजर साबित होगा। 12.20 लाख करोड़ रुपये का इंफ्रास्ट्रक्चर फंड यूपी में कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक विकास की रफ्तार बढ़ाएगा। सीएम ने कहा कि यूपी में जेवरगंगी-हल्दिया इनलैंड वॉटरवे पहले ही सक्रिय है और इसके विस्तार से कार्गो मूवमेंट पर बड़ा असर पड़ेगा। अयोध्या से हल्दिया, गोमती, सरयू एवं राप्ती नदियों के जरिए भी वॉटरवे की संभावनाओं पर काम आगे बढ़ाया जा रहा है। बजट में घोषित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में से दो यूपी को मिले हैं। ▶▶पेज 2

AI फ्लाइट में फिर फ्यूल स्विच खराब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया फ्लाइट की एक और फ्लाइट में लेफ्ट फ्यूल कंट्रोल स्विच ऑन से ऑफ मोड में जाने की खामी सामने आई। विमान सुरक्षित उतरा। एयर इंडिया ने पायलट रिपोर्ट के बाद जांच शुरू की और DGCA को सूचित किया। मामला 12 जून को हुए अहमदाबाद प्लेन क्रैश के संदर्भ में सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है। ▶▶पेज 12

वांगचुक Gen-Z को प्रदर्शन के लिए भड़का रहे थे : केंद्र

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक लद्दाख की युवा पीढ़ी को उकसा रहे थे। दलील दी कि वांगचुक ने युवाओं को उकसाया कि अगर लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा नहीं दिया गया, तो वे नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों में हुए Gen-Z आंदोलनों से प्रेरणा लें।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को NSA के तहत हिरासत में लिया गया था। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की पीठ वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कॉर्पस) याचिका पर सुनवाई कर रही है। वांगचुक की पत्नी ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत वांगचुक की हिरासत को अवैध बताते हुए चुनौती दी है।

ऑर्डर-ऑर्डर फर्जी दस्तावेज से शिक्षकों की नियुक्ति पर HC ने कहा-

'नियुक्तियां रद्द करें, रिकवरी करें, अफसरों पर ऐक्शन लें'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

यूपी में कई महाफर्क शिक्षकों द्वारा जाली सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी पाने के 'परेशान करने वाले' पैटर्न पर सख्त रुख अपनाते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को पूरे प्रदेश में ऐसे मामलों की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रिंसिपल सेक्रेटरी, बेसिक शिक्षा से कहा है कि यह काम छह महीने के भीतर पूरा कर लिया जाए। कोर्ट ने अवैध नियुक्तियां रद्द करने, सैलरी रिकवर करने और मिलीभगत में शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है।

पूरे प्रदेश में व्यापक जांच का आदेश

जस्टिस मंजू रानी चौहान ने सोमवार को यह आदेश पारित किया। अदालत ने टिप्पणी की कि राज्य सरकार द्वारा कई सर्कुलर और निर्देश जारी करने के बावजूद, शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारी ऐसी अवैध नियुक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहे। कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की निष्क्रियता न केवल धोखाधड़ी को बढ़ावा देती है, बल्कि शिक्षा प्रणाली की जड़ों पर भी प्रहार करती है। अदालत ने यह आदेश रिमा सिंह द्वारा दायर एक रिट याचिका पर दिया। उन्होंने देवरिया के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उनकी नियुक्ति रद्द करने के आदेश को चुनौती दी थी। बीएसए ने उनके खिलाफ यह आदेश तब पारित किया जब यह पता चला कि उन्होंने अपने शैक्षिक दस्तावेज और निवास प्रमाण पत्र जाली बनाए।

'निजी परिसर में प्रार्थना सभा के लिए अनुमति जरूरी नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक आदेश में टिप्पणी की है कि प्रदेश में निजी परिसरों के भीतर धार्मिक प्रार्थना सभा आयोजित करने के लिए किसी पूर्व अनुमति की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर ऐसी स्थिति होती है, जहां धार्मिक प्रार्थना सभा सार्वजनिक जगह हो तो पुलिस को सूचना देने के साथ ही कानून के तहत अनुमति लेनी।

खबरों के अंदर की बात

राहुल गांधी ने किताब का हवाला दिया, सरकार ने कहा-नेता विपक्ष गुमराह कर रहे

'सीमा पार' पर लोकसभा में आर-पार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब (संस्मरण) का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने तनाव के समय चार चीनी टैंक देश की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह एक मैगजीन में छपे लेख के हवाले से कह रहा हूं। इस पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा, वह गुमराह कर रहे है। जैसे ही राहुल ने बिना छपी किताब के अंश पढ़ने की कोशिश की, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सवाल किया कि जिस पुस्तक का हवाला दिया जा रहा है, वह प्रकाशित है या नहीं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सदन में किसी अप्रकाशित पुस्तक या पत्रिका के आधार पर बात नहीं रखी जा सकती। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने टोका तो राहुल ने कहा, 'ठीक है मैं मैग्जीन का हवाला नहीं दूंगा। एक बॉर्डर था। बॉर्डर पर किसी देश की सेनाएं थीं, जो उस बॉर्डर में घुस रही थीं। कैलाश रेंज में चार टैंक घुस रहे थे।' ▶▶पेज 10

हंगामा बढ़ा तो मंगलवार सुबह तक कार्यवाही स्थगित



'आखिर किताब से डर क्यों रही है सरकार'

राहुल गांधी जिस अनपब्लिश्ड किताब (फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी) के आधार पर होकलाम मे चीनी टैंक घुसने का दावा कर रहे है, वह पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने लिखी है। राहुल ने कहा, किताब क्यों नहीं छपने दी जा रही? डर क्यों रहे है? इससे पीएम, रक्षा मंत्री की सच्चाई सामने आएगी, क्योंकि चीन से तनाव के दौरान सेना को राजनीतिक नेतृत्व से अपेक्षित समर्थन नहीं मिला।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 02-02-2026 23:44 Color:

'करदाताओं की मदद करेंगे, टैक्स बेस बढ़ाएंगे'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश करने के अगले दिन NBT से बात की। अखिलेश प्रताप सिंह को दिए इंटरव्यू में कहा कि बजट में हायर एजुकेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप पर जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का फोकस टैक्सपेयर्स की मदद करने और टैक्स बेस बढ़ाने पर है। पेश है इसके मुख्य अंश:

कहा, बजट अनुमान हकीकत के करीब

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर ओरिजिनल सोच यही थी कि सरकार बॉन्ड जारी करे और खरीदने वाले मैच्योरिटी तक होल्ड करें। हम चाहते थे कि लोग बाय एंड सेल न करें, इनवेस्ट करें और टिके रहें।

दुनिया में गोल्ड के भाव कई वजहों से बढ़ रहे हैं। शायद इसलिए भी कि किसी एक करेंसी पर लोगों को भरोसा नहीं हो पा रहा है। हालांकि जो लोग गोल्ड में निवेश करना चाहते हैं, यह उनका अपना फैसला है। सरकार इसमें कुछ नहीं करने जा रही।

NBT INTERVIEW

आपने इस बार के बजट को युवा शक्ति बजट कहा। क्या आइडिया रहा?

- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में पीएम मोदी ने भाग लिया था। वहां बहुत आइडिया सामने आए। एजुकेशन, स्किलिंग और आंत्रप्रेन्योरशिप पर हाई लेवल स्टैंडिंग कमिटी काम करेगी। यह कोई आम कमेटी नहीं होगी। यह लगातार नजर बनाए रखेगी और गाइडेंस देती रहेगी। इसके पीछे सोच यह है कि एजुकेशन पूरी होने से पहले युवाओं को काफी कौशल सीखने का मौका मिलेगा, जिससे बाहर आकर वे अगर छोटे-बड़े स्तर पर आंत्रप्रेन्योर बनना चाहते हैं, तो वह रास्ता हम खोलना चाहते हैं। इसमें एजुकेशन और स्किलिंग सहित तीन-चार मंत्रालय मिलकर काम करेंगे। ग्रामीण इलाकों में आज लखपति दीदियों के उदाहरण हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप से आंत्रप्रेन्योरशिप का रास्ता उनके लिए खोल रहे हैं। उनके प्रोडक्ट के लिए SHE-मार्ट बनाएंगे।

ऑरेंज इकॉनमी के तहत कंटेंट क्रिएटर लैब्स बाद हुई है, इसमें क्या खास है?

- इसमें एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, कॉमिक्स और गेमिंग पर फोकस है क्योंकि यह इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। जापान के घिबली स्टूडियो का उदाहरण हमारे सामने है। वे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के जरिए नहीं, हाथ से बनाई गई तस्वीरों को टेक्नोलॉजी से मिलाकर रामायण बनाकर जापानीज वर्जन हमें दे रहे हैं, तो हम क्यों नहीं बन पाएंगे? इसके लिए फोर्स चाहिए। इसलिए युवाओं को तैयार करने के लिए इस दिशा में कदम उठाया जाएगा। कंटेंट क्रिएटर इसके लिए सटीक शब्द नहीं है। कंटेंट से ज्यादा इसमें फिनटेक की बात है।

आपने इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक्स सेटर्स के करीब 5 यूनिवर्सिटी कॉम्प्लेक्स बनाने की बात की है। इसकी वर्कफोर्स को काम मिले, क्या इसकी कोई जिम्मेदारी भी इंडस्ट्री पर तय की जाएगी?

-रिकलिंग का काम केवल सरकारी स्तर पर नहीं हो सकता। इंडस्ट्री को जरूरतें लगातार बदलती जा रही हैं। कुछ इंडस्ट्री टेक्नोलॉजी प्रोग्रेसी हैं, कुछ इतनी प्रोग्रेसी नहीं हैं। हमने जो कदम उठाया है, उसमें जहां कुछ स्ट्रास इंडस्ट्रीज ज्यादा हैं, उन क्लस्टर्स के पास यूनिवर्सिटी और स्किल सेंटर खोलने की बात है। उस इलाके की इंडस्ट्री की जो जरूरत होगी, उसके हिसाब से काम होगा।

कहा जा रहा है कि इस बजट में बड़े रिफॉर्म नहीं है, बीच का रास्ता चुना गया। क्या ऐसा ही है?

- बजट के अलावा भी रिफॉर्म्स होते हैं। 2014 से ही बजट से हटकर बड़े रिफॉर्म्स होते आ रहे हैं। लेबर कोड, GST हुआ। श्रमी IBC का मामला स्टैंडिंग कमिटी में होकर आया है। इस बिल को संसद के इसी सत्र में बाद में लाएंगे। भारत को तेजी से बढ़ाने के लिए जिन सुधारों की जरूरत होगी, हम करते आए हैं, करते रहेंगे।

आपने 10% नॉमिनल GDP ग्रोथ का अनुमान बजट में दिया है। इस अनुमान के लिए किस तरह के रिस्क हो सकते है?

- हमारी अर्थव्यवस्था में सप्लाई साइड की प्रॉब्लेम्स कंट्रोल में हैं। महंगाई कम रहने से खपत को बूस्ट मिला है। इनकम टैक्स में पहले दी गई छूट और GST रेटस में कमी से खपत बढ़ी है। GST के लेटेस्ट आंकड़ों से साफ है कि खपत अच्छे स्तर पर बनी हुई है। इसलिए चिंता की बात, बल्कि मैं इसे चुनौती कहूंगी, वह देशी के बजाय विदेशी है। और यह तो एक पहलू है। कई चीजें हैं, जो हो सकती हैं।

आप अपने बजट टारगेट हासिल करती रही है। ऐसा लगता है कि इस बार आपने अनुमान कुछ कम रखे, क्यों?

- अनुमान हकीकत के करीब होने चाहिए। टैक्स के मामले में पहले ही काफी कुछ दिया गया है। GST से भी उस तरह का बड़ा आंकड़ा तुरंत नहीं मिलने जा रहा है। हालांकि जनवरी के आंकड़ों ने सबको चौंकाया। जिस तरह के उपभोक्ता टैक्स नंबर्स और टैक्सपेयर्स की संख्या है, उसे देखते हुए टैक्स बेस बढ़ाने के लिए मैं काफी कुछ करूंगी। हमने फिस्कल डेफिसिट का जो टारगेट दिया है, उसे हासिल करेंगे।

ज्यादा लोग टैक्स फाइलिंग करें, इसके लिए आप क्या करने वाली है?

- दो या तीन चीजें नहीं, वे सभी कदम काम आएंगे, जो पहले से उठाए जा चुके हैं। ये सारी प्रोसेस और मैच्योर होंगी। AI डेटा एनालिटिक्स से मिलने वाली जानकारी से देख पाएंगे कि पैसा कहां खर्च किया जा रहा है। असेसमेंट फाइल हो रहे हैं या नहीं, देख जाएगा। नहीं हो रहे, तो चाट दिखाया जाएगा कि हमें पता है कि ऐसा खर्च हुआ है। इसका यह मतलब नहीं है कि हम हर एक के पीछे लगने जाते हैं, लेकिन केवल यह बताएंगे कि काफी खर्च हुआ है या आपके परिवार के काफी लोग विदेश आए गए हैं। हम लोगों से कह रहे हैं कि अगर विदेश में आपकी संपत्ति है, तो उसकी जानकारी दीजिए। मुझे लगता है कि टैक्सपेयर्स या नॉन-पेयर्स से अगर हम संपर्क करें तो उन्हें समझा सकेंगे और टैक्स बेस बढ़ेगा।

छोटे टैक्सपेयर्स को नियमो के पालन मे मदद करने की बात की है। स्मॉल टैक्सपेयर का क्या मतलब है?

- सभी सेक्टरों के स्मॉल टैक्सपेयर्स की बात है। हम किसी एक सेक्शन पर गौर नहीं कर रहे। हम चाहते हैं कि टैक्सपेयर साथ आएं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। लेकिन कई छोटे असेसीज इस डिसिजन तौर मे भी आश्वस्त नही हो पाते कि सही रिटर्न फाइलिंग हुई या नहीं। इसलिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी इंस्टिट्यूट या कॉस्ट अकाउंटेंट्स जैसे इंस्टिट्यूशंस के जरिए हम टैक्स असेसी मित्र के रूप में पैरा प्रफेशनल्स तैयार करना चाहते है।

इनकम टैक्स लॉ मे डीक्रिमिनलाइजेशन की बात की गई है। यह किस तरह होगा?

-इनकम टैक्स विभाग का रुख कम आक्रामक होगा। जहां जरूरत होगी, वहीं कदम बढ़ाएंगे। जाहिर है कि न्यायपालिका देख सकती है कि अपराध किस तरह का है और तय करेगी कि जेल होगी या नहीं। उसे एक तरह की फीस में बदला जा सकता है।

F&O मे STT बढ़ाने पर आपने कहा कि छोटे निवेशक इससे दूर हटे, इसलिए किया गया। क्या कोई दूसरा रास्ता नही हो सकता था, क्योकि इससे विदेशी निवेशको की कॉस्ट भी बढ़ेगी और वे पहले ही स्टॉक मार्केट मे बड़ी बिकवाली कर रहे है?

- विदेशी निवेशकों से ज्यादा जरूरी बात इसमें छोटे निवेशकों की है। 90% से ज्यादा इसमें पैसा गंवा रहे हैं, इसकी स्टडी है। कई पैरेंट्स ने हमसे इस बारे में कहा कि उनके बच्चे इसमें नुकसान उठा रहे है। इसे ध्यान मे रखते हुए कदम उठाया गया है।

FDI को लेकर चिंता जताई जा रही है। भारत को ज्यादा आकर्षक ठिकाना बनाने के लिए आप क्या करेंगी?

-यह सिर्फ भारत की बात नहीं है। दुनियाभर मे फंड मूवमेंट स्ट्रैटेजिक आधार पर होते हैं। दूसरी बात, बजट के पार्ट B में जो बातें हमने की है, वे भारत को इनवेस्टमेंट और जॉब क्रिएशन के लिए बेहतर ठिकाना बनाने के लिए ही है। ये सब काम पहले से मौजूद कुछ खामियों को दूर करने के लिए किए गए हैं। लेकिन क्या विदेशी निवेशक इससे आकर्षित होंगे, फंड फ्लो कई ऐसी चीजों से भी तय होता है, जो भारत के बाहर की है।

FPI के पैसा बाहर ले जाने पर कितनी चिंता है? रुपये और ओवरऑल सेटिमेंट पर भी असर है, उसपर क्या कहना है?

-मैं यह नहीं कहना चाहती कि इस चीज ने मुझे प्रभावित किया है। मैं यहां अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की जिम्मेदारी के साथ हूं। पॉलिसी से यह होगा। ईज ऑफ डूइंग इंडिया से भारत आकर्षक ठिकाना बनेगा।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर टैक्स छूट मे जो किया गया है, उसके पीछे क्या सोच है?

-शुरू से ही सोच यह थी कि सरकार बॉन्ड जारी करेगी, खरीदने वाले मैच्योरिटी तक होल्ड करेंगे। अगर बीच में बेच दिया तो टैक्स छूट नहीं होगी। किसी ने बीच में सेकेंडरी मार्केट से खरीदा और भले ही पूरे टर्म तक होल्ड किया तो उसे भी भुनाने पर टैक्स छूट नहीं मिलेगी। या सेकेंडरी मार्केट से लिया और पूरे टर्म तक होल्ड भी नहीं किया, तो भी टैक्स छूट नहीं होगी। सरकार ने बॉन्ड जारी किया, आपने ओरिजिनली खरीदा और पूरे टर्म तक होल्ड किया, तभी भुनाने पर टैक्स छूट मिलेगी। मूल रूप में इरादा यही था।

गोल्ड और सिल्वर के भाव क्यपनी बढ़ गए है और लोग फिर भी खरीद रहे है क्योकि उन्हे लग रहा है कि कीमतें और चढ़ेंगी। क्या निवेशको को कुछ समझाने की जरूरत है?

-लोग क्या खरीद और बेच रहे हैं, यह उनका अपना फैसला है। दुनिया में गोल्ड के भाव कई वजहों से बढ़ रहे हैं। इसलिए भी हो रहा है क्योंकि शायद किसी एक करेंसी पर लोगों को भरोसा नहीं हो पा रहा है। हालांकि जो लोग गोल्ड में निवेश करना चाहते है, हम उनके बारे में कोई एक्शन नहीं लेने जा रहे।

पांच राज्यो मे विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। किसी राज्य पर स्पेशल फोकस नही, ऐसा क्यो?

- बजट मे चुनावी राज्यों के लिए काफी कुछ है। केरल से लेकर तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, सभी के लिए है। हाई स्पीड कॉरिडोर से लेकर डिफेंस कॉरिडोर, रेवर अर्थ कॉरिडोर तक। तमिलनाडु को तो डिफेंस कॉरिडोर भी मिल गया। कोकोनट पर हमने जो किया, केरल इस पर काफी निर्भर है।

विकसित भारत G RAM G योजना के लिए 95 हजार करोड़ रुपये दिए हैं। इस योजना का विरोध भी हुआ। क्या कहना है?

-हमने मनरेगा के लिए भी 30 हजार करोड़ रुपये रखे हैं, जिससे नई योजना आने तक पेंडिंग काम पूरे हो सकें। विकसित भारत के लिए आवंटन को मिलकर देखें तो 120 हो गए। हमने 100 से बढ़ाकर 125 दिनों की गारंटी की बात की है। देखते हैं, विरोध करने वाले अब क्या कहते हैं।

आपने पिछली बार मधुबनी साड़ी पहनी थी। इस बार कांजीवरम। ऐसा क्यो?

- एक ही दिन में तीन-तीन साड़ी नहीं पहनी जा सकती थी। रहा नाम का सवाल तो तमिलनाडु, केरल, वेस्ट बंगाल में दुर्गापुर, चेन्नै की हाई स्पीड ट्रेन, इन सबका नाम लिया।

युवा मंत्रालय की पहल, केंद्रीय बजट पर PM से सीधी बात करेंगे Gen-Z

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय बजट 2026-27 पर सीधी बातचीत का मौका मिलेगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल के तहत ये मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को 'MY भारत बजट कोस्ट 2026' की शुरुआत की, जिसमें देश के युवाओं को केंद्रीय बजट पर 5 अलग-अलग विषय दिए जाएंगे। क्विज प्रतियोगिता में जो वो जीतेंगे, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत का मौका मिलेगा। इससे पहले मंत्रालय ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन भी किया था।

12 राशिया और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों में लाभ मिलेगा। आपको अपने परिवार के आवीजों में शामल द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। अज आप जनता के प्रिय बनेंगे। शाम के समय परिवार में किसी को शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी। देर रात तक दौड़ना सब सामान्य हो जाएगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
यदि स्वामी नाम प्रमुख विशेष भाग्य भाव में चल रहा है, तभी क्षेत्रों में होने से शत्रुओं को बल मिलेगा। सिंह राशि का पंचम चतुर्थ भाव में मंगल के घर का होकर अपने अंदर निर्णयता का भाव संचार करेगा, इसलिए आप निर्भयता से अपने कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। जीवन साथी के साथ मधुर संबंध रहेंगे।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लग जाए। अव्यवस्थिता में बिल्कुल भी न उलझें, आपको जो ज्ञान हो, उसे चाहिए, बेहिचक कह दें। यदि आपका धन कहीं फंस हुआ है तो आज के दिन मिल सकता है। वृद्धि के लिए रुपए निर्णय आपके लिए लाभप्रद रहेंगे।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज आपको अहसास छोटे भाई-बहनों के आचरण का भारी बनना पड़ेगा। अब आपने स्वभाव के प्रति संयत रहे, कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। मौलिक सुख सम्पन्ना पर खर्च अधिक होगा। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपके संबंध बनाने की चाहत रखेंगे।

LEO 23 July - 23 Aug
अपने अंदर परिपक्वता एवं ज्ञान पुण्य की भावना बढ़ने लगेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आध्यात्मिकता के बल पर किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। पुराने संबंध हाल धोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज काम शुरू हो जाएगा।

VIRGO 24 Aug - 23 Sep
भाग्य की वृद्धि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चल आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। सहयोग से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। मंडित का सहयोग मिलने की संभावना बनी रहेगी। उचित मन बनाए रखें, आप अपनी कार्यकुशलता से सभी और जिक्र, विभूति और सफलता प्राप्त करेंगे।

LIBRA 24 Sep - 23 Oct
यदि आप विद्यार्थी है तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। दिखा जो और आपकी रुचि बढ़ेगी। नए काम सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सरल सहित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा की वृद्धि में सहायक होगा। शाम को बोट व घोड़े का भय है, सावधान रहें।

SCORPIO 24 Oct - 21 Nov
आज आमदनी में ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपको मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने पैर तेज प्रति न से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम से रात तक दिया व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। पैर-सपाटे व मौज-मस्ती में समय व्यतीत होगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति सप्तमे भाव में मिथुन पर भ्रमण पर है। पिता वृद्धि-ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके जातिन प्रयासों से कुटुंब की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शाम को धार्मिक अनुष्ठान में समय व्यतीत होगा।

CAPRICORN 23 Dec - 20 Jan
आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। इसलिए तंत्र-मंत्र साधन में भी आपकी रुचि बढ़ सकती है। दिन भारी विजयी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। मित्रों का सहयोग बना रहेगा।

AQUARIUS 21 Jan - 18 Feb
आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास शाम प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी। भाग्य की वृद्धि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए आदों क्रिज में मिलेंगे।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको नेगिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पानी पास एवं पानी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में सुख एवं सुगमता करेंगे जिससे शाम के समय परेशानी हो सकती है। आपकी इच्छाएं उन्नति पाल रहा है। गुरु के प्रति निष्ठा रखें।

सुडोकू

8	6	1		3				
				1	6	3		2
					8			
9				4			2	1
		2				5		
1	7			5				8
			1					
6		5	3	2				
				7		2	9	3

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	14:30 हम पांच
10:00 बड्डू बुडबक	15:30 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लव्ली
11:30 आलादीन	18:30 रुद्र के रक्षक
12:00 पंढरपुरी अंजेय कृष्णा	21:00 पीरियड
13:00 भ से भटे	

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष के स्वामी सूर्य और शुक्र बने हैं। वर्ष का राजा पद से प्रवेश हुआ है। फरवरी महीने के शेष दिनों से लेकर मार्च तक आय के नए स्रोत सामने आएंगे। इस दौरान आपका विरोधी पक्ष पराजित होगा। अपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। नया परिवार मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष होगा। अप्रैल से लेकर मई तक व्यापार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। व्यावसायिक तथा सामाजिक प्रतिद्वंदियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। जून-जुलाई में सामान्य व्यक्ति अपकी प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आएगा। अगस्त से लेकर सितंबर में पास व दूर की सार्थक तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है। जिस स्थानों पर भ्रमण की इच्छा है और नहीं जा पाए हैं, उन स्थानों का भ्रमण करेंगे तो लाभदाय सिद्ध होगा। इससे आपके लिए नए मार्ग खुलेंगे। अक्टूबर से नवंबर तक अत्यधिक सक्रियता से आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए अधिक परिश्रम करने से बचें। दिसंबर से जनवरी 2027 में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। विशेष अच्छे परिणाम के लिए पाच पीले फूल व दो केले प्रातः स्नान के उपरांत केले के पेड़ की जड़ में रख दें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बुधवार, 4 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 15, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण तृतीया, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 22, सावन 15, हिजरी 1447 (मुस्लिम) वर्ष अनुसार अंग्रेजी तारीख 4 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से। बजकर 30 मिनट तक। तृतीया तिथि अंग्रेजीवेला 12 बजकर 10 मिनट तक के बाद चतुर्थी तिथि का आरंभ। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 13 मिनट तक के बाद उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का आरंभ। अतिवद योग अंग्रेजीवेला 1 बजकर 5 मिनट तक के बाद सुकर्मा योग का आरंभ। वणिज करण मध्याह्न 12 बजकर 26 मिनट तक के बाद बव करण का आरंभ। घटना अगले दिन तड़के 4 बजकर 20 मिनट तक सिंह के बाद कन्या राशि पर संचार करेगा।

खेल सामान देश में बने, बजट से 500 करोड़ अलॉट

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केंद्रीय बजट 2026-27 में खेल-कूद के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने के लिए 'खेलो इंडिया मिशन' शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया बताते हैं कि

केंद्रीय खेल मंत्री ने बताया, स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चर्स के लिए नई योजना आएगी

स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चर्स के लिए एक बड़ी योजना लाई जाएगी।

यह एक ऐसी पॉलिसी होगी, जिसमें देश में ही खेल का ज्यादातर सामान बनाया जा सकेगा। केंद्रीय बजट में पहली बार 500 करोड़ रुपये का आवंटन दिया गया है। अभी करीब 85 फीसदी खेल सामान को इंपोर्ट करना पड़ता है और खेलो इंडिया मिशन के तहत लाए जाने वाली पॉलिसी में ज्यादातर स्पोर्ट्स गुड्स को देश में ही बनाने का लक्ष्य रखा जाएगा। इसके साथ ही ट्रेनिंग और कॉम्पिटिशन के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए मैपिंग कर ली गई है और अप्रैल तक पॉलिसी को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा में फॉर्म्युला वन रेस ट्रेक की तैयारी

ग्रेटर नोएडा के फॉर्म्युला वन रेस ट्रैक को शुरू करने को लेकर भी खेल मंत्रालय गंभीर है। खेल मंत्री का मे मानना है कि ट्रैक शुरू करने को लेकर जो भी समस्याएं हैं, उनके समाधान के लिए काम किया जाएगा और इसकी शुरुआत मे हो गई है।

J&K में पाक बॉर्डर तक रेल सेवा की तैयारी: मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर में कटरा से श्रीनगर तक रेल कनेक्टिविटी देने के बाद अब रेलवे बारामूला से पाकिस्तान बॉर्डर के पास उरी तक रेल सर्विस देने की तैयारी कर रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को आम बजट के बारे में डिटेल जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है।

वैष्णव ने बताया, बजट में रेलवे को रेकॉर्ड 2.78 लाख करोड़ रुपये का बजट मिला है। इसमें बुलेट ट्रेन चलाने के लिए सात नए हाई स्पीड कॉरिडोर की घोषणा की गई है। इन सात नए कॉरिडोर में करीब चार हजार किलोमीटर तक की दूरी वाले दिल्ली-वाराणसी, मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु और वाराणसी-सिलीगुड़ी कॉरिडोर होंगे।

FILE

तीसरे चरण में तीन हजार किलोमीटर दूरी के लिए बुलेट ट्रेन चलाने के लिए कॉरिडोर का ऐलान किया जाएगा।

इस बजट में दिल्ली को 2711 करोड़ रुपये मिले हैं। यहां पहली बुलेट ट्रेन के रूप में दिल्ली से बनारस हाई स्पीड कॉरिडोर बनाया जाएगा। यमुना ब्रिज पर बने नए रेल ब्रिज के बारे में उन्होंने बताया कि जल्द ही इससे ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएंगी। देश की पहली हाई-स्पीड ट्रेन के बारे में भी रेल मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसकी कंप्लीट टेस्टिंग पूरी होने वाली है।

पूर्व आर्मी चीफ की अप्रकाशित किताब में है क्या?

राहुल ने लोकसभा में जिस किताब का जिक्र किया, वह दो साल पहले होनी थी रिलीज

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की जिस अप्रकाशित किताब का जिक्र होने पर सोमवार को लोकसभा में हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी, वह किताब दो साल पहले प्रकाशित होनी थी। दिसंबर 2023 में रेमुंहाल ने जनरल नरवणे की लिखी किताब- 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का ऐलान किया था। ये जनरल नरवणे की ऑटोबायोग्राफी थी। साथ ही इसका प्री-ऑर्डर भी लिया जाने लगा था। किताब जनवरी 2024 में आनी थी। लेकिन इससे पहले इसके कुछ अंश मीडिया में सामने आ गए। किताब की रिलीज से कुछ वक्त पहले मीडिया में किताब के जो अंश सामने आए उसके मुताबिक, जनरल नरवणे ने 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में ऑपरेशन मेघदूत का जिक्र किया है जब एक तरफ से हैरान करने वाली थी और एयरफोर्स और नेवी के लिए ये तो झटके की तरह आई थी। किताब में लिखा गया कि ऑपरेशन के अलग-अलग मौदान पर चर्चा हुई थी और सेना की शुरुआती दलील यह थी कि भर्ती किए जाने वाले जवानों में से 75% को सर्विस में बनाए रखा जाए।

मैगजीन ने किताब में लिखी बातें छापी तो हंगामा: पिछले दिनों Caravan मैगजीन में इस अप्रकाशित किताब में लिखी बातों का जिक्र करते हुए एक टिटिल लेख छापा गया। उसमें लिखा कि भारतीय सेना की नॉर्थ कमान के तत्कालीन आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल वेगेश जोशी को 31 अगस्त 2020 को एक फोन कॉल आया। चार चीनी टैंक, पैदल सैनिकों के साथ पूर्वी लद्दाख चीन के रेचिन ला की ओर ऊपर बढ़ रहे थे। जनरल नरवणे ने देश के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व को लगातार फोन करना शुरू किया। ये सबसे बस यही पूछ रहे थे कि मेरे लिए क्या ऑर्डर है। उनके वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कोई साफ निर्देश नहीं मिला। चीनी टैंक रुके नहीं थे। वे चोटी से सिर्फ 500 मीटर की दूरी पर रह गए थे। नरवणे ने लिखा है कि मेरी स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी थी। इसके मुताबिक रात 10:30 बजे रक्षा मंत्री का फोन आया। टीम लीडरशिप से निर्देश सिर्फ एक फॉक्स का था- 'जो उचित समझो, वो करो।' अगस्त 2020 में न तो चीनी चलने की कोई अनुमति दी गई थी और न ही उस पर कोई स्पष्ट रोक थी।

पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे। किताब की पर झलक जारी हुई थी।

किताब को अब तक छपने की मंजूरी क्यों नही

पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की ऑटोबायोग्राफी 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' क्या रिलीज होगी या नहीं? जब से 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की रिलीज रुकी तबसे ही यह सवाल बार बार पूछा जा रहा है कि क्यों यह रुकी और कब पब्लिश होगी। पिछले साल अक्टूबर में खुशवंत सिंह लिट फेस्ट में जब एक मेस्ट की तरफ से जनरल नरवणे से ये पूछा गया कि आपकी किताब अभी तक क्लियर क्यों नहीं हुई और पब्लिश क्यों नहीं हुई जो जनरल नरवणे ने हसते हुए जवाब दिया कि मैं भी ये जानना चाहता हूं। ये पब्लिशर का काम है कि वे रक्षा मंत्रालय से फार्मिशन ले। ये अभी अंदर रिव्यू है। नरवणे ने कई और मौकों पर भी ये कहा था कि उनकी ऑटोबायोग्राफी रिव्यू के लिए रक्षा मंत्रालय के पास है। लेकिन क्या रक्षा मंत्रालय इसका रिव्यू कर रहा है और इसकी क्या प्रक्रिया होती है? इसका मंत्रालय की तरफ से कोई स्पष्ट जवाब नही दिया गया। न ही भारतीय सेना ने इसका जवाब दिया। वैसे एक अधिकारी ने बताया कि हर सरकारी कर्मचारी जिसमें सशस्त्र सेनाओं के लोग भी शामिल होते है, वे ऑफिशियल सीक्रेट ऐक्ट से बंधे होते है।

मंत्री बोले- काल्पनिक बाते कर रहे है राहुल

सदन में बिना छपी किताब की बातो को नही रखा जा सकता और नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए। -अमित शाह, गृह मंत्री

ये पूरी तरह काल्पनिक बातें है, नेता प्रतिपक्ष सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है, उन्हें इसपर बोले जाने से रोका जाए। -राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

आप (राहुल) देश को नीचा दिखाकर क्या कहना चाहते है। आप एक ऐसी बात कर रहे है जिसका सोर्स नही है। -किरन रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 02-03-2026 00:08 Color:

भारत मैच टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जो हालिया सीरीज खेली है, उसे देखकर साफ है कि वे कितना अच्छा कर रहे हैं। भारतीय टीम बेहद मजबूत है। उनके पास जितनी प्रतिभा है, वह वाकई हैरान करने वाली है। – *साइरा टेलर, पूर्व क्रिकेटर, इंग्लैंड विमिंस टीम*

1292

रन बनाए हैं विराट कोहली ने ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले प्लेयर हैं। रोहित शर्मा (1220) दूसरे स्थान पर हैं

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन किस खिलाड़ी ने बनाए हैं?
A) रोहित शर्मा B) विराट कोहली C) क्रिस गेल D) जोस बटलर
2. सोफी डिवाइन ने WPL 2026 में कितने विकेट लिए हैं?
A) 18 B) 19 C) 17 D) 20

कल के जवाब
1. B) सात 2. D) मलयेशिया

लकी WINNER

1. कृतिका, हरि नगर, दिल्ली
2. आरिष प्रजापति, पावई, मुंबई
3. बीके वर्मा, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

मुंई मे होगा आखिरी मौका

■ तिरुवनंतपुरम: राची मे 22 से 25 मई तक होने वाली सीनियर नेशनल फेडरेशन टूर्नामेंट 23 जुलाई से शुरू होने वाले ग्लासवी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए देश के ट्रैक ऐंड फील्ड ऐथलीटों के सिलेक्शन की आखिरी प्रतियोगिता होगी। भारतीय ऐथलेटिक्स महासघ ने सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए ट्रैक ऐंड फील्ड की क्वॉलिफिकेशन मानकों की घोषणा की।

शार्दुल,यशस्वी की वापसी

■ मुबई: कप्तान शार्दुल ठाकुर और ओपनर यशस्वी जायसवाल को छह फरवरी से यहा कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रोफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुबई की टीम मे शामिल किया गया। मैच छह से 10 फरवरी तक यहा एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा।

फुटबॉल मे भारत की हार

■ पोखरा: भारतीय अडर-17 विमिस टीम को सैफ अडर-19 विमिस चैंपियनशिप मे बागलादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम अधिक आयु वर्ग के इस टूर्नामेंट मे हिस्सा ले रही है, जिससे कि एएफसी अडर-17 एशिया कप की तैयारी कर सके। हालाकि, इस हार से उनकी तैयारियो को झटका

इंग्लैंड ने जीती सीरीज

■ पल्लेकेले: टॉम बेंटोन के 33 गेद मे 54* रन की मदद से इग्लैंड ने श्रीलका के खिलाफ वर्चस्वशाली दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस मेथड के आधार पर छह विकेट से जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। इग्लैंड के पास तीन मैचो की सीरीज मे 2-0 की विजयी बढ़त हो गई है। बेटोन 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए।

भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होने से सभी स्टेकहोल्डर्स को होगा भारी नुकसान

दांव पर लगे हैं ₹22 हज़ार करोड़

AI IMAGE

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप मैच नहीं खेलने के पाकिस्तान सरकार के फैसले के बाद ICC द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) पर संभावित बैन लगाए जाने की अटकलें तेज हैं। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) इस 'महामुकाबले' के नहीं होने से संभावित राजस्व नुकसान को देखते हुए बैन लगाने का कड़ा कदम उठा सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मुकाबला अनुमान के मुताबिक करीब 25 करोड़ डॉलर (2200 करोड़ भारतीय रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा करता है। ऐसे में आगामी टी20 वर्ल्ड कप में इस अहम मुकाबले के नहीं होने से सभी स्टेकहोल्डर्स (हितधारकों) को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

ब्रॉडकास्टर को बड़ा नुकसान: दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण रिश्तो के चलते भारत और पाकिस्तान केवल छह-टीम टूर्नामेंटो मे ही आमने-सामने होते हैं, लेकिन इस मुकाबले को लेकर रोमांच इतना जबरदस्त होता है कि ICC हर वैश्विक आयोजन मे दोनों टीमों को एक ही ग्रुप मे रखता है। पाकिस्तान अगर अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे करोड़ो डॉलर के राजस्व नुकसान का जोखिम उठाना पड़ेगा। मैच नहीं होने की स्थिति में ICC के खजाने और भारतीय मीडिया अधिकारधारक त्रिपोटेंशियल को भी भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। त्रिपोटेंशियल पहले से ही विश्व क्रिकेट संस्था के साथ अपने तीन अरब डॉलर के करार पर फिर से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है। ब्रॉडकास्टर को इस बड़े मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक के विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो सकता है।

PCB की सालाना आय काफी कम: वॉकओवर की स्थिति में भारत को पूरे अंक मिल जाएंगे, लेकिन ICC के पास PCB पर वित्तीय जुर्माना लगाने का अधिकार बरकरार रहेगा। ICC और PCB के पूर्व कॉम्युनिकेशन हेड समी-उल-हसन बर्नी ने इस मुकाबले की आर्थिक गंभीरता का जिक्र करते हुए कहा, "यहां तक बैन या नुकसान की बात है, जैसा कि मैंने कहा, एक मैच की लागत 25 करोड़ डॉलर है (इसमें केवल प्रसारक का नुकसान नहीं, बल्कि सभी पहलू शामिल हैं)। PCB की सालाना आय 3.55 करोड़ डॉलर है, इसलिए अंतर बहुत, बहुत बड़ा है।' पाकिस्तान सरकार की घोषणा के बाद ICC के बयान की भाषा और स्वर ने भी इस मुकाबले के निर्विवाद महत्व को रेखांकित किया।

> ICC ने इस मामले पर बड़ा बयान दे दिया है। इसमें खेल भावना की अहमियत को बताया गया है। हम ICC से सहमत हैं। जब तक ICC से बात नहीं हो जाती, BCCI कोई बयान नहीं देगा। – *राजीव शुक्ला, वाइस प्रेसिडेंट, BCCI*

पाकिस्तान टीम कोलंबो में

कराची: इस पूरे घटनाक्रम के बीच पाकिस्तान टीम सात फरवरी से शुरू हो रहे इस बड़े टूर्नामेंट मे अपने अन्य मुकाबले खेलने के लिए कोलंबो रवाना हो गई। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली अघा ने रवाना होने से पहले कहा कि खिलाड़ी सरकार या क्रिकेट बोर्ड के किसी भी निर्देश का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम को यह फैसला रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के तुरत बाद टीम मैनेजर द्वारा बता दिया गया था। उन्होंने कहा, 'हम बोर्ड के साथ अनुबंधित खिलाड़ी हैं और सरकार तथा बोर्ड ने जो भी फैसला लिया है सभी खिलाड़ी उसके साथ हैं।'

3.55 करोड़ डॉलर है पाक क्रिकेट बोर्ड की सालाना आय

25 करोड़ का राजस्व पैदा करते हैं भारत-पाकिस्तान मैच

40 लाख रुपये तक लेता है ब्रॉडकास्टर प्रति 10 सेकंड के विज्ञापन के लिए भारत-पाक मैच के दौरान

*नोट: सभी आकड़े अनुमान में

सिर्फ मेंस टीम पर लगी है रोक!

मेंस टी20 वर्ल्ड कप में जिस दिन भारत और पाकिस्तान का ग्रुप मैच निर्धारित था उसी 15 फरवरी को दोनों देशों की विमिंस-ए टीमों के बीच भी मुकाबला होना है। पाकिस्तान की सरकार ने मेंस टीम को भारत के खिलाफ खेलने से मना कर दिया है, लेकिन फिलहाल विमिंस टीम को उन्होंने ऐसा कोई निर्देश नहीं जारी किया है। भारत और पाकिस्तान की विमिंस टीम बैंकॉक में होने वाले विमिंस राइजिंग स्टार्स एशिया कप मे भिड़ने वाली है। PCB ने विमिंस-ए टीम की घोषणा सोते को ही की यानी उसी दिन जिस दिन बहिष्कार का ऐलान किया।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

तिलक ने खत्म की फिटनेस की चिंता

Social Media

वर्ल्ड कप अपडेट

38 रन बनाए तिलक ने वापसी पर

3 फोर और दो सिक्स शामिल थे उनकी पारी में

अमेरिका के खिलाफ वॉर्म अप मैच में इंडिया-ए के लिए खेलने उतरे तिलक वर्मा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: तिलक वर्मा ने सात फरवरी से भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले फिटनेस से जुड़ी सभी चिंताओं को दूर कर दिया। वह अमेरिका के खिलाफ वॉर्म अप मैच में इंडिया-ए के लिए खेलने उतरे, जहां उन्होंने 24 गेंद का सामना किया और तेजतर्रार 38 रन बनाए। नवी मुंबई में खेली गई उनकी पारी में 3 फोर और दो सिक्स भी शामिल थे। 23 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जनवरी 2026 में पेट के नीचले हिस्से की समस्या के लिए सर्जरी कराने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज में हिस्सा नहीं लिया था। भारतीय मैनेजमेंट टूर्नामेंट में भारत के नंबर 3 बल्लेबाज की मागौदारी को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता था, इसलिए कीवी टीम के खिलाफ सीरीज में उन्हें मौका नहीं दिया गया। तिलक अमेरिका के खिलाफ अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन उनकी पारी पर शुरुआत में ब्रेक लगाया।

जगदीशन ने लगाया शतक: मैच में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए तीन विकेट पर 238 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। युवा ओपनर प्रियांश आर्य ने 13 बॉल पर तेज 28 रन की पारी खेली। हालांकि, टीम के हीरो नारायण जगदीशन रहे, जिन्होंने ओपनिंग करते हुए शानदार शतक जमाया। जगदीशन ने 55 बॉल का सामना किया और 11 फोर व 5 सिक्स की मदद से 104 रन ठोक दिए। उन्होंने तिलक के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी भी की। इंडिया-ए के कप्तान अयुष बडोनी ने भी अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने 26 बॉल पर 60 रन जमाए। उनकी 230.76 स्ट्राइक रेट की पारी में 7 फोर और 4 सिक्स शामिल रहे। नवाब में अमेरिका ने भी शानदार लड़ाई लड़ी, हालांकि वह 38 रन से मुकाबला हार गए। टीम 19.4 ओवर में 200 रन पर आउट हो गई। रवि बिश्नोई ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका से चार को मिड्रत: वर्ल्ड कप से पूर्व सभी टीमें अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए वॉर्म अप मैच का इस्तेमाल करेंगी। भारत को मुख्य टूर्नामेंट से पहले कुल तीन वॉर्म अप मैच खेलने हैं। अमेरिका के खिलाफ सोमवार को इंडिया-ए उतरी थी। जबकि चार फरवरी को होने वाले वॉर्म अप मैच में वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाला भारतीय दल उतरेगा। यह मैच जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसके अलावा नामीबिया के खिलाफ भी भारत को एक वॉर्म अप मैच खेलना है, इसमें भी इंडिया-ए की टीम उतरेगी।

शुरुआती मैचों में नहीं खेलेंगे हेजलवुड

सिडनी: ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड घोट से उबरने के बावजूद टी20 वर्ल्ड कप के शुरुआती चरण में टीम के साथ श्रीलका नहीं जाएंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी होडेमेड ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हेजलवुड शुरुआती दौर के दौरान सिडनी में ही रिहैब जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम को ग्रुप चरण के अपने पहले चार मुकाबले श्रीलका मे खेलने है, जिसकी शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ होगी। नाथन हिल्स, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलबो पहुच चुके है और मगलवार को टीम से जुड़ जाएंगे। हेजलवुड की गैरमौजूदगी में शॉन एबॉट को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम मे शामिल किया गया है।

फाइनल में जगह के लिए दिल्ली-गुजरात में भिड़ंत

■ एजेंसियां, वडोदरा: विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के एलिमिनेटर मे मगलवार को लगातार तीन बार उपविजेता रही दिल्ली कैपिटल्स का सामना पहली बार प्लेऑफ में पहुंचे गुजरात जायंट्स से होगा। दिल्ली की कोशिश रिकॉर्ड चौथी बार फाइनल में जगह बनाने की होगी, जबकि गुजरात इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी।

नंदिनी, चरणी ने किया प्रभावित: मौजूदा सीजन मे दिल्ली का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमे चार जीत और चार हार शामिल हैं। गेंदबाजी में नंदिनी शर्मा (14 विकेट) और श्री चरणी (14 विकेट) ने टीम को मजबूती दी है। बल्लेबाजी में लोरा वोल्वार्ट (241 रन) और लिजेले ली (240 रन) शीर्ष क्रम की रीढ़ रही हैं। दूसरी ओर, गुजरात जायंट्स जीत की हैट्रिक के साथ आत्मविश्वास से लबरेज है। गत चैंपियन मुंबई इंडियंस पर 11 रन की जीत ने टीम को नॉकआउट में पहुंचाया। सोफी डिवाइन (17 विकेट, 237 रन) गुजरात की सबसे बड़ी ताकत है। एलिमिनेटर का विजेता पांच फरवरी को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगा।

दिल्ली कैपिटल्स Vs गुजरात जायंट्स
विमिंस प्रीमियर लीग, एलिमिनेटर मैच

Social Media

गुजरात जायंट्स की सोफी डिवाइन

3 तीन फाइनल खेले है WPL के दिल्ली कैपिटल्स ने। वह इस टूर्नामेंट के हर सीजन का फाइनल खेलने वाली इकलौती टीम है

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

टी20 वर्ल्ड कप का होगा सीधा प्रसारण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का सीधा प्रसारण एफएम रेडियो नेटवर्क रेडियो मिर्ची पर भी होगा। मिर्ची को ICC मेंस T20 वर्ल्ड कप 2026 के अधिकारिक 'लाइव स्कोर अपडेट' के लिए रेडियो पार्टनर नियुक्त किया गया है। यह टूर्नामेंट अगले 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलका के कई शहरो मे खेला जाएगा। मैच के दौरान मिर्ची के जाने-माने RJs स्टेडियम में मौजूद रहेंगे और वहां से ऑन-ग्राउंड ऐक्शन को श्रोताओ तक पहुचाएंगे। मैच के दिनो मे खडंड से एक्सक्लूसिव कमेंट, पिच रिपोर्ट और आंखों देखा हाल सुनाया जाएगा। इस साझेदारी के अधिकार चैनल-2 ग्रुप कॉरपोरेशन द्वारा प्रदान किए गए हैं, जो इस टूर्नामेंट के आधिकारिक ऑडियो और डिजिटल ऑडियो अधिकार धारक है। इससे एंटरटेनमेंट नेटवर्क इंडिया लिमिटेड (ENIL) अपने एफएम स्टेशनों, वेब ऐप और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रामाणिक और रियल-टाइम वर्ल्ड कप अपडेट दे पाएगा।

आज से खिताब की रक्षा करने उतरेगी विमिंस टीम

■ एजेंसियां, किगताओ (चीन): पीठी सिंधु के बिना कमजोर पड़ी भारतीय विमिंस टीम को मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। दूसरी तरफ मेंस टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी। भारत ने पिछले सीजन में मलयेशिया में अपना पहला विमिंस टीम गोल्ड जीतकर इतिहास रचा था।

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप



FILE

तन्वी पर बड़ी जिम्मेदारी

युवाओ पर होगी जिम्मेदारी: सिंधु की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 से गुवाहटी में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल और अमेरिकी ओपन सुपर-300 में फाइनल तक पहुंचकर विमिंस सिंगल्स में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं। सिंगल्स में जिम्मेदारी अश्व उन्नति हुड्डा, मालविका बनसोड और रक्षिता श्री संजीव रामनाथ पर भी होगीभारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को म्यांमार के खिलाफ करेगा जबकि इसके बाद थाईलैंड से भिड़ेगा। वहीं भारतीय मेंस टीम बुधवार को सिंगापुर के खिलाफ मैच खेलेगी।

नोदिर्बेक ने जीता खिताब, भारतीयों ने गंवाई रेटिंग

■ एजेंसियां, विज्क आन जी: उज्बेकिस्तान के नोदिर्बेक अब्दुसतोरोव ने अंतिम दौर मे खराब फॉर्म से जूझ रहे अर्जुन एरिगैसी को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। तेरह दौर की इस प्रतियोगिता में अब्दुसतोरोव ने नौ अंक जुटाए। उनके हमवतन और वर्ल्ड कप विजेता जावोखिर सिंडारोव अयुष अंक पीछे रहते हुए दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय मे वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश 6.5 अंक के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर रहकर शीर्ष पर रहे। अंतिम राउंड में उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर से ड्रॉ खेला। हालांकि, कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा और उनकी रेटिंग 2750 से नीचे चली गई। अरा प्रग्नानंद ने जेरॉन वान फोरेस्ट से ड्रॉ खेलकर 5.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट समाप्त किया। एरिगैसी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, 29 रेटिंग अंक गंवाकर वह टॉप-10 से बाहर हो गए।

टाटा मास्टर्स चेस टूर्नामेंट

SOCIAL MEDIA

नोदिर्बेक अब्दुसतोरोव

दिल्ली में बेस्ट शूटर होंगे आमने-सामने

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: इंटरनैशनल शूटिंग का प्रतिष्ठित डी. कर्णी सिंह रेंज एक बार फिर एशियन शूटिंग की चुनौती का गवाह बनेगा, जहां भारत 4 से 13 फरवरी तक एशियन राइफल और पिस्टल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस शीर्ष महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए विभिन्न देशों के दल भारत पहुंच चुके हैं। प्रतियोगिता में भारत सहित 20 देशों के कुल 311 शूटर भाग लेंगे, जबकि 30 मेडल दांव पर होंगे। इसके साथ युवा वर्ग की स्पर्धाएं भी आयोजित की जाएंगी।

भारत का दल सबसे बड़ा: मेजबान भारत ने 118 निशानेबाजों के साथ सबसे बड़ा दल उतारा है। भारतीय दल में ओलिंपियन अर्जुन बबुता, मनु भाकर और एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर जैसे शूटर्स शामिल हैं। कजाखस्तान, साउथ कोरिया, ईरान और जापान ने भी मजबूत टीमें भेजी हैं। वहीं चीनी ताइपे, वियतनाम और हांग कॉग के शूटर्स से भी चुनौती मिलने की उम्मीद है।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

FILE

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर

अनाहत को पहला ब्रॉन्ज लेवल खिताब

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: भारत की युवा स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने टॉप सीड और दुनिया की 10वीं वरीय की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में PSA (प्रफेशनल स्क्वैश असोसिएशन) ब्रॉन्ज लेवल का खिताब जीता। वर्ल्ड रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 17 वर्ष की अनाहत ने स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीता जो उनके करियर के कुल 26 टूर्नामेंट्स में 15वीं खिताबी जीत है। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग्स बेहतर करना चाहती थी।'

इंटरनैशनल स्क्वैश टूर्नामेंट



Social Media

अनाहत सिंह

ग्रेटर नोएडा में F-1 रेस फिर से कराने की कोशिश होगी

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केंद्रीय बजट 2026-27 में खेलकूद के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने के लिए 'खेलो इंडिया मिशन' शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में किए गए प्रावधानों के मुताबिक खेल मंत्रालय ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही खेल मंत्रालय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े सुधारों की दिशा में भी काम करेगा। स्पोर्ट्स साइंस को तकनीक से जोड़ा जाएगा। ट्रेनिंग और कॉम्पिटिशन के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए मैपिंग कर ली गई है और अप्रैल तक पॉलिसी को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में F-1 (फॉर्मूला वन) रेस को फिर से शुरू करने को लेकर भी खेल मंत्रालय गंभीर है। एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हाल ही में रेसिंग ट्रैक का जायजा लिया था। मांडविया का मानना है कि ट्रैक शुरू करने को लेकर जो भी समस्याएं हैं, उनके समाधान के लिए काम किया जाएगा और इसकी शुरुआत भी हो गई है।

FILE

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया

स्पोर्ट्स गुरुस बनाने पर भी जोर: मांडविया ने कहा कि स्पोर्ट्स गुरुस मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक बड़ी योजना लाई जाएगी। यह एक ऐसी पॉलिसी होगी, जिसमे देश में ही खेल का ज्यादातर सामान बनाया जा सकेगा। केंद्रीय बजट में पहली बार 500 करोड़ रुपये का आवंटन दिया गया है।

THE ECONOMIC TIMES

2,000 के 98.42% नोट लौटे: RBI

■ पीटीआई, मुंबई: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सोमवार को बताया कि 2,000 रुपये के 98.42 फीसदी नोट वापस आ चुके हैं। 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने का ऐलान किया गया था। 19 मई, 2023 तक बाजार में कुल 3.56 लाख करोड़ के नोट मौजूद थे। 31 जनवरी, 2026 को यह आंकड़ा सिर्फ 5,609 करोड़ रुपये रह गया है।

LIC में फिर हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

■ पीटीआई, नई दिल्ली : सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) में अपनी हिस्सेदारी और कम करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यह हिस्सेदारी एक पब्लिक ऑफर के जरिए बेची जा सकती है। फिलहाल, LIC में सरकार की 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। बाजार के हालात ठीक रहते हैं तो अगले वित्त वर्ष में LIC का FPO आ सकता है।

शेयर बाज़ार या सोना, कहां मौका?

चांदी 52 हजार, सोना 12 हजार टूटा, स्टॉक मार्केट में तेज़ी

AI image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वैश्विक बाजारों में मंदी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती की वजह से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी की कीमत 52,000 रुपये टूटकर 2.60 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं, सोना भी गिरकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, सेंसेक्स 943.52 अंक (1.17%) बढ़कर 81,666.46 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 262.95 अंक (1.06%) चढ़कर 25,085.40 पर बंद हुआ। ऐसे में निवेशकों के मन मे सवाल उठ रहे हैं कि ये अब क्या करें?

कितनी गिरावट? : इंडिया बुलियन एसोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमतों में 52,000 रुपये (करीब 17 फीसदी) की बड़ी गिरावट आई। अब इसके दाम 2,60,000 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। पिछले तीन दिनों में चांदी की कीमतें करीब 36 फीसदी तक गिर चुकी हैं। वहीं, सोने के दाम 12,800 रुपये (7.73 फीसदी) गिरकर 1,52,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स के साथ) पर आ गए। पिछले तीन दिनों के दौरान सोना अपनी रेकॉर्ड ऊंचाई से 30,300 रुपये (17%) टूट चुका है। आम मे घी डालने का काम सीएमई (CME) मार्जिन मे होने वाली बढ़ोतरी ने किया। एक्सचेंज के मुताबिक, सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 5% और चांदी पर 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। इससे उन ट्रेडर्स को अपने सौदे मजबूती में काटने पड़े।

गिरावट मे मौका है? : वैल्यूकंसेट इनवेस्टमेंट के सीओओ रवि धर्मशी का कहना है कि सोने-चांदी में यह गिरावट लंबे अवधि के निवेशक के लिए एक अवसर है। सीमको सिक्योरिटीज के अपूर्व सेठ का कहना है कि सोने में लंबे समय का ट्रेंड अब भी मजबूत है। हालिया गिरावट को एक बड़े सुधार के बजाय बढ़त के बीच एक छोटा ब्रेक माना जाना चाहिए।

एक्सपर्ट ने चेताया: ICICI Prudential के CIO एस नरेन का कहना है कि वैल्यूएशन के लिहाज से लार्ज-कैप बेहतर स्थिति में हैं। मिड-कैप महंगे लग रहे हैं, जबकि स्मॉल-कैप में अब पहले जैसा उत्साहजनक नहीं बचा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भारतीय बाजार पर वैश्विक उतार-चढ़ाव का असर पड़ेगा और सोने-चांदी में बड़ा निवेश करने में सावधानी बरतनी चाहिए। निवेशक फाइनेंशियल सर्विसेज के सीनियर इनवेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट श्रीराम बी. के. आर. ने निवेशकों को चेतावनी दी है कि वे बाजार की हलचल देखें या गिरावट को देखकर बिना सोचे-समझे पैसा न लगाएं।

लंबी अवधि में कौन बेहतर?

ET के मुताबिक, हालांकि पिछले एक साल मे सिल्वर ईटीएफ ने 130% और गोल्ड ईटीएफ ने 68% का रिटर्न दिया है, जबकि सेंसेक्स ने 6% की बढ़त दिखाई है। लेकिन, लंबे समय की तस्वीर अलग है। पिछले पांच सालो मे गोल्ड ईटीएफ ने करीब 21% की सालाना दर से बढ़त दिखाई है। यह रमॉल-कैप और मिड-कैप फंड (28-29%) से कम है।

PFC और REC के मर्जर की तैयारी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सरकार बिजली क्षेत्र को कर्ज देने वाली सरकारी कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (PFC) और उसकी सहायक कंपनी REC Ltd के मर्जर पर विचार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि यह कदम कंपनियों के रीस्ट्रक्चरिंग की कोशिशों का हिस्सा है। इस पर आखिरी फैसला सरकार के उचित स्तर पर लिया जाएगा।

स्मार्टफोन बाजार: APPLE की हिस्सेदारी 28%

■ पीटीआई, नई दिल्ली : टेक कंपनी Apple ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में होने वाली कुल कमाई की हिस्सेदारी के मामले में 28 फीसदी का अपना अब तक का सबसे बड़ा रेकॉर्ड बनाया है। Counterpoint Research के मुताबिक, इसकी मुख्य वजह यह है कि भारतीय ग्राहक अब सस्ते फोन के बजाय महंगे और हाई-एंड मॉडल्स को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में आया सुधार, बढ़ीं नौकरियां : रिपोर्ट

■ पीटीआई, नई दिल्ली

AI image

भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी के दौरान थोड़ा सुधार देखने को मिला है। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वे के मुताबिक, नए ऑर्डरों में तेजी आने की वजह से यह रिकवरी हुई है। हालांकि, कंपनियों का भरोसा (बिजनेस कॉन्फिडेंस) पिछले साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। HSBC इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (PMI) दिसंबर में 55 पर था। पिछले दो साल का यह सबसे निचला स्तर था। जनवरी में यह मामूली बढ़कर 55.4 पर पहुंच गया है।

पीएमआई की भाषा में, अगर स्कोर 50 से ऊपर रहता है तो इसका मतलब है कि सेक्टर मे सुधार या विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम का स्कोर गिरावट का संकेत देता है। HSBC की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, जनवरी में भारतीय मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में फिर से जान लौटी है। इसकी मुख्य वजह नए ऑर्डर, प्रोडक्शन और नौकरियों में बढ़ोतरी रही। कच्चे माल की लागत (इनपुट कॉस्ट) भी थोड़ी बढ़ती हुई है। वहीं, फैक्ट्री से निकलने वाले माल की कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी रही। इससे मैन्युफैक्चरर्स के मुनाफे (मार्जिन) पर थोड़ा दबाव पड़ा है। कंपनियों ने बताया कि बाजार में मांग बढ़ने, नए बिजनेस मिलने और टेक्नोलॉजी में निवेश करने की वजह से प्रोडक्शन को सहारा मिला है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 02-03-2026 00:16 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब भारत में चली पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

आज ही के दिन 1925 में मुंबई से कुर्ला के बीच भारत में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली थी। इसने भाप के इंजनों की तुलना में तेज रफ्तार, और धुआंमुक्त रेल सफर की शुरुआत की। तकनीकी रूप से, इलेक्ट्रिक इंजनों के बेहतर एक्सेलेरेशन ने सफर का समय घटाया और पहाड़ी रास्तों पर भारी माल की ढुलाई आसान बनाई। आर्थिक रूप से, कोयले पर निर्भरता कम हुई और परिचालन लागत में सुधार हुआ।

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक रात्रि प्रसारित)।

NBT

Front Page-2

मंगलवार, 3 फरवरी 2026 > पेज 12

हाइपरलूप से मिनटों में तय होगा सफर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत की ट्रेनें तेज, स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल होंगी। हाइपरलूप जैसी तकनीक से मिनटों में लंबी दूरी तय होगी। AI से नियंत्रित ट्रेनें बिना ड्राइवर के चलेंगी। सेंसर और हाइड्रोजन ऊर्जा से प्रदूषण खत्म होगा। सुरक्षा, स्वस्थ्य सुविधा और डिजिटल टिकटिंग आम होंगी। हर ट्रेन में मिनी अस्पताल, इमरजेंसी ज़ोन और रियल-टाइम निगरानी होगी। दुर्घटनाओं की संभावना लगभग जीरो होगी। स्टेशन आधुनिक ट्रांजिट हब बनेंगे।

AI Images

फटाफट खबरें

इमरान खान की बहन के खिलाफ वॉरंट

■ आईएएनएस, इस्लामाबाद: रावलपिंडी के एक एटी-टेररिज्म कोर्ट (एटीसी) ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान के लिए नवंबर 2024 में नैशनल टाउन में हुए विरोध-प्रदर्शन के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है।

बलूचिस्तान में 22 और विद्रोही ढेर

■ भाषा, कराची/इस्लामाबाद: पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में कई जगहों पर समन्वित आतंकवादी हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने 22 और बलूच विद्रोहियों को मार गिराया। इसके साथ ही पिछले दो दिनों में मारे गए विद्रोहियों की संख्या 177 हो गई है। सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

गर्भनिरोधक गोलियों पर तालिबान की रोक

■ भाषा, काबुल: अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इसके चलते महिलाओं को गर्भधारण या मासिकचक्र का इलाज नहीं मिल पा रहा। बदगीस प्रांत की एक निजी क्लीनिक में चेतावनी देते हुए सभी दवाएं नष्ट कर दी गईं।

यूपी समेत नौ राज्यों में 35 जगह CBI छापे

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: ट्रासनेशनल साइबर-इनेबल्ड फाइनेंशल क्राइम नेटवर्क को तोड़ने के लिए नई दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में कुल 35 ठिकानों पर छापेमारी की। इन छापेमारियों में कई ट्रासनेशनल साइबर फ्रॉड नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ, जो अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत के लोगों को ऑनलाइन ठग रहे थे।

जिस वजह से अहमदाबाद क्रैश, वही समस्या फिर ड्रीमलाइनर में

इंजन का फ्यूल कंट्रोल स्विच हुआ बंद

Maneesh Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया की एक और फ्लाइट में फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद होने की ठीक वैसी ही गंभीर परेशानी सामने आई जैसा पिछले साल अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुई एयर इंडिया की फ्लाइट में आई थी। दोनों बोइंग के प्लेन थे।

ताजा मामला 2 फरवरी का है। लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-132 के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का लेफ्ट फ्यूल कंट्रोल स्विच ऑन मोड से अचानक ऑफ मोड में चला गया। बताया जाता है कि ऐसा एक बार नहीं बल्कि दो बार हुआ। गनीमत रही कि कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। सभी यात्री सकुशल लैंड कर गए।

अचानक दो बार ऑफ हो गया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का फ्यूल स्विच

एयर इंडिया की तरफ से इस गंभीर मामले में बताया गया है कि हमारे एक पायलट ने बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की रिपोर्ट दी है। इसके बाद हमने उक्त विमान की उड़ानें रोक दी है यानी उसे ग्राउंड कर दिया गया है। मामले की जानकारी DGCA को दे दी गई है।

पिछले साल जून में एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया था।

पैसेंजरों की जान दांव पर

बड़ा सवाल

180

से अधिक यात्रियों और क्रू की जिंदगी को दांव पर लगाते हुए फ्लाइट को लंदन से बेंगलुरु क्यों लेकर आए?

मामले में बताया गया है कि पायलट ने फ्लाइट के लैंड करने के बाद फ्यूल स्विच बंद होने के बारे में जानकारी दी थी। सूत्रों का कहना है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि पायलट को यह समस्या लंदन में ही टेकऑफ करते वक्त सामने आई हो या फिर उड़ान के दौरान। अगर ऐसा है तो इन दोनों ही स्थिति में पायलट 180 से अधिक यात्री और क्रू की जिंदगी को दांव पर लगाते हुए फ्लाइट को लंदन से बेंगलुरु क्यों लेकर आए? यह भी जांच का विषय है।

एक्सपर्ट्स ने उठाए कई गंभीर सवाल

सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन के संस्थापक कैप्टन अमित सिंह ने कहा है कि इस गंभीर खराबी के सामने आने से कई अहम सवाल उठते हैं। क्या जांच पूरी तरह से की गई थी? क्या यह कोई नई और बार-बार होने वाली खराबी है? फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट (FIP) के अध्यक्ष सौरभ रधावा का कहना है कि B-787-800 विमानों के मुख्य इलेक्ट्रॉनिक वे पानी के रिसाव या लीकेज की भी गंभीर समस्या है। इससे इलेक्ट्रिकल खराबी हो सकती है। 12 जून 2025 को वियना से दिल्ली जाने वाली AI की उड़ान को शाउंड करना पड़ा था।

बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को ग्रैमी, चीन को चुभ गया

कथा वाचन और किस्सागोई वाली कैटिगरी में मिला अवॉर्ड

चीन ने कहा, अलगाववादी गतिविधियां चला रहे दलाई

■ एपी, लॉस ऐंजलिस (अमेरिका)

बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने ग्रैमी अवॉर्ड जीता। रविवार को 68वें ग्रैमी समारोह में दलाई लामा ने ऑडियो बुक, कथा वाचन और किस्सागोई (स्टोरीटेलिंग) रिकॉर्डिंग कैटिगरी में ग्रैमी पुरस्कार जीता। ग्रैमी दुनिया का जाना-माना म्यूजिक अवॉर्ड है। यह दलाई लामा का पहला ग्रैमी अवॉर्ड है। उन्होंने इस कैटिगरी में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की जज केतनजी ब्राउन जैक्सन को पीछे छोड़ा। चीन ने ग्रैमी दिए जाने की आलोचना की।

अवॉर्ड जीतने पर दलाई लामा ने कहा, 'मैं इस सम्मान को आभार और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं इसे अपनी निजी उपलब्धि नहीं मानता, बल्कि यह हमारी साझा वैश्विक जिम्मेदारी की पहचान है।' उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि शांति, करुणा, पर्यावरण की देखभाल और पूरी मानवता की एकता को समझना ये सभी आज अरब लोगों के कल्याण के लिए बेहद जरूरी है। ग्रैमी अवॉर्ड इन संदेशों को और अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा। दलाई लामा खुद समारोह में मौजूद नहीं थे। उनकी ओर से यह अवॉर्ड मशहूर सिंगर और सॉन्गराइटर रूफस वेनराइट ने स्वीकार किया, जो इस प्रोजेक्ट का हिस्सा भी रहे हैं। 90 साल के दलाई लामा भारत में निर्वासन में रहते हैं। वह तिब्बती देश के लिए अधिक स्वायत्तता की लगातार चल रही मुहिम के कारण दुनिया भर में जाने जाते हैं।

मैं सम्मान को विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं इसे अपनी निजी उपलब्धि नहीं मानता। यह हमारी साझा वैश्विक जिम्मेदारी की पहचान है। -दलाई लामा, बौद्ध धर्मगुरु

क्या है इस अल्बम में

दलाई लामा को यह पुरस्कार उनके स्पॉकन-वर्ड अल्बम 'मेडिटेशंस: द रिफ्लेक्शन्स ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला। यह पहला मौका था जब किसी विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु को कथा वाचन और किस्सागोई रिकॉर्डिंग कैटिगरी में ग्रैमी आर्टिस्ट से सम्मानित किया गया। इसमें मेडिटेशन, दलाई लामा की शिक्षाएं और संगीत का बेहद सुंदर मेल देखने को मिलता है। अल्बम का संगीत हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत से प्रेरित है। यह सुनने वाले को शांति, आत्मचिंतन और मानसिक सुकून की अनुभूति कराता है। (आईएएनएस)

अमेरिका के खिलाफ आवाज़

समारोह में कई कलाकारों ने ट्रंप प्रशासन की इमिग्रेशन पॉलिसी के खिलाफ आवाज उठाई। अमेरिकी गायक शाबूजी ने भावुक होकर कहा कि प्रवासियों ने इस देश को बनाया है। अमेरिकी गायक ग्लोरिया एस्टेफन ने भी मौजूदा राजनीतिक हालात पर चिंता जताई।

सिर्फ धार्मिक शख्स नहीं लामा

चीन ने दलाई लामा को ग्रैमी अवॉर्ड दिए जाने की आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने चीन के इस अरोप को दोहराया कि आध्यात्मिक नेता धर्म के नाम पर अलगाववादी गतिविधियां चला रहे है। उन्होंने कहा कि दलाई लामा विशुद्ध रूप से धार्मिक व्यक्ति नहीं है। वह एक राजनीतिक निर्वासित हैं, जो धर्म की आड़ में चीन विरोधी अलगाववादी गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध हैं। संबंधित पक्ष इस पुरस्कार का इस्तेमाल उसके खिलाफ करेगा। (पीटीआई)

पुणे पोर्श मामले में SC बोला

'पैरेंट्स को ज़िम्मेदार ठहराया जाना चाहिए'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2024 के पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने कहा कि नाबालिगों से जुड़े ऐसे मामलों के लिए माता-पिता को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

अदालत ने आशीष सतीश मित्तल, आदित्य अविनाश सूद और अमर संतोष गायकवाड़ की रिहाई का आदेश दिया। अदालत ने यह आदेश देते समय इस बात का जिक्र किया कि तीनों आरोपी लगभग 15 महीने से जेल में बंद थे।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को कंट्रोल करने में असमर्थ रहते हैं। अदालत ने कहा कि नशा करना एक अलग विषय है, लेकिन उन्हें (बच्चों को) कार की चाबियां और मौज-मस्ती के लिए पैसे देना बिल्कुल अस्वीकार्य है। 19 मई 2024 को, शराब के नशे में कथित तौर पर 17 वर्षीय लड़के द्वारा चलाई जा रही एक पोर्श कार ने पुणे के कल्याणी नगर इलाके में दो आईटी पेशेवरों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

इस केस में तीन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को जमानत मिल गई

ब्लड सैंपल बदलने का आरोप

23 जनवरी को शीर्ष अदालत ने इस मामले में आरोपी द्वारा दायर जमानत याचिका पर महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा था। गायकवाड़ की ओर से सना खान खान ने पैरवी की। उन पर आरोप है कि वह एक बिल्डीलिया था, जिसने नाबालिग आरोपी के ब्लड सैंपल बदलने के लिए एक अस्पताल में डॉक्टर के सहायक को तीन लाख रुपये दिए थे। आदित्य अविनाश सूद और आशीष सतीश मित्तल की ओर से सीनियर वकील सिद्धार्थ दवे और सिद्धार्थ अग्रवाल ने पैरवी की। उन्हें पिछले साल 19 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि 17 वर्षीय मुख्य आरोपी के साथ कार में मौजूद दो नाबालिगों के मामले में परीक्षण के लिए इन्हीं दोनों के रक्त नमूनों का इस्तेमाल किया गया था। हाई कोर्ट ने पिछले वर्ष 16 दिसंबर को इस मामले में गायकवाड़, सूद और मित्तल सहित आठ आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं।

> माता-पिता अपने बच्चों को कंट्रोल करने में असमर्थ रहते हैं। उन्हें कार की चाबियां और मौज-मस्ती के लिए पैसे देना बिल्कुल अस्वीकार्य है। -सुप्रीम कोर्ट

नाबालिग भेजा गया था सुधार होम

जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने नाबालिग अरोपी को नरम शर्तों पर जमानत दी थी, जिससे देशभर में आक्रोश फैल गया था। जमानत की शर्तों में सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखना भी शामिल था। नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने पर हुए विरोध के बाद पुणे पुलिस ने बोर्ड से अपने फैसले को रिव्यू करने का अनुरोध किया। इसके बाद बोर्ड ने आदेश में संशोधन किया और नाबालिग को एक सुधार होम में भेज दिया। जून में हाई कोर्ट ने नाबालिग की रिहाई का आदेश दिया। उसके माता-पिता, डॉक्टर अजय तावरे और श्रीहरि हलनोर, अस्पताल के कर्मचारी अतुल घाटकांबले, आदित्य अविनाश सूद, आशीष मित्तल और अरुण कुमार सिंह तथा दो विचौलियों सहित कुल 10 आरोपियों को रक्त नमूना बदलने के मामले में जेल भेज दिया गया था।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कोर्ट के सवाल का मतलब?

जमानत के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है। अदालत ने कहा है कि ऐसे मामले में पैरेंट्स को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। नाबालिग के नाम पर कोई ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन सकता और ऐसे में वह कानूनी तौर पर गाड़ी चलाने के लिए अधिकृत नहीं होता। अगर वह पैरेंट्स को कार या गाड़ी लेकर जाता है तो यह पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि उनकी पहुंच से कार और चाभी को दूर रखें। अगर ऐसी गाड़ी चलाने के कारण घटना होती है तो निश्चित तौर पर पैरेंट्स की जिम्मेदारी तय होना अपेक्षित था।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को कौन-सा अवॉर्ड मिला है?
A. पुलित्जर B. नोबेल C. ग्रैमी

2 देश के किस पूर्व सेनाध्यक्ष की किताब पर विवाद हो रहा है?
A. एम. एम. नरवणे B. वी. के. सिंह C. बिपिन रावत

3 बांग्लादेश के किस पूर्व पीएम को करप्शन के केस में सजा हुई है?
A. खालिदा जिया B. शेख हसीना C. ताजुद्दीन अहमद

4 बजट में जिस ऑरेंज इकॉनमी की बात कही गई है वह इनमें से किस फील्ड से जुड़ा है?
A. डिजिटल कंटेंट क्रिएशन B. कृषि C. मेडिकल

5 एफसीटीवी विवाद में नाम आने पर किस ब्रिटिश नेता ने पार्टी से इस्तीफा दिया है?
A. डेविड लैमी B. पीटर मैंडेलसन C. रैचेल रीव्स

कल के जवाब
A1 A. अबुल्कलाम आजाद खान्ने A2 B. 96 A3 A. इराक A4 C. संत निरंजन दास A5 B. इंजिंट

लकी विनर्स

1. करनवीर चौधरी, दिल्ली
2. नरेश पोपली, दिल्ली
3. आर्दि, ग्रेटर नोएडा

ऐसे भेजें अपने जवाब
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

करप्शन केस में हसीना को 10 साल की कैद

■ पीटीआई, ढाका

बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को 10 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई। यह मामला सरकारी आवास प्रोजेक्ट भूमि आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।

ढाका की स्पेशल कोर्ट ने 79 साल की शेख हसीना को सरकारी पद का गलत इस्तेमाल कर न्यू टाउन परियोजना में अपनी भतीजी और ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सांसद ट्यूलिप सिद्दीक सहित अन्य लोगों को प्लॉट दिलाने के मामले में 10 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई। जन रोबी-उल आलम ने इसी मामले में शेख हसीना की दो भतीजियों और एक भतीजे को भी अलग-अलग अवधि की जेल की सजा सुनाई। सिद्दीक की छोटी बहन आजमना सिद्दीक और भाई रदवान मुजीब सिद्दीक बॉबी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

सरकारी जमीन आलॉटमेंट से जुड़ी कथित गड़बड़ियों का है यह मामला

शेख हसीना

हसीना की भतीजी ने बताया, हास्यास्पद

फैसला सुनाते हुए जज ने कहा, 'आरोपियों का मुकदमा इस आधार पर नहीं रोका जा सकता कि वे देश से बाहर मौजूद हैं।' ब्रिटेन की सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने कहा कि पूरी प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक त्रुटिपूर्ण और हास्यास्पद जैसी थी। सिद्दीक ने कहा, 'मैं इस पूरे घटनाक्रम को देखकर चकित हूं- डेढ़ साल से मेरे खिलाफ दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए जा रहे हैं, फिर भी मेरा बांग्लादेशी अधिकारियों से अब तक कोई संपर्क नहीं हुआ।'

14 भारतीय मजदूर दुबई में फंसे

■ पीटीआई, दुबई: दुबई में कथित तौर पर वेतन न मिलने के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूरों ने राज्य सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। झारखंड प्रवासी कंट्रोल सेल की टीम लीडर सिन्द्रा लाकरा ने बताया कि उन्हें गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 14 प्रवासी मजदूरों के बारे में जानकारी मिली है। एक विडियो मेसेजर आरोप लगाया है कि प्राइवेट कंपनी ने उन्हें वेतन नहीं दिया है और जबरन ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

झारखंड के मजदूरों ने राज्य से सुरक्षित निकालने की गुहार लगाई

फोर्स को आतंकी बताने पर ईरान ने EU के राजदूत तलब किए

■ एपी, ईरान

ईरान ने कहा कि उसने अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के यूरोपीय संघ (EU) के फैसले पर विरोध दर्ज कराने के लिए उसके सभी राजदूतों को तलब किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ईरान को शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की कथित हत्या और सामूहिक फांसी के मामलों को लेकर अमेरिका की सैन्य कार्रवाई का खतरा झेल रहा है।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघाई ने बताया कि रविवार से राजदूतों को तलब करने की प्रक्रिया शुरू हुई और सोमवार तक जारी रही।

ईरान ने मारे गए 3,000 लोगों की लिस्ट जारी की: ईरान के राष्ट्रपति के ऑफिस ने देश में हाल ही में हुई अशांति के दौरान मारे गए लोगों की एक लिस्ट जारी की है। अब तक कुल 3,117 लोगों की मौत हो चुकी है।

ईरानी सरकार के खिलाफ कनाडा में लोगों ने प्रदर्शन किया।

धर्मांतरण रोधी कानून

केंद्र और 12 राज्यों को SC का नोटिस

■ भाषा, नई दिल्ली: उच्चतम न्यायालय ने धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 'नेशनल कांसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया' की नई याचिका पर सोमवार को केंद्र के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और अरुणाचल सहित 12 राज्यों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया। पीठ ने नई याचिका को इसी मामले में दाखिल अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध करने का निर्देश दिया। तीन न्यायाधीशों की पीठ एक साथ सुनवाई करेगी।

चार हफ्ते में मांगा जवाब, तीन जजों की पीठ करेगी सुनवाई

गोवा में इंजिनियरिंग स्टूडेंट ने जान दी

■ भाषा, पणजी: साउथ गोवा में विद्रस पिलनी कैंपस के हॉस्टल में एक स्टूडेंट ने रविवार को अपने कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक सीनियर अफसर ने बताया कि 'इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशंस इंजिनियरिंग' की छात्रा वैष्णवी जितेश (20) रविवार देर रात अपने हॉस्टल रूम में पंखे से लटकी पाई गई। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल में आत्महत्या का यह छठा मामला है। पुलिस के अनुसार, वैष्णवी जितेश बेंगलुरु की रहने वाली थी।

टूटेगा गतिरोध भारत और अमेरिका के संबंधों की असहजता को खत्म करने में नया मोड़ ला सकता है विदेश मंत्री का यह दौरा

US में जयशंकर, क्रिटिकल मिनरल्स पर बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर 2-5 फरवरी तक अमेरिका के तीन दिन के दौरे पर होंगे। वह वॉशिंगटन में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की ओर से क्रिटिकल मिनरल्स पर आयोजित मीटिंग में हिस्सा लेंगे।

विदेश मंत्रालय का बयान कहता है कि यह मीटिंग सप्लाई चेन की मजबूती, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और क्रिटिकल मिनरल्स में रणनीतिक सहयोग पर फोकस करेगी। अपने इस दौरे में विदेश मंत्री ट्रंप प्रशासन के दूसरे सीनियर अधिकारियों के साथ भी मुलाकात करेंगे।

हाल में बढ़ी है इंगेजमेंट: अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और जयशंकर के बीच 14 जनवरी को फोन पर बात हुई थी। 30 जनवरी को जयशंकर ने भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की थी। माना जा रहा कि जयशंकर के इस दौरे के तहत भारत अमेरिकी पहल पैक्स सिलिका में भी शामिल होने से जुड़ा फैसला ले सकता है। सेमीकंडक्टर और AI तकनीक की ग्लोबल सप्लाई चेन सुनिश्चित करने की फ्लैगशिप योजना है।

30 जनवरी को जयशंकर और भारत में US राजदूत गोर (बाएं) मिले थे।

प्रेजिडेंट ट्रंप के रुख में है बदलाव

बीते दिनों राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ ट्रेड को लेकर भरोसा जताया था और पीएम मोदी को शानदार लीडर और अपना महान मित्र भी बताया था। वे बोले राष्ट्रपति ने दावोस में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के दौरान कही थी। भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25% अतिरिक्त टैरिफ समेत, भारतीय प्रॉडक्ट पर टैरिफ को ट्रंप की ओर से दोगुना करके 50% तक बढ़ाने के बाद से भारत-अमेरिका संबंध तनाव में रहे है।

क्या ट्रेड डील पर कदम आगे बढ़ेंगे?

माना जा रहा है कि इस यात्रा में भारत पैक्स सिलिका का हिस्सा बनने पर फैसला ले सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार अमेरिका की इस पहल को लेकर सकारात्मक रुख रखती है। माना यह भी जा रहा दोनों देशों के बीच ट्रेड डील बातचीत में भी गति को लेकर चर्चा हो सकती है। जयशंकर का पिछला अमेरिका दौरा सितंबर में था।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-02-2026 22:10 Color:

INVEST UP

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन
उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0
पावरिंग ग्लोबल हेल्थकेयर

वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महासंगम

उत्तर प्रदेश

फार्मा कॉन्क्लेव 1.0

का

शुभारंभ



द्वारा

योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

जगत प्रकाश नड्डा

मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक, भारत सरकार

ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री
मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण, उत्तर प्रदेश

नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'

मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

राकेश सचान

मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उत्तर प्रदेश

डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (MOS), उत्तर प्रदेश

मयंकेश्वर शरण सिंह

राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण, उत्तर प्रदेश

जसवन्त सिंह सैनी

राज्य मंत्री, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

उत्तर प्रदेश का औद्योगिक विकास मॉडल : गति, कौशल एवं विस्तार

- उत्तर प्रदेश फार्मास्यूटिकल एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग नीति-2023 : संयंत्र एवं मशीनरी पर 15% तक पूंजीगत सब्सिडी, 5 वर्षों तक मशीनरी एवं संयंत्र ऋण पर 5% की ब्याज सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी व इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में 100% शुल्क छूट
- मेडिकल डिवाइस पार्क, ग्रेटर नोएडा : 350 एकड़+ में एकीकृत मेडटेक मैन्युफैक्चरिंग हब
- बल्क ड्रग फार्मा पार्क, ललितपुर : 1,470 एकड़+ क्षेत्र में एपीआई और फॉर्मूलेशन मैन्युफैक्चरिंग हब
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस एवं बायोटेक्नोलॉजी के लिए एकीकृत औद्योगिक कॉरिडोर
- 81 मेडिकल कॉलेज, 450+ फार्मेसी कॉलेज
- त्वरित स्वीकृति हेतु 'निवेश मित्र' सिंगल विंडो पोर्टल
- लॉजिस्टिक्स के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

3 फरवरी, 2026 | पूर्वाह्न 10:30 बजे | होटल ताज महल, लखनऊ

प्रगति की गति अपार-डबल इंजन सरकार

नीतिगत जानकारी हेतु स्कैन करें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: cci Time: 02-03-2026 00:23 Color:

अमेरिका और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच शहर के वे परिवार परेशान हैं, जिनके अपने जियारत के लिए ईरान में हैं। -p4

नैशनल कोबुडो मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप में यूपी ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। -p6

190 रहा लखनऊ का AQI सोमवार को, जो मॉडरेट रहा।

1912 पर बिजली से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कर सकते हैं शिकायत

शहर में आज

- विश्व वेटलैंड डे, सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड, निकट इकाना स्टेडियम, रहीम पथ, सुबह 7 बजे।
- राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में पतंग संस्कृति उत्सव, सिटी स्टेशन रोड, सुबह 10 बजे।
- एगिटी स्कूल हॉस्पिटैलिटी की ओर से कार्यशाला, मल्टीपर्पज हॉल, विश्वविद्यालय परिसर, सुबह 11: 15 बजे।
- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मुख्यपत्र के व्यापार पत्रिका के भ्रष्टाचार पर प्रहार विशेषांक का विमोचन, संगठन कार्यालय, 29, विधायक निवास, दारुलशफा, दोपहर 3 बजे।

नगर निगम ने सील किया नवयुग महाविद्यालय, बाहर खड़ी रहीं छात्राएं

प्राचार्या बोलीं, हाउस टैक्स का सालाना कर रहे हैं भुगतान, रिवाइज्ड टैक्स के नाम पर 39 लाख का दिखा दिया बकाया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ नगर निगम ने सोमवार सुबह शहर राजेंद्रनगर में नवयुग कन्या महाविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगाकर कॉलेज को सील कर दिया। नगर निगम की टीम सुबह करीब 6:45 बजे कॉलेज पहुंची और गेट पर ताला लगाते हुए सीलिंग की कार्रवाई की। गेट पर नोटिस भी चस्पा किया, जिसमें कार्रवाई का कारण हाउस टैक्स की बकाया राशि बताई गई है।

स्पोर्ट्स की छात्राएं जब कॉलेज पहुंचीं तो उन्हें बाहर ही खड़ा रहना पड़ा। काफी देर तक छात्राएं गेट के बाहर इंतजार करती रहीं। इस दौरान सीलिंग का विरोध भी हुआ, जिस पर कॉलेज प्रशासन और नगर निगम टीम के बीच नोकझोंक भी हुई। हालांकि टीम ने 8 बजे के बाद स्कूल के गेट पर लगाए ताले को खोल दिया और पड़ाई हुई। कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय का कहना है कि यह कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है। बिना सूचना के कॉलेज के गेट पर ताला जड़ दिया गया। स्कूल प्रशासन और छात्राओं को इससे बहुत परेशानी हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार को नगर निगम से नमिता नाम की महिला आई थीं, जो खुद को कर एवं राजस्व निरीक्षक बता रही थीं। उन्होंने रिवाइज्ड टैक्स को लेकर बातचीत की थी। हमने उन्हें बताया था कि हाउस टैक्स को लेकर मामला पहले से विचाराधीन है। रविवार को हमारे यहां यूपीएसएसएस की परीक्षा थी तो उनसे सोमवार को फाइल निकालने और देखने की बात की थी। उन्होंने हमारे स्कूल को सील करने जैसी कोई बात नहीं की। प्रिंसपल उपाध्याय ने यह भी बताया कि नमिता जैन 4 देखाती हैं, हमारा स्कूल जोन 2 में आता है। उन्होंने सवाल उठाया कि लखनऊ में कई एडेड कॉलेजों में वर्षों से इसी तरह के मामलों में चल रहे हैं, फिर केवल इसी कॉलेज पर कार्रवाई क्यों की गई। बिना पूर्व सूचना बिना किसी आला अधिकारी से बात किए सील कर दिया गया।

कॉलेज के गेट पर ताला लगा होने के कारण छात्राएं अंदर नहीं जा सकीं।

माध्यमिक स्कूलों की तरह छूट देने की मांग

प्राचार्या मंजुला उपाध्याय का कहना है कि हम हर साल हाउस टैक्स दे रहे हैं। बीते साल हमारे पास रिवाइज्ड बिल के नाम पर 39 लाख रुपये का बिल भेजा गया। 2024-25 का बिल हम जमा कर चुके हैं। नगर निगम का कहना है कि हमारे रेट रिवाइज हुए हैं और हम पुराने दर से हाउस टैक्स भर रहे थे। विभाग की ओर से जब रेट रिवाइज हुए तो हमें इसकी जानकारी नहीं दी गई। जब हम पुराने रेट पर बिल दे रहे थे तो विभाग की ओर से रिवाइज रेट का बिल बना कर देना चाहिए था। जैसे हम सालाना जमा कर रहे थे वैसे रिवाइज्ड रेट भी देते। 39 लाख बिल को नगर निगम ने कम करके 24 लाख कर दिया। एडेड कॉलेज के लिए 24 लाख बिल दे पाना भी कठिन है। शिक्षकों की सैलरी के भुगतान सरकार की ओर से कोई बजट तो आता नहीं है। एडेड डिग्री कॉलेज माध्यमिक की तरह हाउस टैक्स माफ कराने की मांग कर रहे हैं। इस प्रकरण को लेकर मेयर और नगर आयुक्त से मिल चुके हैं। किसी नतीजे के निकले बगैर की इस तरह की कार्रवाई का क्या औचित्य है।

कई नोटिस के बाद भी नहीं जमा किया टैक्स : नगर निगम

जोन दो के जोनल अफसर संजय यादव का कहना है कि कॉलेज पर 24 लाख रुपये का हाउस टैक्स बकाया है। कॉलेज को बकाया जमा करने के लिए कई दफा नोटिस दिया गया था। इसके बाद नगर निगम की टीम ने कॉलेज के एक गेट को सांकेतिक तौर पर सील कर दिया था। कॉलेज के दूसरे गेट को छात्राओं व टीचर के लिए खुला छोड़ दिया गया था। अगर कॉलेज प्रबंधन को टैक्स से संबंधित कोई आपत्ति है तो जोनल कार्यालय को पत्र देना पड़ता है। इस संबंध में प्रबंधन की ओर से अबतक कोई आपत्ति नहीं दी गई है।

सदन की बैठक में उठे सवालों का अफसर देंगे जवाब

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बीते दिनों हुई नगर निगम के सामान्य सदन की बैठक में जनहित के मुद्दों को लेकर मेयर और पार्षदों ने अफसरों की जमकर क्लास लगाई थी। दूषित पानी, सीवर लीकेज, कूड़ा उठान, अतिक्रमण सहित अन्य मुद्दों को लेकर अफसरों से सवाल पूछे गए थे। सवालों का सकारात्मक जवाब न मिलने पर मेयर ने अफसरों को एक सप्ताह का समय दिया था। मंगलवार को अफसरों को मेयर और पार्षदों को जवाब देना है। माना जा रहा है कि सदन की तर्ज पर होने वाली बैठक में अफसरों और पार्षदों के बीच जमकर तकरार हो सकती है। मेयर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि बैठक में केवल अफसर और पार्षद शामिल होंगे।

घरों से कूड़ा उठान का लिया जायजा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को जोन-6 के आचार्य नरेंद्र देव और मालवीय टोला प्रथम वार्ड का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान, पार्कों के रखरखाव, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई और मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया और चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर अफसरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शब-ए-बरात की तैयारियों के मद्देनजर नगर आयुक्त ने मेहदी घाट का भी निरीक्षण किया।

'विधिक राय के बाद शपथ पर फैसला'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : फैजुल्लागंज वार्ड वोट में कोर्ट की तरफ से पार्षद निर्वाचित किए गए ललित कुमार तिवारी सोमवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। ललित ने कोर्ट के निर्णय के आधार पर नगर निगम से शपथ दिलवाने की मांग की। नगर आयुक्त ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से आए पत्र के आधार पर विधिक राय मांगी गई है। जवाब आने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी से निर्देश मांगे जाएंगे, जिसके बाद नगर निगम की तरफ से कोई कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ललित ने दावा किया कि मामले में जरूरी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

नगर निगम कुर्क प्रॉपर्टी नीलाम करेगा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर निगम की ओर से बेनामी संपत्तियों का हाउस टैक्स न मिलने पर उसकी नीलामी की जाएगी। कई वोर्ड में ऐसी संपत्तियां सामने आई हैं, जिनकी बकाया हाउस टैक्स के बाद कुर्की की जा रही है। इसके बाद कई वर्षों तक कुर्क प्रॉपर्टी का ट्रांजेक्शन सामने नहीं आता है। ऐसी प्रॉपर्टी की नीलाम करने के लिए नगर निगम के टैक्स विभाग की ओर से सभी जोनल अफसरों से ब्योरा मांगा गया है। ब्योरा जुटाने के बाद इन्हें नीलाम किया जाएगा।

मेट्रो के लिए पहला टेंडर आवंटित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के निर्माण के लिए UPMRC ने सोमवार को विस्तृत डिजाइन परामर्शदाता (DDC) के पहले टेंडर का आवंटन कर दिया। सबसे कम बोली लगाने पर DDC का टेंडर AYESA कंपनी को दिया गया है। कंट्राक्शन के लिए भी टेंडर अफसोद कर दिए गए हैं। कंपनी ने 15.90 करोड़ रुपये की सबसे कम बोली लगाई। चारबाग से कर्सतकुंज तक ब्लू लाइन-2 का निर्माण फेज-1B के तहत किया जा रहा है।

कीचड़ के बीच आटा और नाले के किनारे बन रहा कबाब-पराठा

'नवाबों के शहर' में गंदगी भरा स्वागत: चारबाग के वेंडिंग जोन में कूड़े के ढेर पर 'जायका'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चारबाग रेलवे स्टेशन से बाहर कदम रखते ही लखनऊ शहर की पहली तस्वीर बेहद शर्मनाक नजर आती है। स्टेशन से बंगमंडी रोड पर सड़क किनारे स्ट्रानफन के ठेले, वेंडिंग जोन में लगी दुकानें और अस्थायी खोमचे गंदगी के ढेर पर खुलेआम चल रहे हैं। सड़क पर नाली की गंदगी और कूड़े की बदबू के बीच समोसे, कबाब-पराठे लोगों को परोसे जा रहे हैं। लंबी यात्रा से थके-हारे यात्रियों और राहगीरों को मजबूरन इन्हीं दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है, जबकि एक्सक्लूसीव और नगर निगम के अधिकारी आंखें मूंदे हैं। मंगलवार को NBT के चीफ फोटो जर्नलिस्ट संदीप रस्तोगी ने चारबाग के वेंडिंग जोन का जायजा लिया।

NBT ग्राउंड रिपोर्ट

चारबाग का हाल

नाले के बगल में अवैध ठेले

वेंडिंग जोन से आगे बढ़ते ही खुले नाले के बगल गंदगी के बीच अवैध ठेले लगाए जा रहे हैं। कूड़े से पटे नाले के असपास गंदगी फैली हुई है। इन्हीं के बीच खुलेआम खाने-पीने का सामान तैयार कर परोसा जा रहा है।

गंदगी ही गंदगी

चारबाग से बासमंडी रोड की ओर बाईं तरफ बने वेंडिंग जोन के हालात किसी भी तरह से स्वास्थ्य मानकों पर खरे नहीं उतरते। सड़क किनारे फैली गंदगी और कीचड़ के बीच खड़े होकर एक लड़का परात में आटा माड़ता दिखा।

नाले पर कब्जा कर चल रही बिरयानी की दुकान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चौक में पाटा नाला पुलिस चौकी के सामने मशहूर इदरीस बिरयानी की दुकान नाले पर कब्जा कर संचालित हो रही है। यहां नाले पर भारी-भरकम पटरा डालकर बिरयानी व अन्य खाने-पीने की सामग्री गंदगी के बीच बनाई जा रही है। इस गंदगी की वजह बेटे शुक्रवार को नगर निगम जोन-2 की टीम ने इदरीस बिरयानी का 15 हजार रुपये का चालान भी किया था। इसके बाद स्ट्रानफन में सुधार की जगह दुकान मालिक ने नगर निगम पर ही गलत कार्रवाई का आरोप लगा दिया। दुकान मालिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि नगर निगम बेदभाव कर रहा है।

इदरीस बिरयानी की दुकान नाले के दूसरी तरफ बनी हुई है। दुकान छोटी होने के कारण बिरयानी बनाने के लिए किचन नाले के ऊपर बना दिया है। नाले पर मट्टी से लेकर तंदूर तक रखा है, जिस पर बिरयानी से लेकर स्ट्रान-पान की सभी सामग्री बनाई जाती है। आरोप है कि दुकान की बची सामग्री यहां तक कि हड्डियां तक नाले में फेंकी जा रही है। दुकान के आसपास नाला पूरी तरह ढका होने से मॉनसून में इलाके में बीमारी जलभराव होता है। नगर निगम ने दुकान मालिक को कई बार नाले से अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी है, लेकिन मनमानी जारी है।

नाले के ऊपर किसी भी तरह कब्जा नहीं हो सकता है। अगर नाले पर कब्जा है तो इसकी रिपोर्ट जोन के एक्सईएन से मांग कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- राकेश वर्मा, चीफ इंजिनियर (सिविल), नगर निगम

बड़े सवाल?

नगर निगम
वेंडिंग जोन आवंटित कर दिए, लेकिन वहां सफाई व्यवस्था सुनिश्चित क्यों नहीं की?

FSDA
क्या स्टेशन जैसे संवेदनशील इलाके में खाने की गुणवत्ता की जांच केवल कागजों पर हो रही है?

प्रशासन
स्मार्ट सिटी के प्रवेश द्वार पर ही ऐसी 'बदहाल' तस्वीर क्या शहर की छवि खराब नहीं कर रही?

निवेश मित्र पर प्रकरण लंबित, मिली चेतावनी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन लंबित होने से डीएम ने नाराजगी जताते हुए निम्नेशरों को अल्टीमेटम दिया। वहीं, यूपीसीडा ने अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क व नाली बनाने का काम इसी माह पूरा करने का दावा किया है।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने की समीक्षा

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम विशाख जी ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के जल्द निस्तारण पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में डीएम ने सबसे पहले निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि पोर्टल पर प्रदर्शित प्रकरण का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही हो। इसमें लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, यूपीसीडा के अधिशासी अभियंता ने बताया कि नाइटगंज से सीपेट तक की मुख्य सड़क और ड्रेन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्य सड़क 28 फरवरी के अंत तक और नाली का काम फरवरी के मध्य तक पूरा कर लिया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र के सड़कों को चौड़ा करने और नालियों को ढकने के लिए प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजे जा चुके हैं। वहीं, उद्यमियों ने क्षेत्र में निर्बाध टैर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सस्ती व्यवस्था सुचारू होने की जानकारी डीएम को दी। गोपाल इंडस्ट्रियल एरिया में एलटी लाइन का काम आगामी वित्तीय वर्ष के न्यू बिजनेस प्लान में पूरा किया जाएगा।

कहां है ... सिविक सेंस?

Photo: Sandeep Rastogi

यह तस्वीर हजरतगंज के हनुमानसिंघ मार्केट की है। यहां पुटपाथ को पैदाईश वाहनों की पार्किंग में तब्दील कर दिया गया है। लोग यहां वाहन खड़ा करके चले जाते हैं। उन्हें पैदल चलने वालों की फिक्र है, न इस बात की कि बाहर से आए लोग लखनऊ की क्या छवि लेकर वापस जाएंगे। बड़ा सवाल इन लोगों का सिविक सेंस?

आपके पास भी ऐसी कोई तस्वीर है तो हमें पूरी डिटेल के साथ वॉट्सएप करें आपके द्वारा भेजी गई तस्वीर हम आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे
8005000349

बिना बाईपास सर्जरी बदला दिल का वॉल्व

■ NBT न्यूज, लखनऊ

AI Image

केजीएमयू के लारी कार्डियोलजी विभाग के डॉक्टरों ने दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित दो बुजुर्ग मरीजों को नया जीवन दिया है। विभाग के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद चंद्रा, डॉ. गौरव चौधरी और डॉ. अखिल शर्मा की टीम ने अत्याधुनिक ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व इम्प्लांटेशन (TAVI) तकनीक से बिना बाईपास सर्जरी किए सफलतापूर्वक वॉल्व प्रत्यारोपण किया।

डॉक्टरों के मुताबिक पहले मरीज की उम्र करीब 84 वर्ष है। एओर्टिक वॉल्व में गंभीर खराबी के कारण उनका दिल ठीक से खून पंप नहीं कर पा रहा था। वह डायबीटीज, हाई बीपी, पेशाब में खून आने और दोनों फेफड़ों में पानी भरने जैसी जटिल समस्याओं से भी जूझ रहे थे। डॉ. शरद ने बताया कि अधिक उम्र और कई बीमारियों के कारण बाईपास सर्जरी कर वॉल्व बदलना संभव नहीं था। एंजियोग्राफी और अन्य जांचों में यह भी सामने आया कि मरीज की धमनियों में कैल्शियम जमा हो चुका था, जिससे वे संकरी हो गई थीं। ऐसी स्थिति में इंट्रावस्कुलर लिथोट्रिप्सी बैलून तकनीक से धमनियों में जमे कैल्शियम को तोड़कर उन्हें चौड़ा किया गया। इसके बाद पैर की नस के माध्यम से कैथेटर डालकर खराब वॉल्व तक पहुंच बनाई गई और सफलतापूर्वक नया वॉल्व प्रत्यारोपित किया गया।

लारी कार्डियोलजी के डॉक्टरों ने दो बुजुर्गों को दिया नया जीवन

दूसरे मरीज की उम्र 75 वर्ष थी। डॉ. गौरव चौधरी और डॉ. अखिल शर्मा ने बताया कि इन मरीज की आठ साल पहले ओपन हार्ट सर्जरी कर वॉल्व बदला गया था, लेकिन समय के साथ वह वॉल्व खराब हो गई थी। उम्र और अन्य बीमारियों के कारण दोबारा बाईपास सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी, लेकिन TAVI तकनीक ने मरीज के लिए उम्मीद की नई राह खोल दी।

क्यों वरदान है यह तकनीक?

अधिक उम्र और सख्त-रोगी वाले मरीजों में बाईपास सर्जरी हमेशा चुनौतीपूर्ण होती है। TVAI तकनीक ऐसे मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है, क्योंकि इसमें दर्द कम होता है और रिकवरी तेज होती है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

केजीएमयू की यह सफलता गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बुजुर्ग मरीजों के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई है।

...तो सिर्फ 3 घंटे में पूरा होगा लखनऊ से दिल्ली का सफर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : लखनऊ से नई दिल्ली का सफर आने वाले दिनों में तीन घंटे से भी कम समय में तय होगा। वर्तमान में निर्धारित ट्रेनों से 490 किमी की दूरी का यह सफर आठ घंटे में पूरा हो रहा है। आम बजट में नई दिल्ली से वाराणसी के बीच हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है। यह कॉरिडोर लखनऊ से होकर गुजरेगा तो दिल्ली तक का सफर मात्र तीन घंटे में पूरा हो जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश को इस बार 20,012 करोड़ रुपये बजट में मिले हैं। इस बजट से यात्री सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा। उत्तर रेलवे के डीआरएम कार्यालय में सोमवार को डीआरएम एसके वर्मा ने बताया कि नई दिल्ली से वाराणसी हाई-स्पीड ट्रेन 300 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। डीपीआर तैयार होने के बाद स्पष्ट होगा कि कॉरिडोर लखनऊ से गुजरेगा या नहीं।

AI Image

PWD : शहर की 100 जर्जर सड़कों की सूरत बदलेगी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बारिश या अन्य कारणों से जर्जर हो चुकी प्रमोण और शहरी क्षेत्र की 100 सड़कों की सूरत बदलेगी। गोमती नगर विभूतिखंड सहित शहर के विभिन्न इलाकों में आवागमन सुरक्षित होगा। विभाग की ओर करवाए गए सर्वे के आधार पर योजना पर काम शुरू कर दिया गया है, जिस पर करीब 11 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के अनुसार योजना में उन सड़कों को शामिल किया गया है, जिनका निर्माण और मरम्मत का काम पांच साल पहले हो चुका है। इनमें गोमती नगर स्थित विभूतिखंड, कुर्सी रोड, नानमीपुरम, अशियाना, कानपुर रोड, डुबग्गा और ठाकुरगंज अलीगंज और महानगर क्षेत्र की सड़कें शामिल हैं। इस संबंध में एसआईएल पीडब्ल्यूडी सर्वेंद्र एन सिंह का कहना है कि सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

AI Image

आज शहर में छाएंगे बादल, बूंदाबांदी और कोहरे के आसार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव सोमवार को शहर के मौसम पर नजर आया। इस कारण सुबह शहर के अलग-अलग इलाकों में हल्का कोहरा छाया, जबकि दिन में तेज धूप खिली। हालांकि, बीच-बीच में बादल आते-जाते रहे और शाम होते-होते हवा भी चली। हालांकि, दिन और रात के पारे में इजाफा दर्ज किया गया। दिन का पारा 26.3 डिग्री और रात का पारा 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मंगलवार को शहर में आंशिक बदल छाए रहेंगे और शाम या रात को बारिश हो सकती है। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में अगले 24 घंटों में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश होने की संभावना है। लखनऊ में मंगलवार सुबह मध्यम से घना कोहरा पड़ने की संभावना है।

AI Image

भाषा विश्वविद्यालय संविदा पर शिक्षकों की भर्ती के लिए चल रही है प्रक्रिया, नियुक्ति परीक्षा की कॉपी जांच में सामने आई कई लापरवाही

मशीन छोड़ हाथों से जांचीं OMR शीट, फिर बढ़ गए नंबर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ



AI Image

रमाना मुर्तुजीन फिरती भाषा विश्वविद्यालय में संविदा के 16 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति के लिए परीक्षा आयोजित की गई। ओएमआर आधारित परीक्षा में महज 103 अभ्यर्थी शामिल हुए लेकिन इनके मूल्यांकन में भी गड़बड़ी सामने आई है। विवि की ओर से ओएमआर को कंप्यूटराइज्ड की जगह मैनुअल जांच गया। अभ्यर्थियों ने कम नंबर होने पर जब आपत्ति जताई तो दोबारा कॉपी जांची और नंबर अचानक बढ़ गए। अब ऐसे में पूरी भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है।

दूसरे विषय के शिक्षकों से कॉपियां चेक करवाने का भी आरोप

भाषा विश्वविद्यालय में संविदा पर भर्ती के लिए 57 पद रिक्त है। इसमें पहले फेज में 7 विषयों के 16 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें अंग्रेजी, इतिहास, हिंदी, संस्कृत, फ्रेंच, अर्थशास्त्र व कंप्यूटर साइंस ऐंड आईटी शामिल है। कुल 142 ने आवेदन किया था, जिसमें 20 जनवरी को 103 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा ओएमआर आधारित होने के बाद भी मशीन की जगह मैनुअल शिक्षकों से कॉपी जंचवाई गई। जबकि इसी विधि में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में ओएमआर मशीन से जांची गई थी। आरोप ये भी है कि जिस विषय की कॉपी थी, उसकी जगह पर दूसरे विषय के शिक्षकों ने कॉपी जांची।

ऐसे खुला मामला

यह मामला तब सामने आया जब हिंदी के एक अभ्यर्थी ने नंबर कम होने की शिकायत की। इसके बाद आनन फानन में कमेटी बनाकर उसकी कॉपी दोबारा जांच कर नंबर बढ़ा दिए गए। अब सवाल ये उठता है कि ओएमआर में हर सवाल का सही जवाब पहले से तय होता है। ऐसे में जिनने सवाल सही किए छात्र को उतने अंक दिए जाते हैं। ऐसे में दोबारा नंबर कैसे बढ़ गए। लगभग 15 अभ्यर्थियों की आपत्तियां आई हैं और कई विषय में सत्यापित रिजल्ट जारी किए गए। ऐसे में पूरी भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं।

'परीक्षा से फर्क नहीं, इंटरव्यू में तय होना है'

विवि के वीसी प्रफेसर अजय कुमार तनेजा का कहना है कि कम लोग थे, इसलिए मैनुअल कॉपी जांची गई। चूंकि कॉपी में सिर्फ विकल्प सही चुना था नहीं, यह देखना होता है इसलिए उसमें विषय विशेषज्ञ कॉपी जांचें यह जरूरी नहीं। अभी कोई भी अभ्यर्थी चयनित नहीं हुआ है। सभी को इंटरव्यू में बुलाया गया है। इंटरव्यू में अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLP04 User: pratik.awasthi@timesofindia.co Time: 02-03-2026 00:30 Color:

फटाफट खबरें

सोमेश मिश्र ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

■ NBT न्यूज, लखनऊः आलमबाग चंद्रनगर व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन अनिल वरमानी और राजेंद्र कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। वक्ताओं ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, संगठन की एकता और प्रशासन से समन्वय पर जोर दिया। अध्यक्ष सोमेश मिश्र ने व्यापारियों के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाया।

शिवम चेयरमैन, रोहित अध्यक्ष बने

■ NBT न्यूज, लखनऊः उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ओर से जी-20 आंध शिल्पग्राम चौराहा मार्केट में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, जी-20 आंध शिल्पग्राम चौराहा मार्केट इकाई का गठन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय कुशा ने कहा कि व्यापारियों के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर है। बैठक में सभी की सहमति से शिवम पटेल को चेयरमैन, रोहित सिंह राठौर को अध्यक्ष, महेंद्र प्रताप सिंह को वरिष्ठ महामंत्री, सजीव सिंह को महामंत्री और विशाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

मोनिका गुप्ता को नारी गौरव सम्मान

■ NBT न्यूज, लखनऊः कल्याणी हेल्थ वेलफेयर सोसायटी की ओर से सीमावर को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड मिस्टर, मिस एवं मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में मिसेज कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल करने पर राजधानी की मोनिका गुप्ता को नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष मीना भारती ने कहा कि यह सम्मान केवल मोनिका के लिए नहीं बल्कि पूरे नारी समाज के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने युवाओं से अपील कि वर्तमान समाज में प्रतिस्पर्धा सबसे महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा बालिका, महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में शामिल होकर बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है।

गुड़ उत्पादन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

■ NBT न्यूज, पीजीआई : तेलीबाग के पास स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में उत्तम गुड़ उत्पादन, प्रसंस्करण व मूल्यवर्धन तकनीक विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह प्रशिक्षण उद्यमिता व कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के 20 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान गुड़ उत्पादन की उन्नत तकनीकों, गन्ना उत्पादन पद्धतियों और गुड़ के लिए उपयुक्त गन्ना किस्मों की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. अरवू मोदी, डॉ. एमके सिंह मौजूद रहे।

'लोगों का बर्ताव डॉग्स को हिंसक बना रहा'

■ NBT न्यूज, लखनऊः लोगों का बर्ताव डॉग्स सहित पशुओं को हिंसक बन रहा है। एक गली का डॉग उत्तरणे, दूसरी गली का डॉग वहां आएगा। नगर निगम की ओर से शेल्टर होम बनाकर डॉग्स को रखना समस्या का समाधान नहीं है, यह रैबीज सहित अन्य घातक बीमारियों के फैलने का कारण बन सकते हैं। सोमवार को पशु अधिकार समर्थक कारु सक्सेना और कामना पांडेय ने संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान यह बात कही। बताया कि शेलटरहोम में साथ रहने से अधूरे वैक्सीनेशन, नॉन वैक्सीनेशन और रैबीज संक्रमित डॉग्स, बिल्ली, बंदर बीमारी फैलाने का कारण साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉग बाइट को समझने के लिए हमें मानवीय और व्यवहरिक नजरिया से देखना होगा।

सीसीटीवी की रोजाना होगी जांच

■ NBT न्यूज, लखनऊः राजधानी में 18 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र में लगे सीसीटीवी और वाकस रिकॉर्डर की रोजाना सघन जांच करने को कहा गया है। इसमें किसी तरह की समस्या अथवा खराबी होने पर केंद्र व्यवस्थापक को इसकी सूचना डीआईओएस या कंट्रोल रूम नोडल अफसर को देनी होगी। जिससे समय रहते इनमें सुधार किया जा सके। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए इस वर्ष शहर 120 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 6 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। परीक्षा में 20 प्रतिशत शिक्षकों को रिजर्व ड्यूटी में रखा गया है।

किसान क्रांति न्याय पदयात्रा निगोहां पहुंची

■ NBT न्यूज, निगोहः भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की ओर से निकाली जा रही मरीब किसान न्याय पदयात्रा दूसरे दिन सोमवार को नकाम से आगे बढ़ते हुए समेसी बाजार होते हुए निगोहा पहुंची। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई पदयात्रा निगोहा से मोहनलालगंज के लिए रवाना हुई, जहां रात्रि विश्राम होगा। यात्रा की शुरुआत रविवार को भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने गोरखईजन बर्थाक से हरी झंडी दिखाकर की थी।

ईरान में लखनऊ के 300 जायरीन और 2000 छात्र, भारतीय एंबेसी के संपर्क में टुअर ऑपरेटर

'अम्मी परेशान न हों, हम खैरियत से हैं'

■ सैयद अब्बास रिजवी, लखनऊ

उधर सरहदों पर बारूद की गंध है, इधर लखनऊ के आंगन में दुआओं का दौर। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की खबरों ने शहर के उन सैकड़ों परिवारों की नींद उड़ा दी है, जिनके अपने जियारत के लिए परदेस में हैं। सोमवार तड़के जब लखनऊ में कोहरा घना था, तब कई घरों में फोन की घंटियां किसी अनहोनी के डर और अपनों की सलामती की दुआओं के बीच बज रही थीं।

सोमवार सुबह भारतीय समयानुसार सुबह 4:25 बजे काजमैन के बुनियादबाग निवासी शुजा अब्बास के मोबाइल फोन की घंटी बजी। उस समय ईरान में सुबह के 6:25 बजे थे। दूसरी तरफ शुजा की अम्मी थीं। आवाज में घबराहट और सवालों में बेटे की सलामती की फिक्र। उन्होंने ईरान के हालात के बारे में पूछा। कहा, खबरों में अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी वक्त जंग छिड़ने की आशंका बताई जा रही है, दिल बेचैन हो रहा है। शुजा ने अम्मी को तसल्ली देते हुए कहा कि अम्मी, फिक्र न करें... हम मौला की हिफाजत में हैं और बिल्कुल खैरियत से हैं। सभी रौजे की जियारत सकून के साथ हो रही है। इस पर अम्मी ने कहा कि बेटा परदेस में हो, इसलिए दिल घबरा रहा है। यह फिक्र अकेले शुजा की अम्मी की नहीं बल्कि शहर के 300 से अधिक जायरीनों के परिवारों की है, जो अलग-अलग काफिलों में इराक और ईरान में जियारत पर हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच इनके परिवार लखनऊ में अपनों की सही-सलामत वापसी की दुआ कर रहे हैं।

NBT से सोमवार को वॉट्सऐप कॉल के जरिए सैयद रिजवी दुआर के ओनर आशु जायसवाल के मुताबिक उनके काफिले में 32 जायरीन हैं। उन्होंने बताया कि ईरान में जनजीवन बिल्कुल सामान्य है। ऑफिस, मॉल, बाजार से लेकर हर तरफ लोगों की आवाजाही है। लखनऊ के ही कारवान-ए-नूर के ओनर मेहाल 94 जायरीनों को लेकर 22 जनवरी से इराक-ईरान में जियारत पर हैं। 11 फरवरी को लौटना है। मेहाल के मुताबिक वह भारतीय एंबेसी के संपर्क में हैं। ठाकुरगंज निवासी अम्मार (36) और पत्नी शबीना (32) ईरान के कोम शहर में हैं। उन्होंने बताया कि आठ दिन से ईरान के रौजों की जियारत कर रहे। यहां इंटरनेट रुक-रुककर चल रहा है। ईरान के हालात को लेकर घर वाले बेचैन हैं और बार-बार कॉल कर रहे हैं। उन्हें समझा रहे हैं कि हम हिफाजत से हैं, लेकिन उनकी चिंता कम नहीं हो रही है। विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित मदरसा जामिया नाजमिया के मौलाना सै. इमाम अहमद ने बताया कि ईरान में उनके मदरसे के करीब 400 छात्र ईरान में पढ़ाई कर रहे हैं। नजफ शहर में मदरसा नाजमिया के करीब 600 छात्र हैं।

ओनरशुजा ने ईरान के हालात बताए। शुजा 13 जनवरी को 22 जायरीनों का काफिला लेकर इराक और ईरान में जियारत पर गए थे। शुजा ने बताया कि वह पहले इराक गए थे और अब ईरान के मशहद शहर में हैं। शुजा बताते हैं कि ईरान में जमीनी हालात ठीकी पर दिखाए जा रहे डर से बिल्कुल अलग हैं। उन्हें सात फरवरी को अपने काफिले के साथ लखनऊ लौटना है।

अमेरिका से जंग की आशंका के बीच ईरान में लखनऊ के जायरीन दे रहे हौसला, तनाव के बीच जियारत जारी

आंकड़ों में स्थिति

300+	500+	2000+
ईरान में लखनऊ के जायरीन	यूपी से कुल जायरीन	पढ़ाई कर रहे छात्र जामिया नाजमिया के 400 छात्र

घरवाले बार-बार कर रहे कॉल

नक्खास स्थित कारवान-ए-अब्बास के ओनर आशु जायसवाल के मुताबिक उनके काफिले में 32 जायरीन हैं। उन्होंने बताया कि ईरान में जनजीवन बिल्कुल सामान्य है। ऑफिस, मॉल, बाजार से लेकर हर तरफ लोगों की आवाजाही है। लखनऊ के ही कारवान-ए-नूर के ओनर मेहाल 94 जायरीनों को लेकर 22 जनवरी से इराक-ईरान में जियारत पर हैं। 11 फरवरी को लौटना है। मेहाल के मुताबिक वह भारतीय एंबेसी के संपर्क में हैं। ठाकुरगंज निवासी अम्मार (36) और पत्नी शबीना (32) ईरान के कोम

शब-ए-बरात आज, होगी मरहूमीनों के लिए दुआ

■ NBT न्यूज, लखनऊः शब-ए-बरात से एक दिन पहले सोमवार को कब्रिस्तान, मस्जिदों और दरगाहों में त्योहार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। मंगलवार को लोग कब्रिस्तानों में जाकर अपने मरहूमीनों के लिए फातेहा पढ़ेंगे। कब्रों को फूलों से सजाएंगे और कुरआन-ए-पाक की तिलावत करेंगे। भीड़ के चलते लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए कब्रिस्तान कमेटियों ने पूरी तैयारी कर ली है।

कब्रिस्तान, मस्जिदों और दरगाहों में तैयारियां पूरी

शिया समाज के अनुसार मंगलवार को आधी रात के बाद इमाम महंदी हादी (अस) का जन्मदिवस मनाने का दौर शुरू हो जाएगा। इसके चलते सभी घरों में सुरूख और पीला हलवा, कतली, शाही मिठाइयों के अलावा अन्य तरह की मिठाइयों की नज़र दिलाई जाएगी। शहर में महफिल-मौलाद और नज़्र का आयोजन शुरू हो जाएगा। यह सिलसिला बुधवार सुबह से देर रात तक जारी रहेगा।

मेहंदी घाट पर बजरे की जियारत

अंजुमन जहूरे इमामत की ओर से मेहंदी घाट पर अकीदतमंदों को बजरे की जियारत करवाई जाएगी। इंतजामिया कमिटी के मुताबिक मगरिब (सूरज डूबने के बाद) की नमाज के बाद बजरे को फूलों और खुशबूदार रोशनी से सजाया जाएगा।

शहर भर में होंगी महफिलें

हुसैनाबाद ऐड एलाइड ट्रस्ट की ओर से इमाम के जन्मदिवस की खुशी में मंगलवार रात से छोलीमंज स्थित कर्बला मलका आफाक 'नार वाली कर्बला' में महफिल का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को मगरिब की नमाज के बाद से कर्बला में महफिलों का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो रविवार को दिन भर जारी रहेगा। कर्बला में होने वाली महफिल को अलग-अलग उलमा व जाकिर खिताब करेंगे। वहीं, ट्रस्ट की ओर से हुसैनाबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा, आसिफी इमामबाड़ा, हजरतगंज स्थित इमामबाड़ा शाहनजफ में भी महफिलों का आयोजन किया जाएगा। हुसैनाबाद स्थित घंटाघर के तालाब पर भी महफिल होगी। उधर, अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से ऐशबाग स्थित कर्बला मलका जहा में मंगलवार को जाने वाली अलम का आयोजन किया जाएगा। सआदतगंज स्थित रौज-ए-काजमैन में भी जश्ने इमामे जमाना मनाया जाएगा।

आज शाम 5 बजे से बदला रहेगा ट्रैफिक

■ NBT न्यूज, लखनऊः शब-ए-बरात पर शहर में होने वाले धार्मिक आयोजनों और भीड़ के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार शाम 5 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू किया है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया सुरक्षा और यातायात सुचारु रखने के उद्देश्य से कुछ मार्गों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और वैकल्पिक रास्तों से आवागमन होगा। ऐसे चलेगा ट्रैफिक

- सीतापुर और मड़ियांव की ओर से डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग से पक्का पुल की नगर निराला नगर, आईटी चौराहा और चौराहा नंबर आठ से गुजरेंगे।
- हरदोई रोड से भारी वाहन (रोडवेज बसों को छोड़कर) टुबग्गा पेट्रोल पंप तिराहे से बालागंज और चौक की नगर बुटेल्वर और आईआईएम होते हुए सीतापुर रोड से जाएंगे।
- कैसरबाग बस अड्डे से सीतापुर की ओर जाने वाली रोडवेज बसों और भारी वाहन डालीगंज पुल से शहीदीना और पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन आईटी चौराहा, निराला नगर और पुनिया से जाएंगे।

पूरा डायवर्जन nbt.in पर देखें

किया रूट मार्च

शब-ए-बरात से पहले सोमवार को पुलिस ने पारा नाला चौकी से लेकर ऐशबाग तक रूट मार्च किया गया। रूट मार्च में पुलिस अधिकारियों के अलावा कई थानों के प्रभारी, चौकी इंचार्ज भी शामिल हुए।

आज बच्चे चलेंगे स्क्रीन से पन्नो की ओर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः जुबिली इंटर कॉलेज में मंगलवार को किताबों का संसार सजेगा। बच्चों के लिए पठन संस्कृति उत्सव मनाया जाएगा। कवि और सांस्कृतिक चिंतक यतीन्द्र मिश्र अपने सा.हि.त्यिक अनुभव साझा करेंगे। चंद्रशेखर वर्मा, लेखक और पाठक के बीच संवाद करेंगे। दूसरे सत्र में कला उत्सव के विजेता प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां होंगी। हिमांशु बाजपेयी श्रोताओं को साहित्य की मौलिक परंपरा से जोड़ेंगे। तृतीय सत्र में युवा साहित्यिक प्रतिभा वैष्णवी अपनी सृजनात्मक प्रस्तुति से श्रोताओं को साहित्यिक संवेदना से परिचित कराएंगी।

सुबह सर्वर ने छुड़ाए पसीने, बायोमीट्रिक के बिना मिली एंट्री

13 केंद्रों पर हुई थी RO/ARO की मुख्य परीक्षा।

■ NBT न्यूज, लखनऊः राजधानी में RO/ARO पदों पर भर्ती के लिए सोमवार को 13 केंद्रों पर आयोजित मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एंट्री के समय सुबह समस्या का सामना करना पड़ा। परीक्षा केंद्रों पर सर्वर डाउन होने के चलते अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाई। अभ्यर्थियों की अटेंडेंस दर्ज न होने पर परेशान कक्ष निरीक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों के हाथ पैर फूलने लगे। कई प्रयासों के बाद भी मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज न होने की सूचना जब उच्चाधिकारियों को दी गई तो उन्होंने अभ्यर्थियों को बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी। हालांकि, कुछ देर बाद सर्वर के सही होने पर शिक्षकों ने अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की। अन्य दो पालियों में सर्वर व्यवस्थित रूप से चला। आरओ-एआरओ की परीक्षा के लिए शहर में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा देने के लिए सभी केंद्रों पर 6,100 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

RTE पोर्टल खुला, आवेदन शुरू

■ NBT न्यूज, लखनऊः निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए सोमवार को आरटीई पोर्टल खोल दिया गया। बीएसए विपिन कुमार ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। अभिभावकों को आवेदन करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट rte25.upsdc.gov.in पर फॉर्म भरना होगा। आवेदन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। लॉटरी में चयनित बच्चे नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और कक्षा 1 में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। आवेदन की समय-सीमा समाप्त होने के बाद बच्चों को स्कूलों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

क्लास करवाई नहीं, उसी आधार पर काट लिए वाइवा के नंबर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्रों ने विधि पर वाइवा में गलत तरह से नंबर की कटौती करने का आरोप लगाया गया है। छात्रों की ओर से कुलपति प्रो. नेपी मैनी को शिकायती पत्र लिखा गया है। इसमें कहा कि विधि की ओर से मूट कोर्ट संबंधित क्लास और टीचर मनी सेक्शन को अवंटित किए गए थे, लेकिन एक भी क्लास नहीं चली। इंटरनेशिप के लिए एडवोकेट अलोट किए गए थे, लेकिन एक ने भी क्लास नहीं की और छात्र कोर्ट भी नहीं बुलाया। जबकि परीक्षा में सभी छात्रों के नंबर इसी आधार पर गए थे। इसके विपरीत निजी कॉलेजों में वाइवा में खूब नंबर बांटे गए। ऐसे में कैंपस में पढ़ने वाले छात्रों के साथ यह भेदभाव किया जा रहा है।

एलयू में विधि विभाग के छात्रों ने कुलपति से की शिकायत

लॉ के छात्रों की ओर से दिए गए पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि फैकल्टी की ओर से वाइवा के लिए जो पैनल बनाया गया है उसमें किसी को खूब नंबर दिए गए तो किसी के नंबर काट लिए गए। जब मूट कोर्ट की क्लास कराई ही नहीं गई तो उसके आधार पर नंबरों की कटौती नहीं की जानी चाहिए। छात्रों की ओर से पत्र में मांग की गई है कि सभी नंबरों को नामेलाइजेशन करके दोबारा से रिजल्ट जारी किया जाए। साथ ही नए पैनल बनाकर वाइवा दोबारा कंडक्ट कराया जाए।

जमीन के नाम पर 61.50 लाख की ठगी

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगरः जमीन के नामांतरण व विभाजन के लिए सरोजनीनगर के उप-विभागीय मैजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन किया था। इसी दौरान संजय कुमार तिवारी से संपर्क हुआ, जिसने राजस्व कार्यालय में प्रभाव होने का दावा करते हुए काम कराने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि आरोपित के कहने पर पीड़ित ने 31 लाख नकद और 30.50 लाख यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आलमबाग शाखा स्थित उसके खाते में जमा किए। झांसे बावजूद न तो काम हुआ और न ही रकम लौटाई गई।

वीज़ा, पासपोर्ट के नाम पर ठगे 1,50,000 रुपये

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः सऊदी अरब का वीजा दिलाने और पासपोर्ट बनवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1,50,000 रुपये ठग लिए गए। पीड़ित को फर्जी वीजा और पासपोर्ट थमा दिया गया। एयरपोर्ट पहुंचने पर पीड़ित को फर्जीवाड़े का पता चला। कोर्ट के आदेश पर दुबग्गा पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दुबग्गा के मौरा के अच्छन ने पुलिस को बताया कि गांव के ही आदित्य गौतम ने आलमबाग निवासी आरोपित मो.जावेद से मुलाकात करवाई थी। आरोपित की ट्रैवल एजेंसी है। पीड़ित ने आरोपित से सऊदी अरब में नौकरी दिलवाने की बात की थी, जिसके बाद पीड़ित ने आरोपित को पासपोर्ट और वीजा के लिए 1,50,000 रुपये दिए थे। कई दिनों बाद आरोपित ने पीड़ित को मिलने के लिए बुलाया और पासपोर्ट व वीजा थमा दिया। पीड़ित पासपोर्ट और वीजा लेकर एयरपोर्ट पहुंचा। एयरपोर्ट पर पीड़ित को बताया गया कि पासपोर्ट और वीजा फर्जी है। पीड़ित के मुताबिक आरोपित ने कई बेरोजगारों को इसी तरह ठगी का शिकार बनाया है। पीड़ित ने कोर्ट में मदद की गुहार लगाई थी।

प्रदर्शन कर रहे पार्षद को पुलिस ले गई थाने, शांतिभंग में चालान

कोर्ट के आदेश पर खाली कराया गया था मकान, इकतरफा कार्रवाई का हवाला देते हुए परिवार को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठे थे

■ NBT न्यूज, लखनऊ

कोर्ट के आदेश पर खाली कराए गए मकान को एकतरफा कार्रवाई बता दे रिहाई से धरने पर बैठे पार्षद और पुलिस के बीच सोमवार को झड़प हो गई। पुलिस का कहना है कि डीएम से मुलाकात के बाद भी बात नहीं बनी तो पार्षद के समर्थकों ने पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर पार्षद को हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। जबकि पार्षद के समर्थकों का कहना है कि पुलिस अभद्रता करते हुए पार्षद को घसीटकर थाने ले गई। इससे नाराज सैकड़ों समर्थक थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। देर शाम शांतिभंग का चालान करने के बाद पार्षद को छोड़ दिया गया। इसके बाद स्थिति को काबू किया जा सका।

एसीपी अजिय विक्रम सिंह ने बताया गाजीपुर के बसौली गांव में मेन रोड पर 1350 स्क्वायर फुट मकान को लेकर बराबरी के जितेंद्र मोहन सिंह और वहीं के रहने वाले राजू वाल्मीकि के बीच कोर्ट में केस चल रहा था। कोर्ट ने मोहन के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट के आदेश पर पिछले वर्ष 31 मई को पुलिस कब्जा हटवाने गई, लेकिन विरोध के चलते कब्जा नहीं छूट पाया। इस पर जितेंद्र मोहन ने वकील के माध्यम से सीपी, एसीपी और थाना प्रभारी को कंटेंट ऑफ कोर्ट भेज दिया। 31 जनवरी को अमीन की मौजूदगी में पुलिस बल का इस्तेमाल कर मकान खाली करवा दिया और मकान में ताला लगाकर चाबी जितेंद्र मोहन को सौंप दी। इसके बाद पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि मौके पर पहुंचे। परिवार व अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए उन्हें समझाया लेकिन वह नहीं माने। तीन दिन धरने के बाद सोमवार को डीएम से मुलाकात हुई। कोर्ट का आदेश होने की वजह से कोई राहत नहीं मिली।

पुलिस के खिलाफ नारेबाजी, भीड़ ने घेरा थाना

तोड़ दिया ताला, पुलिस से की अभद्रता

पुलिस का कहना है कि डीएम से मुलाकात के बाद भी राहत न मिलने से नाराज समर्थकों व परिवार के लोगों ने जबरन ताला तोड़ दिया। समझाने पर परिवार उग्र हो गया और पथराव के साथ ही पुलिस से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों की वर्दी फट गई। इस पर पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए पार्षद सहित 6 लोगों को हिरासत में ले लिया।

वॉर्ड के एक परिवार को न्याय दिलाने के लिए सुरेंद्र वाल्मीकि धरने पर बैठे थे। चुने गए पार्षद के साथ पुलिस का ऐसा व्यवहार निंदनीय है। वाल्मीकि समाज के साथ कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से खड़ी है। – मुकेश सिंह चौहान, पार्षद इस्माइलगंज प्रथम

पार्षद एक जनप्रतिनिधि है। अगर कोई क्षेत्र का व्यक्ति मदद मांगता है तो उसके लिए खड़े होते हैं। पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करे। – फाजिर सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष सपा

पांच घंटे चला हंगामा

हंगामा होते ही पुलिस ने पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि के साथ 5 समर्थकों को हिरासत में ले लिया और गाजीपुर थाने पहुंच गई। जानकारी होते ही आक्रोशित सैकड़ों लोग थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए आसपास के थानों से और बल बुला लिया। इसके बाद मौके पर एडीसीपी ईस्ट पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। सभी का 151 में चालान किया गया है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Mohamma Shameem S/o Naseem R/o Basheerganj Bahraich UP 271801 have changed my name to Mohammad Shameem for all purposes.

I, No 4068872F Rank Hav Name Pradeep Singh R/o Vill-Sunhhi, P.O. - Kuthali, Teh - Tharali, Dist - Chamoli, State - Uttarakhand, have changed Name of my wife from Kabita Devi to Kavita Devi vide affidavit dated 31-01-2026 before court Lucknow Sadar.

I, No 20006663W L/Nk Palu Eswar Babu, s/o Pala Rameswarayya, r/o Karnool (AP), have changed my mother name from Psyamalamma to Pala Sayamalamma for all purposes vide Affidavit dated 31 Jan 2026 before Notary Public Ayodhya (Faizabad).

I, Humera Khatoon W/o Zahirul Haq R/o Salarganj Bahraich UP 271801 have changed my name to Humaira Khatoon for all purposes.

I, No 4107024H Rank Rfn Name Himmat Singh R/o Vill-Hargarh, P.O. - Mahalchori, Teh - Gairsain, Dist - Chamoli, State - Uttarakhand, Pin-246431, have changed Name of my mother from Devali Devi to Devali Devi vide affidavit dated 31-01-2026 before court Lucknow Sadar.

खोया एवं पाया

मेरे फ्लैट संख्या: ए-17/21, सुलभ आवास (एलआईजी), ट्रांसपोर्ट नगर, आलमबाग रोड योजना, लखनऊ का ओरिजिनल अपार्टमेंट लीज पत्रा रोड़ आतिफ्मा पर कहीं खो गया है जिस किसी को भी मिले तो मुझसे संपर्क करे। नाम:संजय कुमार सोमवाल मोबाइल नंबर-8230012681

मैं राकेश आचार्य पुत्र कमल किशोर आचार्य निवासी 6 समर विहार कॉलोनी आलमबाग लखनऊ घोषणा करता हूँ कि मेरे भूखण्ड संख्या 8 सी० पूर्वांचल योजना का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गया है

To Book your Classified Ads, Please call - Kuldeep 9044122662
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

ARCADE
education

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662, Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha - 9415019274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN Print Radio Digital

TIMES interact
टीकाकरण कराएं
VACCINATION
18+ होने के पहले
XYZ Hospital Lucknow
CATEGORY SERVICE
Publication: TOIL+KNP+TOILC+ALLVAR+ETL+NBTL
PHYSICS Home Tutorial Class IX to XII at your cap 90% Plus in Board Exam also Join English Speaking Course
ROL sample ad 5 lines
CD Sample ad 5 cm x 3 cm

Scheme	Cost ROL	Cost CD
1	₹1,400	₹6,150
4+1	₹5,600	₹24,600
7+2	₹9,800	₹43,050
10+3	₹14,000	₹61,500
19+6	₹26,600	₹1,16,850
25+8	₹35,000	₹1,53,750

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm
Contact:
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES



4th Death Anniversary

Late Group Captain Manish

03/02/2022

On the occasion of your 4th death anniversary, family, relatives and well-wishers remember you with love and bow down to you. Time cannot erase your cherished memories. You will always remain in our hearts and thoughts. Your unique contribution to the security of the nation will always be remembered with pride.
You will always be a source of inspiration for the Indian Air Force and for all of us.
- Heartfelt tribute -
R.Y. Yadav and family- 51 A, Vishnupuri Extension, Church Road, Aliganj, Lucknow

17th Death Anniversary

LATE SHRI RATAN LAL AGARWAL (ADVOCATE)

03.02.2009

We miss you every moment of our lives. Your presence continues to surround us. You still lives in our heart and mind of loving family you left behind. Remembering: Shashi Bala (Wife), Ramnik, Rajiv, Rajesh, Ranjana, Reena, Chandranshu and Family Members.

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi@timesofindia.co Time: 02-03-2026 00:33 Color:

फटाफट खबरें

डेटा चोरी कर अपनी कंपनी बनाने का आरोप

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णानगर में एक निजी ई-कॉमर्स कंपनी के प्रॉजेक्ट हेड ने कर्मचारी पर गोपनीय डेटा चोरी कर नई फर्म बनाकर व्यापार करने का आरोप लगाया है। एलडीए कॉलोनी स्थित कलर पेपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रॉजेक्ट हेड रजत कुमार श्रीवास्तव के अनुसार कंपनी विभिन्न उत्पादों का ऑनलाइन व्यापार करती है। कंपनी में कार्यरत उन्नाव निवासी अजीत कुमार सिंह ने अपने रिश्तेदार, मनीष कुमार यादव के साथ मिलकर कंपनी का गोपनीय डेटा, क्लाइंट डिटेल्स और व्यावसायिक जानकारी चुरा ली। दोनों ने 'शिवा' नाम से नई फर्म बनाकर उसी डेटा का उपयोग कर व्यापार शुरू कर दिया, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। कृष्ण नगर कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

उन्नाव के गैंग ने चुराया था चार टन सरिया

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सीपी की स्वाट टीम और बीबीडी पुलिस ने चार टन सरिया चोरी करने वाले चार चोरों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरों के पास से 23 बंडल सरिया और चोरी में इस्तेमाल सरिया बरामद की है। एडीसीपी नॉर्थ ने बताया कि पकड़े गए चोर उन्नाव के सोहरामऊ निवासी मंडलाल यादव, अखिलेश कुमार, दीपक यादव और जमदीप यादव हैं। चारों 26 जनवरी की को उन्नाव से चावल लेकर महिंद्रा स्थित नरसिंह कॉलोनी में मकान का निर्माण करवा रहे हैं। आरोप है कि बीते शुक्रवार को पंकज मिश्रा और ओकारनाथ दुबे, निवासी सागरपुर पूरम कॉलोनी, उनके अधिनिर्मित मकान पर पहुंचे और उसे किसी अन्य व्यक्ति को टिकाकर बेचने की बात कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने धक्का-मुक्की की, जिससे पीड़ित नीचे गिर पड़े और उनके घुटने में गंभीर चोट आ गई। पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

रिटायर्ड सैनिक से मारपीट, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, आलमबाग : पीजीआई इलाके में एक सेवानिवृत्त सैनिक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। सेना से रिटायर्ड पीड़ित श्रीकांत तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शक्तिपुर नौलमघा के निवासी हैं। वह हैबतमऊ मवईया, चरण भट्टा रोड स्थित नरसिंह कॉलोनी में मकान का निर्माण करवा रहे हैं। आरोप है कि बीते शुक्रवार को पंकज मिश्रा और ओकारनाथ दुबे, निवासी सागरपुर पूरम कॉलोनी, उनके अधिनिर्मित मकान पर पहुंचे और उसे किसी अन्य व्यक्ति को टिकाकर बेचने की बात कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने धक्का-मुक्की की, जिससे पीड़ित नीचे गिर पड़े और उनके घुटने में गंभीर चोट आ गई। पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर FIR

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इटौंजा के अटेसुवा गांव निवासी उधम सिंह पर सोशल मीडिया के जरिए जातिसूचक वांतिया देकर दंगा भड़काने का आरोप लगा है। विडियो और फेसबुक स्टोरी के माध्यम से एक समाज वर्ग को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी गई। समासंद की तहरीर पर रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इटौंजा के महोना डॉर्ड पांच के समासद मनोज रावत ने बताया कि अटेसुवा निवासी उधम सिंह ने एक विशेष वर्ग के खिलाफ जातिसूचक और भद्दी गालियां दीं। आरोप है कि उधम सिंह ने कमर में अवैध असलहा लगाकर लोगों को धमकाया और फेसबुक स्टोरी के जरिए विधायक, सांसद, मंत्री और पुलिस को खुली चुनौती दी। एक वर्ग विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाई। इंस्पेक्टर इटौंजा मंगलेश यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

दुबग्गा में मकान से करोड़ों के गहने चोरी

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा के लालनगर में चोरों ने एक मकान में अलमारी का लॉकर खोलकर लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार जन्मदिन की पार्टी में गया हुआ था। पुलिस आरोपित की हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लालनगर निवासी सलमा खान बेटे सलमान और बहू जैनब के साथ रहती है। रविवार की शाम भाई इनाम खान के घर पारिवारिक कार्यक्रम में जाना था। अलमारी खोलने पर देखा तो लॉकर खुला हुआ था और उसमें रखी लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात गायब थे। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

हेड कॉन्स्टेबल की तबीयत बिगड़ी, मौत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पुलिस लाइन्स में तैनात हेड कॉन्स्टेबल को निजी बैंक में गारद ड्यूटी के दौरान बेहोश होने पर वैकवर्मियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। देवरिया के सकरा पर खुर्द निवासी सुशील सिंह (49 वर्ष) पुलिस लाइन्स में हेड कॉन्स्टेबल थे। वे विजेंद्र खंड स्थित एक निजी बैंक में गारद ड्यूटी कर रहे थे। तबियत खराब होने पर उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बदमाशों ने जब नाक पर रूमाल रखा तो ईवान ने रोक ली सांस

कृष्णानगर में सूझबूझ और बहादुरी दिखाते हुए बच्चा अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूट कर भागा

■ NBT न्यूज, कृष्णनगर : कृष्णनगर इलाके में पंडित खेड़ा इंदिरापुरी में बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाशों ने 11 वर्षीय बच्चे को अगवा करने का प्रयास किया। बच्चे ने सूझबूझ और बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों से मोर्चा ले लिया। वह बदमाशों के चंगुल से छूट कर घर पहुंचा। उसने परिवारीजनों को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

कृष्णानगर इलाके के पंडित खेड़ा इंदिरापुरी कालोनी में जितेंद्र शर्मा अपने दो बेटों अर्णव (15), ईवान (11) और पत्नी नीतू शर्मा के साथ रहते हैं। वह हरदोई में केंद्रीय विद्यालय में कार्यरत हैं। उनका बेटा ईवान मानकनगर स्थित आरडीएसओ रेलवे कालोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय में चौथे कक्षा का छात्र है। ईवान के मुताबिक वह रविवार शाम करीब 6:30 बजे अपने घर के पड़ोस में ही स्थित दुकान से पेंसिल खरीद घर लौट रहा था।

एक बदमाश के हाथ पर काट लिया : ईवान के मुताबिक सुनसान स्थान पर काली स्प्लेंडर सवार नकाबपोश दो बदमाश उसके पास आकर रुके। बदमाशों ने उसे घर छोड़ने के लिए कहा। ईवान ने बदमाशों के साथ जाने से मना कर दिया। तभी एक बदमाश बाइक से उतरा और उसे पकड़ लिया। ईवान ने शोर मचाने का प्रयास किया जो उसके मुंह पर दबाई लगा हुआ रूमाल लग दिया। पीड़ित ईवान के मुताबिक उसे महसूस हो गया था कि रूमाल में बदमाशों ने नशीली दवा लगा रखी है इसलिए उसने सांस रोक ली। उसने बदमाश से मोर्चा ले लिया। बदमाश का हाथ मुंह से झटका देकर हटा दिया। इसके बाद भी बदमाश उसे पकड़े हुए था। ईवान ने बदमाश की पकड़ ढीली करने के लिए दांत से हाथ पर काट लिया। जैसे ही बदमाश की पकड़ ढीली हुई वह बदमाश के चंगुल से छूट कर मौके से भाग निकला।

AI Image

पुलिस पर देर से पहुंचने का आरोप : ईवान भाग कर घर पहुंचा। वह काफी घबराया हुआ था। मां ने उससे बात की। उसने मां को आपबीती सुनाई। परिवारीजनों ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस देढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची। जिस ने घटना के संबंध में कृष्णानगर पुलिस को तहरीर दे दी है। मां नीतू शर्मा ने बताया कि उनकी किसी से दुश्मनी नहीं है। इस घटना से पीड़ित परिवारीजन डरे हुए हैं। उन्हें लग रहा है कि कहीं फिर से ऐसा कोई प्रयास न हो। ईवान ने बताया कि बदमाशों ने बाइक की नंबर प्लेट टूटा रखी थी।

11 दिन बाद थी शादी, खड़े डंपर से टकराई बाइक, युवक की मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ

दोस्त को अपनी शादी का कार्ड देकर घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा रविवार रात बीबीडी में आनंदी वॉटर पार्क के पास हुआ। पुलिस का कहना है कि बाइक सवार दोनों युवक खड़े डंपर से टकरा गए थे। शादी की तैयारियों के बीच मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सोमवार को शव पोस्टमॉर्टम के बाद गांव पहुंचा तो सबकी आंखे नम हो गईं।

9 फरवरी को था तिलक, 11 को महमूदाबाद जानी थी बारात

गुडंबा के श्रीकृष्ण पुरवा निवासी मनोज कुमार का बड़ा बेटा गोपी कुमार कार चलाता था। 9 फरवरी को उसका तिलक था, 11 फरवरी को बारात महमूदाबाद जानी थी। रविवार को गोपी बारांबंकी के मिताई निवासी ममेरे भाई गोविंद कुमार के साथ शादी का कार्ड देने जुग्गौर के पास गया था। वहां से लौटते समय शाम करीब साढ़े सात बजे उनकी बाइक नेवाज पुरवा में आनंदी वॉटर पार्क के पास खड़े डंपर से टकरा गई। राहगीरों से जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने घायल गोपी और गोविंद को लोहिया संस्थान में भर्ती करवाया, जहां गोपी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि हालत नाजुक देख गोविंद को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां गोविंद की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

हादसे में घायल गोविंद गोपी के मामा देवराज का बेटा है। देवराज ने बताया कि दोनों ममेरे भाई थे लेकिन सगे भाइयों जैसा प्यार था। गोपी की शादी को लेकर गोविंद सबसे ज्यादा उत्साहित था। पिछले 15 दिनों से वह गोपी को शादी की तैयारियों में हाथ बंटा रहा है।

आनंदी वॉटर पार्क के पास कार्ड बांटने के दौरान हुआ हादसा

गोपी (फाइल फोटो)

मातम में बदल गई शादी की खुशियां

गोपी के परिवार में पिता मनोज कपड़े प्रेस करते हैं, मां मंजू गृहणी हैं। दो छोटे भाई संतोष और आकाश हैं। घर में पहली शादी की तैयारियों में जुटा परिवार बेहद खुश था। अचानक गोपी की मौत की खबर पता चलते ही मंजू बेसुध हो गईं। मनोज और दोनों भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल था, जिसके सिर पर 11 दिन बाद सेहरा बंधना था, सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद कफन में लिपटा गोपी का शव जब घर पहुंचा तो वहां मौजूद हर शख्स गमजदा नजर आया। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह का कहना है कि उधर को कब्जे में ले लिया गया है। घालक की तलाश की जा रही है। परिवारीजनों से अंतिम संस्कार के बाद संपर्क किया जाएगा।

टायर में फंसी गिट्टी निकाल रहे चालक को कुचला, गई जान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बीबीडी इलाके में किसान पथ पर ट्रक के टायर में फंसी गिट्टी निकाल रहे चालक को एक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। बीबीडी पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

बिहार के छपरा इलाके में सुरेंद्र कुमार सिंह (38) परिवारीजनों के साथ रहते थे। वह ट्रक चलाकर परिवार का खर्च चला रहे थे। वह घर के पास ही रहने वाले अपने दोस्त पप्पू राय के साथ मुजफ्फरपुर से दिल्ली के लिए ट्रक से निकला था। रविवार को सुरेंद्र ट्रक लेकर किसान पथ से कानपुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में टायरों से आवाज आने लगी। रात करीब 8:30 बजे सुरेंद्र ने बीबीडी स्थित नरेंद्री गांव के पास किसान पथ पर सड़क में ट्रक को रोक कर टायर चेक करने लगे। पप्पू के मुताबिक सुरेंद्र को दो टायरों के बीच में गिट्टी फंसी दिखी। वह गिट्टी निकालने का प्रयास करने लगे। इसी बीच एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दोस्त ने पुलिस की मदद से सुरेंद्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बीबीडी इलाके में किसान पथ पर हुआ हादसा

घटना की सूचना पर भाई वीरेंद्र और अन्य परिवारीजन लखनऊ पहुंच गए। भाई वीरेंद्र ने बताया कि सुरेंद्र के परिवार में पत्नी सोनी और बेटा सौरभ है। दोस्त पप्पू राय ने पुलिस को बताया कि सुरेंद्र जब टायर से गिट्टी निकाल रहे थे, इस दौरान एक उंपर तेज रफ्तार में निकला था। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

ट्रक ने युवक को रौंदा

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : लखनऊ की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर कर सामने से आ रहे बाइक सवार को रौंद दिया। उल्टी दिशा से भगते समय कई और वाहन चालक राहगीर जान बचाकर बचे। पुलिस ने पीछा करके चालक को रहीमाबाद चौराहे से गिरफ्तार किया है।

इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिपुनायक ने बताया कि लखनऊ से ट्रक हरदोई की तरफ आ रहा था। तभी मलिहाबाद और मिर्जापुर के बीच में तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर से टकराकर दूसरी तरफ सड़क पर आ गया। रहीमाबाद से लखनऊ जा रहे बाइक सवार शुभम निवासी सिधौली को रौंदता हुआ उल्टी दिशा में तेज रफ्तार से भागने लगा। शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक का पीछा करते हुए घेराबंदी करके रहीमाबाद चौराहे पर ट्रक चालक संचिन निवासी हरदोई को हिरासत में ले लिया।

लखनऊ से हरदोई जा रहा था ट्रक

थार से उड़ाई बैरिकेडिंग, चलती गाड़ी में किया स्टंट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार इलाके में सड़क सुरक्षा और कानून को चुनौती देता एक विडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। विडियो में एक युवक बिना नंबर की थार से न सिर्फ पुलिस बैरिकेडिंग को टक्कर मारकर उड़ाता दिख रहा है, बल्कि चलती गाड़ी से बाहर निकलकर खतरनाक स्टंट भी कर रहा है।

वायरल विडियो गोमतीनगर विस्तार की जी-20 रोड का बताया जा रहा है। विडियो में साफ दिख रहा है कि सफेद रंग की थार पर सवार युवक ने रफ्तार का कहर बरपाते हुए पुलिस की बैरिकेडिंग को जोरदार टक्कर मारी। युवक ने खुद इस रील को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अग्रवाल का कहना है कि थार सवार की पहचान और मामले की जांच की जा रही है।

इंजिनियर ने किया सुइसाइड, घरवाले बोले-बिजनेस पार्टनर ने किया घपला

■ NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी : सुशांत गोल्फ सिटी थानक्षेत्र में रहने वाले सिविल इंजिनियर शिवम त्रिवेदी ने पंखे में चादर के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। परिवारीजनों का आरोप है कि पार्टनर ने फ्रौड में फंसा दिया था, इस बात से शिवम परेशान था।


FILE

बलरामपुर का निवासी था शिवम त्रिवेदी, सुशांत गोल्फ सिटी इलाके की घटना

बलरामपुर के शिवम त्रिवेदी सुशांत गोल्फ सिटी में रिसिता मैनहटन में टावर नंबर A2 के फ्लैट संख्या 407 में किराए पर फ्लैट लेकर रहते थे। एक फरवरी की शाम मकान मालिक फ्लैट पर पहुंचा। काफी देर तक आवाज लगाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद फ्लैट मालिक और सिक्योरिटी गार्ड ने विडियो बनाते हुए फ्लैट का दरवाजा तोड़ा और अंदर जाकर देखा तो शिवम पंखे के सहारे फंदे से झूल रहा था। पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुइसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

शिवम के फूफा विनय कुमार द्विवेदी गोंडा की मेहनौन विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं। शिवम के परिवार में पिता रामेश त्रिपाठी, मां, छोटे भाई प्रखर और अभिषेक हैं। परिवारीजनों का कहना है कि इस मामले को लेकर वह जल्द ही सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करवाएंगे।

एन बी सी सी NBCC
A Navratna CPSE
ASPIRE

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली
आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट

एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 10.02.2026
ई-नीलामी 11.02.2026 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है
प्री-बिड मीटिंग दिनांक 03-02-2026 को आयोजित की जाएगी

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:

#ConmanVsCommonMan

© Bennett, Coleman & Company Ltd., All rights reserved

अक्सर, शैतान वेश बदल के आता है।

अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त अटैचमेंट को कभी न खोलें,
नहीं तो स्केमर आपके फोन पर नियंत्रण कर लेगा
और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करता है,
तो बस कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI
भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr./02/25/142

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG6 User: neeraj.chaturvedi@timesofindia Time: 02-03-2026 00:30 Color:

18 स्वर्ण, 10 रजत जीत कर यूपी बना नैशनल कोबुडो मार्शल आर्ट्स चैंपियन

नौ स्वर्ण, 15 रजत व 20 कांस्य जीतकर दूसरे स्थान पर रहा राजस्थान

सिटी स्पोर्ट्स

■ NBT न्यूज, लखनऊ : तीसरे नैशनल कोबुडो मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और एक बार फिर चैंपियन बना। यूपी ने धमाकेदार मुकाबले खेले और 18 स्वर्ण पदक जीते।

गोमती नगर स्थित स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में रविवार को उत्तर प्रदेश ने 18 स्वर्ण, 10 रजत व 40 कांस्य सहित कुल 68 पदक जीते। दूसरे स्थान पर राजस्थान ने नौ स्वर्ण, 15 रजत व 20 कांस्य सहित 44 पदक हासिल किए। असम ने छह स्वर्ण, आठ रजत व 10 कांस्य सहित 24 पदक पर कब्जा जमाया। चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश से विवान अवस्थी, शौर्य वर्मा, आयुष चौधरी, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, रितेश, अलंकृता, अक्षिता पांडेय, रासि शर्मा, अनुष्का पटेल और समर्थ राज समेत तमाम खिलाड़ियों ने स्वर्ण हासिल किए। सम्मान समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि कमर्शियल मध्यांचल विद्युत निगम लि. के निदेशक योगेश कुमार व विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब लखनऊ के विशाल सिन्हा और समग्र शिक्षा विभाग से समन्वयक संतोष मिश्रा ने विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया।

पैरा नैशनल तीरंदाजी में राजेश ने जीता ब्रॉन्ज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सीमित संसाधन और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शहर के राजेश मुसा ने दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास से राष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन करते हुए नैशनल तीरंदाजी में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। राजेश ने 7वीं एनटीपीसी पैरा नैशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और आर्चरी असोसिएशन ऑफ इंडिया की देखरेख में आयोजित हुई।

शतरंज चैंपियनशिप कल से

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नैशनल रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में यूपी का प्रतिनिधित्व करने को लेकर चार फरवरी से दो दिवसीय यूपी स्टेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन होगा। चैंपियनशिप के मुकाबले चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देशीय हॉल में खेले जाएंगे। लखनऊ शतरंज असोसिएशन के सचिव आनंद सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप में पहले दो स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए नैशनल चैंपियनशिप खेलेंगे। चैंपियनशिप में यूपी के जिलों से तकरीबन 200 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

UP करम टीम का जीत से आगाज़

सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पद्मश्री मो. शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम पर सोमवार 36वें करम ऑल इंडिया केदी सिंह बाबू सब जूनियर प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। टूर्नामेंट के पहले दिन यूपी से यूपी करम टीम ने जीत से आगाज किया। मेजर ध्यानचंद हरियाणा के खिलाफ यूपी ने इकतरफा जीत हासिल की और 10-0 से मुकाबला जीता।

टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र पर तीन मुकाबले खेले गए। पहले दिन के आखिरी मुकाबले में यूपी करम की ओर से अंशु पाल, प्रांजल पाल, देवांश चौरसिया ने दो-दो और सनी कुशवाहा, कृष सिंह, कप्तान मो. रिज्वान व पृथ्वीराज चौहान ने एक-एक गोल करने में सफलता हासिल की। यूपी ने हरियाणा के खिलाफ पहले दो क्वार्टर में शानदार तैयार करते हुए एक-एक गोल किए। तीसरे व चौथे क्वार्टर में यूपी ने हरियाणा पर धावा बोला और 4-4 गोल कर विपक्षी टीम के क्षेत्ररक्षण को ध्वस्त कर दिया।

अर्शिन, आलोक ने जमाई हैट-ट्रिक: हॉकी त्रिपुरा के खिलाफ अंडिशा नवल टाटा ग्रासरूट टीम ने 10-0 से इकतरफा मुकाबला जीता। अंडिशा से अर्शिन टोप्पो और आलोक अेरम ने हैट-ट्रिक जमाई। त्रिपुरा ने पहला क्वार्टर में अंडिशा का कड़ी चुनौती पेश की और मुकाबला गोलरहित रहा। दूसरे, तीसरे और चौथे क्वार्टर में अंडिशा ने क्रमशः तीन, चार, तीन गोल की मदद से जीत हासिल की। निर्मल मिंज और संदीप टोप्पो ने दो-दो गोल दागे। एक अन्य मुकाबले में, होली वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकैडमी पंजाब के सामने जय हॉकी अकैडमी तमिलनाडु मजबूत चुनौती नहीं पेश कर सका और 5-2 से मुकाबला हारा। टूर्नामेंट का उद्घाटन अजुंन अवार्डी व ओलंपियन मार्विन फर्नांडिस और केदी सिंह बाबू सोसाइटी के अध्यक्ष अमित घोष ने किया।

फटाफट खबरें

मांगों को लेकर एसीएस से मिला नर्सेज संघ

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लंबित मांगों को लेकर राजकीय नर्सेज संघ यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के एसीएस अमित कुमार घोष के साथ उनके कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव करुणेश कुमार सिंह, निदेशक नर्सिंग सीमा श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक नर्सिंग डॉ. आलोक कुमार श्रीवास्तव भी रहे। सोमवार को हुई बैठक में संघ की अध्यक्ष शर्ली मंडारी, महामंत्री अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नीलांशु वर्मा, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार और पवन कुमार मिश्रा ने भी लंबित मांगे पर अब तक आदेश निर्गत न होने पर चर्चा की। मांग की नर्सेज की तैनाती गृह जनपद में हो।

स्थापना दिवस पर 64 छात्रों ने ली शपथ

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पीजीआई के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के 17वें स्थापना दिवस समारोह में बीएससी नर्सिंग 2025-26 बैच के विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। 64 छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग सेवा की शपथ ली। नर्सिंग अधीक्षक मंजू सिंह और ट्यूटर एलिस जोसेफ ने शपथ दिलाई। समारोह का आयोजन संस्थान के निदेशक प्रो. अरुके धीमन की अगुवाई में हुआ, ई-न्यूज लेटर रिदम-IV का विमोचन भी किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राधा के, ने कॉलेज की वार्षिक गतिविधियों पर रोशनी डालते हुए बताया कि संस्थान नर्सिंग शिक्षा के साथ मानवीय मूल्यों को भी अहमियत देता है। मुख्य अतिथि पीजीआई के डीन प्रो. शालीन कुमार ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा की मजबूत नींव हैं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार बिश्नोई, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. देवेंद्र गुप्ता और अन्य मौजूद रहे।

राजेंद्र जल संस्थान कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष

■ NBT न्यूज, लखनऊ : यूपी जल संस्थान कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को जलकल विभाग के परिसर में हुआ। अधिवेशन के बाद हुए सम्मेलन की प्रदेश कार्यकारिणी के हुए चुनाव में राजेंद्र यादव अध्यक्ष और प्रवीण कुमार वर्मा महासचिव चुने गए। अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष पद पर रमेश प्रकाश मिश्रा चुने गए। आलोक भट्टाचार्य वरानसी इकाई और कृजलाल लखनऊ इकाई के उपाध्यक्ष चुने गए। कार्यक्रम में राम खिलाड़ी, सुरेश श्रीवास्तव, नेबू लाल, श्याम शरण गुप्ता, अवधेश नारायण चतुर्वेदी मौजूद रहे।

शारदेय सम्मान से सम्मानित हुईं विभूतियां

■ NBT न्यूज, लखनऊ: शारदेय प्रकाशन के 11वें स्थापना दिवस पर सोमवार को हिंदी संस्थान में पुस्तक लोकार्पण व सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में डॉ. बलवन्त सिंह (कृष्णा श्री सम्मान), प्रमित शंकर (श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान) और इला शर्मा (श्रेष्ठ छात्र सम्मान) को सम्मानित किया गया। इस दौरान चार पुस्तकों 'काव्य कंचन', 'जर्नल लोककथाएं', शिप्रा चतुर्वेदी की अनुवादित कृति और निवेदिता श्री 'दशमेश पिता गुरु गोविन्द सिंह' का लोकार्पण मुख्य अतिथि डॉ. विश्वम्भर शुक्ल, नमिता उपाध्याय व डॉ. मीनू खरे ने किया। अध्यक्षता धनंजय सिंह व संचालन अलका प्रभोद ने किया। समारोह में डॉ. शोभा बाजपेई, स्वर्णिका कंडेरी, सौरभ आस्थी ने कार्यक्रम किया।

CMS में गूंजा सर्वधर्म समभाव का संदेश

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सी.एम.एस. राजाजीपुरम द्वितीय कैंपस में सोमवार से 'धार्मिक सद्भावना सप्ताह' का आगाज हुआ। इस मौके पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित विभिन्न धर्मों के गुरुओं ने शिरकत कर सामाजिक सौहार्द और एकता की अपील की। कार्यक्रम की थीम 'नैतिक समानता' पर आधारित रही। हेडमिस्ट्रेस ख्याति लाल ने बताया कि सप्ताह भर पैनल डिस्कशन और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। छात्रों ने गीत और लघु नाटिका के जरिए शांति का संदेश दिया।

डॉ. अनिल रस्तोगी सम्मानित

■ NBT न्यूज, लखनऊ: संगीत नाटक अकादमी परिसर स्थित संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में सोमवार को नाटक 'खोल' का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिनेता, वैज्ञानिक एवं समाजसेवी पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी को रंग सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनीता एस. पांडेय मौजूद रही।

कैप्टन कौशल जोशी को कमांडेंट रोलिंग ट्रोफी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी) के समाप्ति पर सोमवार को एएमसी सेंटर में परेड आयोजित की गई। जिसमें कैप्टन कौशल जोशी को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ अधिकारी चुना गया और उन्हें कमांडेंट रोलिंग ट्रोफी से सम्मानित किया गया। वहीं, कैप्टन सौरभ साहिबराय सालुखे को फील्ड स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी चुने जाने पर मेजर लेफ्टराम ज्योतिन सिंह अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी मिली। एएमसी सेंटर में मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-255 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी), आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। नौ हफ्ते के इस कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स को इंटेंसिव कॉम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी गई। ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया।

चुंबकीय संकेतों से समझते हैं पृथ्वी का अतीत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : रॉक मैग्नेटिज्म के जरिए चट्टानों, मिट्टी और अवसादों में मौजूद चुंबकीय संकेतों से पृथ्वी के अतीत को समझा जा सकता है। यह बात बीरबल साहनी पुरा विज्ञान संस्थान में आयोजित पृथ्वी विज्ञान में रॉक मैग्नेटिज्म पर क्षमता निर्माण कार्यशाला में मुख्य अतिथि पंजाब यूनिवर्सिटी के एमेरिटस प्रोफेसर प्रो. अशोक सहनी ने कही। उन्होंने बताया कि रॉक मैग्नेटिज्म और पुरा चुंबकत्व आधारित अध्ययनों से दक्षिण एशिया की कुछ चट्टानों और जीवाश्मों की वास्तविक आयु निर्धारित हो सकी, जो पहले गलत मानी जा रही थी। इससे भूवैज्ञानिक काल निर्धारण में इस तकनीक की उपयोगिता सिद्ध होती है।

चांद को छूने वाले इंसा, देख तमाशा लकड़ी का...

महिंद्रा सनतकदा लखनऊ महोत्सव में सजा कविता कहानी और किस्सों का मंच

■ NBT न्यूज, लखनऊ

चांद को छूने वाले इंसा, देख तमाशा लकड़ी का...कैसरबाग की सर्फेट बगदादी, राजा राम पाल सिंह पार्क, अमीर-उद-दौला लाइब्रेरी में महिंद्रा सनतकदा लखनऊ महोत्सव में सुनाई गई इस कविता में इंसान के जीवन में लकड़ी से जुड़ाव को दर्शाया गया है। महोत्सव में इसके अलावा बंगाली संस्कृति, चौक में कारीगरों के हुनर, उर्दू अफसाने भी सुनाए गए। महोत्सव के छोटे से दायरे में पुराने लखनऊ की पहचान दिखी। महोत्सव मंगलवार को समाप्त हो जाएगा।

बंगाली संस्कृति के साथ उर्दू अफसाने भी सुनाए गए

तिलस्मी दुनिया में खो गए श्रोता : दास्तान गो कामील जफरी की दास्तानगोई में तिलस्मी दुनिया के एक नजारे का दिखाया गया। जहां चोटी का जंगल होता है, खून की नदी, मछलियां मोती खाते हैं, इस तरह एक तिलस्म में श्रोता कुछ समय के लिए खो गए। उन्होंने कविता चांद को छूने वाले इंसा, देख तमाशा लकड़ी का... सुनाया तो श्रोता भावुक हो गए।

लोक गीतों में दिखी बंगाली लोक संस्कृति : दिन का समापन रागेश्री दास की सुर संगीत: ए म्यूजिकल ओडिसी... से हुआ, जिसमें उन्होंने पूर्वांचल और बंगाली ध्वनियों का मिश्रण था। उसमें बंगाली लोक गीतों के जरिए उनकी संस्कृति से लोग परिचित हुए।

पट्टचित्र में दिखाई दी पौराणिक कथाएं: सर्फेट बगदादी में चित्रकार रूपसोना की सुहाना पट्टचित्र की प्रदर्शनी यहां के लोगों को भी अपनी ओर खींच लाई। चित्रकार रूपसोना ने बंधपन से ही पश्चिम बंगाल के कालिघाट चित्रकला की परिकारिक विरासत को संभाला है। पट्टचित्र ओडिशा और पश्चिम बंगाल की प्राचीन कपड़े पर आधारित लोटा चित्रकला है, जिसे हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित दृश्य और नाटकीय कथावाचन के रूप में पेश किया गया।

घास से बनाए गए उपयोगी सामान: कोलकाता की कटम हाट क्राफ्टेड्र्स प्राइवेट लिमिटेड ने हाथों से घास-बांस से बनाए गए भोजन-पात्र से लेकर सजावटी टोकरियों तक दर्शाए गए हैं।

रेजिडेंसी की घेराबंदी को कहानियों से जोड़ा: टीप टाइम इंडिया की ओर से वॉर प्रॉनिकल्स: रेजिडेंसी वॉक ने 1857 के विद्रोह के दौरान ब्रिटिश रेजिडेंसी पर 148 दिनों की घेराबंदी को कहानियों और हिंदुस्तान की व्यापक सैन्य इतिहास से जोड़ा। ईशान शर्मा द्वारा संचालित डमरुवा जान कार टूर ने सिनेमा को ऐतिहासिक लेंस बनाकर 19वीं सदी के अवध का इतिहास बताया। कैसरबाग, ब्रिटिश रेजिडेंसी, चौक और अमीनाबाद होते हुए ये टैरा तवायफों की सांस्कृतिक दुनिया, वाजिद अली शाह के दरबारी संरक्षण, 1857 के प्रभाव और लखनऊ की अर्थव्यवस्था व शिल्पों के बदलाव पर केंद्रित रहा।

हजरतगंज के कम चर्चित विरासत गलियारे को उजागर किया: बासिल हाशमी द्वारा गाइडेड मकबरा रोड फोटो वॉक ने हजरतगंज के कम चर्चित विरासत गलियारे को उजागर किया, जो सिकंदराबाद इमामबाड़ा पर समाप्त हुआ। एक स्थापत्य व आध्यात्मिक चिह्न जो इतिहास से गूंजता है।

चौक की गलियों में मास्टर कारीगरों से कराया रूबरू: नूर खान और नीरा कजुरिया द्वारा हुनर-ए-कारीगरी-ए-अवध शिल्प भ्रमण ने चौक की गलियों में मास्टर कारीगरों और जीवंत शिल्प प्रक्रियाओं से रूबरू कराया। उन्होंने चौक की गलियों में ले जाकर शिल्प की बारीकियों और कारीगरों से मिलवाया।

बंगाली गोल्पो में दिखी बंगाल की संस्कृति : मुक्ता चटर्जी, दीक्षी बनर्जी, मेनालिसा चौधरी और दिव्या भट्टाचार्य ने परंपरागत बंगाली गोल्पो ने बंगाली जीवन के निनी किस्से, गीत और संस्मरणों को सुनाया।

'आय की जगह लोगों का जीवन स्तर सुधारें'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: भूख और गरीबी एक वैश्विक समस्या है। पांच प्रमुख स्तंभों पर गरीबी की निर्धार करती है जिसमें पोषण, सुरक्ष ज्ञान, शिक्षा, गरीबी का जाल और छोटे प्रयासों की शक्ति शामिल है। अमूमन ये धारणा पाई जाती है आय के स्तर में वृद्धि होने से पोषण का स्तर सुधर जाता है। जबकि ऐसा नहीं है। आय बढ़ाने की तुलना में लोगों की प्राथमिकताओं और व्यवहार में परिवर्तन लाया जाए तो इससे अधिक प्रभावी परिणाम मिल सकते हैं। यह बात नोबेल पुरस्कार विजेता व अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने एलयू में कही।

लखनऊ विश्वविद्यालय में सनतकदा महोत्सव के सहयोग से सोमवार को अभिजीत बनर्जी का व्याख्यान आयोजित किया गया। एलयू वीसी प्रो. नेरी गैनी, डीन अर्पिंदर मोहन, प्रो. बनर्जी का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। व्याख्यान में प्रो बनर्जी ने भूख और वैश्विक गरीबी जैसी समस्याओं के समाधान पर प्रयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत में लोगों को लगता है वह मैक्युलर ऑप्रिन्योर है। हर आदमी स्टार्टअप शुरू कर व्यापार कर सकता है। मैं अगर स्टार्टअप शुरू करूं तो निश्चित फेल हो जाएगा। क्योंकि हर व्यक्ति ऑप्रिन्योर नहीं हो सकता। हां जीवन में प्रयोग जरूर करने चाहिए। स्वास्थ्य वह प्रयोग सबसे जरूरी है जिसमें आप फेल हो जाते हैं। क्योंकि वो सिखाते हैं कि आपको क्या नहीं करना है। कोई भी तंत्र है जो समय के साथ विकसित होता है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, मनोज कुमार सिंह, पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त प्रदीप भटनागर, अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी, अमित घोष, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अग्रवाल समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे।


नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अभिजीत बनर्जी ने दिया एलयू में व्याख्यान

कैरिकुलम है शिक्षा की समस्या : प्रो. बनर्जी ने कहा कि इंडिया में शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या यहां का कैरिकुलम है। लोगों को लगता है कि शिक्षक अच्छे नहीं या सरकारी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। जबकि यहां का कैरिकुलम ऐसा पढ़ाया जा रहा है जिसमें बच्चों को स्वतंत्रता ही नहीं है। शिक्षक जैसा लिखा है वैसा ही रटने या पढ़ने को कहते हैं। उससे इस अगर बच्चा कुछ करता है तो फेल हो जाएगा। ऐसे में बच्चे इनोवेशन की जगह एक ही लकीर पर बढ़ रहे हैं। जबकि शिक्षा में स्वतंत्रता हो कि हर बच्चा अपने ढंग से पढ़ाई कर सके।

करेला झील को प्रदूषणमुक्त करने के लिए नमूने लिए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमती टास्क फोर्स (जीटीएफ) ने मोहनलालगंज की करेला झील को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सोमवार को अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इस मौके पर आर्द्रभूमि में जल के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर झील के जल को शुद्ध कराने की कवायद शुरू की जाएगी।

विश्व आर्द्रभूमि दिवस : जीटीएफ के सदस्यों ने स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाया

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को जीटीएफ 137 कम्पोजिट इकोलॉजिकल टास्क फोर्स बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी), 39 गोरखा राइफल्स, पर्यावरण विज्ञान विभाग, बीबीएयू की संयुक्त टीम ने मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा स्थित करेला झील में सफाई अभियान चलाया। इसके अलावा मोहनलालगंज तहसील में स्वच्छता व जन-जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के पारिस्थितिक महत्व को रेखांकित करने के साथ ही प्रदूषण और क्षरण से से संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना है। अभियान में बीबीएयू के टीचर, शोधार्थी, विद्यार्थी, गोमती टास्क फोर्स के जवानों के अलावा गांव के लोग व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। बीबीएयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. वेंकटेश दत्ता ने कहा कि आर्द्रभूमियां पारिस्थितिकी तंत्र की 'प्राकृतिक किडनी' की तरह कार्य करती है। आर्द्रभूमियां भूजल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण और जैव-विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान शोधार्थियों ने आर्द्रभूमि से जल नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए हैं।

मरीज की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

■ NBT न्यूज, काकोरी: दुबग्गा के इटौली गांव निवासी किसान गंगाराम यादव (36) के पैर में दर्द की शिकायत पर परिवारीजनों ने उन्हें दुबग्गा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के लिए परिवारीजनों ने नेवर बेच दिए और लाख पर रकम भी लिया। लेकिन डॉक्टर की लापरवाही के चलते मरीज की मौत हो गई।

इटौली गांव निवासी गंगा राम यादव भाजपा के मंडल मंत्री के भाई थे। परिवारीजनों के अनुसार गंगाराम के पैर में दर्द हो रहा था। 16 जनवरी को दुबग्गा के विकल्प अस्पताल के डॉक्टरों ने पैर में पस बन जाने की बात कहकर भर्ती कर लिया। 15 दिन बाद हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने कहीं और ले जाने की बात कहते हुए मरीज को नवरत्न डिस्चार्ज कर दिया। परेशान परिवारीजन मेदांता हॉस्पिटल ले गए। मेदांता अस्पताल में रविवार शाम को उनकी मौत हो गई।

इलाज के नाम पर 7 लाख रुपये ऐंठने का आरोप: परिवारीजनों ने बताया कि विकल्प अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर विवेक वर्मा ने इलाज के नाम पर 7 लाख रुपये ऐंठ लिए।

वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना कि डेढ़ लाख रुपये जमा कराए गए थे, आरोप निराधार हैं। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि परिवारीजनों ने कोई शिकायत नहीं की है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड में जुटेंगे पर्यावरण प्रेमी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: वेटलैंड-डे के उपलक्ष्य में सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड में एलडीए की ओर से जागरूकता कार्यक्रम होगा। मंगलवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों का जमावड़ा लगेगा। कार्यक्रम में बर्ड वॉचिंग, स्वच्छता अभियान, क्विज कॉन्टेस्ट, पेंटिंग और फोटोग्राफी प्रतियोगिता के आयोजनों के माध्यम से बच्चों व युवाओं को प्रकृति से रूबरू कराया जाएगा।

वेटलैंड-डे के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम कराएगा एलडीए

एलडीए वीसी प्रद्युम्न कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने सीजी सिटी में इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पीछे 37 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में वेटलैंड विकसित किया है। जोकि शहर में ईको टूरिज्म का केंद्र है। वेटलैंड से शहर में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी व विदेशी पक्षियों के प्राकृतिक वास को बढ़ावा मिला है। वर्तमान में कई अलग-अलग प्रजातियों के पक्षियों ने यहां डेरा डाल रखा है। उन्होंने बताया कि बच्चों व युवाओं को पक्षियों के इस प्राकृतिक वास से रूबरू कराने और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वेट लैंड में पर्यटकों की सहूलियत के लिए बर्ड वॉचिंग हाईट, वॉच टावर व ब्यूईंग डेक निर्मित किए गए हैं, जहां से प्रकृति का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है।

प्लॉग रन से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कोहरे भरी सोमवार की सुबह कुकरैल वन प्रभाग की ओर से विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026 के मौके पर प्लॉग रन हुई। 5 किलोमीटर की यह दौड़ रसूलपुर तिराहा से मौलाना आजिटोरियम, कुकरैल तक हुई। प्रतिभागियों ने दौड़ के साथ-साथ सड़क पर पड़े कचरे को इकट्ठा कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अवध वन प्रभाग और जिला गंगा समिति लखनऊ की ओर से कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट में जन-जागरूकता और सहभागिता आधारित कार्यक्रम में हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी रहे। उन्होंने कहा कि ग्रीन स्पेसेज, वेटलैंड्स और जल निकायों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत जरूरी है।

'महिलाओं के लिए कुछ सोचा गया, ये अच्छी बात... पर महंगाई कम होनी चाहिए'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

केंद्रीय बजट पर महिलाओं की मिली जुली राय है। किसी का मानना है की शे मार्ट और इनेबेटिव फाइनेंसिंग से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो किसी ने इसे आर्थिक स्थिति मजबूत करने वाला बताया। हालांकि कई महिलाओं को बजट से निराशा भी हुई। उनका कहना है कि घरेलू चीजों पर कोई राहत नहीं दी गई है, गृहणियों को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया है।

AI Image

इनेबेटिव फाइनेंसिंग शहर की

महिलाओं और सोमार्ट से शामील महिलाओं में आत्मनिर्भरता आएगी। बैंकर की दवाओं का सस्ता करना और रेयर डिसीज की दवाओं पर छूट देना भी अच्छा कदम है।

कविता शुक्ला, आंबेप्योर, इंदिरानगर

यह बजट देश की आर्थिक स्थिति

को मजबूत करने वाला है। गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए कई राहतें दी गई हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर दिया गया है।

सविता शुक्ला, जनरल सेक्रेटरी, जन कल्याण समिति

न एलपीजी के दाम कम हुए और न ही घरेलू सामान पर ही कोई छूट दी गई। स्पेसिफिक सेगमेंट के लिए ही फायदे दिए गए हैं। टैक्स स्लैब में भी कोई छूट नहीं दी गई है।

मोनिका श्रीवास्तव, गृहणी, इंदिरानगर

बजट में महिलाओं के लिए न ही टैक्स स्लैब में छूट है और न ही कोई फायदा पहुंचाया गया है। पहले महंगे और सस्ते सामानों की लिस्ट देखने को मिलती थी अब तो कुछ भी स्पष्ट नहीं होता।

डॉ. अंजू पार्थीव, अध्यक्ष, नागरिक सेवा समिति

छात्राओं के लिए 800 हॉस्टल और पिकिलला के क्षेत्र में नए एम्स बनाने की घोषणा को न कही छात्राओं की पढ़ाई को मजबूत करेंगे। बिजनेस और स्टार्टअप से जुड़ी महिलाओं को भी फायदा दिया गया है।

नीरा मौर्या, बिजनेस वुमेन

बतौर महिला कर्मचारी टैक्स स्लैब में छूट नहीं दी गई, इस बार उम्मीद थी कि कुछ राहत मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वही पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही है उसकी चर्चा तक नहीं की गई।

रीना त्रिपाठी, शिक्षिका

बजट में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं है। लेकिन मूलभूत जरूरतों को एकदम नजरंदाज कर दिया गया। चाहे गृहिणी हो या कर्मचारी गैस और ब्रॉसरी के सामान के दाम कम होने चाहिए थे।

पांचनी शाही, नेहरू एन्क्लेव, योगसीनगर

बजट से जो उम्मीदें थी वो तो पूरी होती नहीं दिखी। बिजनेस, टूरिजम, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया गया है लेकिन आम आदमी- महिलाओं को सीधा लाभ मिले ऐसा कुछ नहीं है।

समरीन मुइज़, RJ

पशुपालन, डेयरी सेक्टर में बेहतरी की उम्मीद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: पशुपालन और डेयरी विभाग के लिए बजट बढ़ाए जाने से दोनों सेक्टर में लोगों को बेहतरी की उम्मीद है। केंद्रीय बजट में पशुपालन एवं डेयरी विभाग (डीएएचडी) के बजट में वृद्धि की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जहां विभाग का बजट 4,850 करोड़ रुपये था, उसे इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में बढ़ाकर 6,153 करोड़ रुपये किया गया है। जिससे देशभर के पशुपालकों, डेयरी उद्यमियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों ने ग्रमंत्रीओं से स्वागत किया है। इस बढ़ोतरी को पशु चिकित्सा सेवाओं, अवसंरचना और डेयरी क्षेत्र में उद्यमिता को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।

बजट बढ़ाने से

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: kranti.mishra@timesofindia.com Time: 02-03-2026 00:32 Color:

फटाफट खबरें

भारत के बाहर जन्मे नागरिक भी बन सकेंगे वोटर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : भारत से बाहर जन्मे नागरिक भी वोटर बनने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए उन्होंने ऑफलाइन फॉर्म 6 या फॉर्म 6A भरना पड़ेगा। दरअसल अभी तक भारत से बाहर जन्मे नागरिक आवेदन इसलिए नहीं कर पा रहे थे क्योंकि जन्म स्थान के कालम में देश से बाहर का विवरण भरने का विकल्प नहीं था। आयोग ने इस मामले के समाधान के लिए ऑफलाइन व्यवस्था की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिलों को इस संदर्भ में निर्देश भेजे है। बीएलओ एप मे वेटा एडी के समय देश का नाम दर्ज करने का विकल्प बना दिया गया है। बताया जा रहा है कि इसका सबसे अधिक लाभ सीमावर्ती जिलों मे नेपाल से आई उन महिलाओं को होगा जो शादी करके भारत मे बस गई है।

121 दरोगा इंस्पेक्टर बने, 384 हेड कॉन्स्टेबल SI

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : डीजीपी मुख्यालय ने सिविल पुलिस मे लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे एसआई और हेड कॉन्स्टेबल की फाइलों पर मुहर लगाते हुए 121 दरोगाओं को इंस्पेक्टर और 384 मुख्य आरक्षियों को एसआई के पद पर प्रमोट कर दिया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने वर्ष 2025 मे उपलब्ध रिक्त पदो के सापेक्ष वरिष्ठता के आधार पर योग्य पाए गए पुलिसकर्मियों की सूची मुख्यालय को भेजी थी। इसके बाद डीआईजी स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया ने सबंधित पुलिसकर्मियों के प्रमोशन आदेश जारी किए। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में प्रमोशन पाने वालों मे रामस्वरूप, सुनील कुमार सिंह, जयकरन सिंह, प्रमोद कुमार यादव, आदीप त्रिपठी और सतोष कुमार पटेल शामिल है। वहीं, प्रदेश के दौरान 186 एसआई को पदोन्नति के लिए अनुमुखता पाया गया, जबकि 82 कर्मियों के विरुद्ध जाच लंबित रहने के कारण उनके लिफाफे बद रखे गए है।

बसपा में बूथ-सेक्टर कमिटियां तैयार, 6 तक SIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बसपा ने हर विधानसभा में बूथ और सेक्टर कमिटियां बनाने का काम पूरा कर लिया है। हर जिला इकाई की तरफ से इन कमिटियों का ब्योरा मुख्यालय ने सौंपा जा रहा है। इसके साथ ही 15 जनवरी को मनाए गए 'जन कल्याणकारी दिवस' के दौरान और उसके बाद आम आदमी की तरफ से दिए गए वोटे का हिसाब रजिस्टर भी जमा किया गया। इस बीच सगठन की तरफ से 6 फरवरी तक SIR के तहत हर विधानसभा में मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने का अभियान चलाया रहेगा। इसके बाद सगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक होगी है। माना जा रहा है कि इस बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति भी तय हो सकती है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के मुताबिक बसपा सुप्रीमो मायावती ने हर विधानसभा में बूथ और सेक्टर के गठन का लक्ष्य दिया था। पिछले साल अक्टूबर मे इसे तेजर तेजी आई थी।

और निवेश करेगी सिंगापुर की कंपनी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर सिंगापुर की इंटीग्रेटेड कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर मारुस्क के एमडी रौन पौल पेडरसन ने मुलाकात की। बातचीत के दौरान उन्होंने प्रदेश मे लॉजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश की सभावनाओं पर भी विस्तार से बात की। सीएम ने कहा कि यूपी आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल है और यहा निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि कंपनी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से इस राज्य में निवेश कर रही है। प्रदेश मे कंपनी अपना और विस्तार करेगी।

सिलेबस के बाहर के सवालों पर पूरे नंबर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) ने स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा मामें मे सिलेबस से बाहर पूछे गए सवालों पर अभ्यर्थियों को पूरे नबर देने का फैसला किया है। आयोग ने बताया कि 11 जनवरी को 5,272 पदो के लिए बरेली, लखनऊ और झासी मे परीक्षा आयोजित की गई थी। कुछ अभ्यर्थियों ने शिकायत की थी कि प्रश्नपत्र मे विषयगत ज्ञान के साथ-साथ यूपी राज्य और कप्यूटर से सबधित प्रश्न भी शामिल कर दिए गए थे, जबकि वे सिलेबस मे शामिल नही था। शिकायतों के बाद आयोग ने एक समिति गठित की। समिति की रिपोर्ट और विधिक प्रावधानों के परीक्षण के बाद आयोग ने निर्णय लिया कि सिलेबस से बाहर पूछे गए प्रश्नों के लिए अभ्यर्थियों को नुकसान नही होने दिया जाएगा और सभी परीक्षार्थियों को फुल मार्क्स दिए जाएंगे।

मनरेगा को बचाना जनभावनाओं की लड़ाई: अविनाश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मनरेगा जैसे जनहित कानून को बचाने की लड़ाई आज केवल कांग्रेस कार्यकर्ता ही लड़ रहे है। सोनिया गाधी और डॉ.मनमोहन सिंह ने 20 वर्ष पहले मनरेगा बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भूमिहीन मजदूरों को शक्ति दी थी। यह योजना दुनिया मे मिसाल बनी और कोविड काल मे इसकी उपयोगिता सबसे अधिक साबित हुई। भाजपा सरकार इस जनहितकारी कानून को कमजोर कर किसान-मजदूर विरोधी सोच उजागर कर रही है। मनरेगा अधिनियम के 20 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी दीरगमन की ओर से सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय मे 'सविधान सवाद एव राज्य स्तरीय मनरेगा बचाओ सग्राम' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाडेय ने ये बाते कही। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश मे मनरेगा बचाओ सग्राम चल रहा है।

डिप्टी सीएम का वादा पूरा होने का इंतजार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नर्सो को उनके गृह जिले मे तैनाती और खाली पदों पर प्रमोशन समेत नर्सिंग सवर्ग की कई मांगो को पूरा करने का आश्वासन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पिछले साल नवबर मे दिया था। राजकीय नर्सिस सघ उत्तर प्रदेश की तरफ से सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष को ज्ञापन सौपा। महामत्री अशोक कुमार के मुताबिक अब तक विभाग ने मांगो को पूरा नही किया जा सका है। राजकीय नर्सिंग सघ के पदाधिकारियों के साथ चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष की अध्यक्षता मे बैठक मे हुई। लाल बहादुर शास्त्री भवन में हुई बैठक मे विशेष सचिव करमेश सिह, नर्सिंग की निदेशक सीमा श्रीवास्तव और सयुक्त निदेशक नर्सिंग डॉ.अलोक श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

'मिलावटी, अमानक बीजों के प्रति ढिलाई स्वीकार्य नहीं'

सीएम योगी ने कहा- ऐसी बीज नीति बनाएं जो आगे के वर्षों की कृषि चुनौतियों का हल निकाले

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मशेसेमंद बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर बीज की एंट-टू-एंड ट्रेसेबिलटी को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। मिलावटी या अमानक बीजों के प्रति कोई भी ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। किसानों तक पहुंचने वाला हर बीज पैकेट प्रमाणित, परीक्षण और पूरी तरह मानक होना चाहिए। कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर सस्थानों, उपकार और निजी बीज उद्योग को एक साझा मंच पर लाकर बीज अनुसंधान, नवाचार और किस्म-रिलीज प्रक्रिया को तेज करने की जरूरत है।

योगी ने सोमवार को प्रदेश की नई बीज नीति के प्रारूप की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन की वास्तविक शक्ति उच्च गुणवत्ता वाले, मशेसेमंद और प्रमाणित बीजों में निहित है। भूमि जैसे लगातार घट रही है, ऐसे मे ध्यान केवल रकबे पर नहीं, बल्कि प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर होना चाहिए। उच्च उपज, रोग-प्रतिरोधी और जलवायु-सहिष्णु किस्मों के विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसी बीज नीति तैयार की जाए जो आने वाले वर्षों की कृषि चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करे। कर्न दक्षता को बढ़ाने के लिए अधिकाधिक ट्यूबवेलों को सोलर एनर्जी से जोड़ा जाए, जिससे किसानों का सिंचाई खर्च कम हो और कृषि मे स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़े।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की नई बीज नीति के प्रारूप की समीक्षा के दौरान दिए दिशा-निर्देश।

पांच साल में पांच सीड पार्क बनाएं

सीएम ने कहा कि फसल विविधीकरण को गति देने के लिए दलहन, तिलहन, मक्का, बाजरा, ज्वार और सांवा जैसी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाए। इसी क्रम मे प्रदेश में अगले पांच वर्षों मे कम से कम पांच 'सीड पार्क' स्थापित किया जाए। ये सीड पार्क उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता परीक्षण और भंडारण की सभी सुविधाओं से सुसज्जित एकीकृत परिसर होंगे। सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को बीज विकास कार्यक्रमों से सीधे जोड़ा जाए, ताकि अनुसंधान, प्रशिक्षण और खेत-स्तर पर तकनीक के प्रसार के बीच सुदृढ़ समन्वय स्थापित हो सके। नौ क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप एक-एक कृषि विज्ञान केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए, जिससे क्षेत्र-विशेष की फसलों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज और तकनीकी समाधान तैयार किए जा सकें। प्रगतिशील किसानों को भी बीज विकास कार्यक्रमों से जोड़ें, ताकि स्थानीय अनुभव और आधुनिक तकनीक का प्रभावी समन्वय बन सके।

अंत:फसली खेती का मॉडल बड़े पैमाने पर लागू करें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी को कृषि क्षेत्र में नई छलांग दिलाने का सबसे प्रभावी तरीका गन्ना के साथ तिलहन एवं दलहन क्षेत्र: फसली खेती को बड़े पैमाने पर लागू करना है। यह मॉडल गन्ना किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि कई गुना करने की क्षमता रखता है। गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उड़द और मूंग जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अंत:फसल किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर आय उपलब्ध करवाती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत होती है।

सीएम ने गन्ना के साथ तिलहन और दलहन अंत: फसली खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए

योगी ने सोमवार को गन्ना आधारित अंत: फसली खेती के मॉडल को लेकर आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मिशन मोड में लागू किया जाए।

सीएम ने कहा कि प्रदेश मे 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र मे गन्ने की खेती होती है, जिसमे 14.64 लाख हेक्टेयर नया बोया गया क्षेत्र और 14.86 लाख हेक्टेयर पेड़ी शामिल है। इतने बड़े क्षेत्र मे तिलहन और दलहन की अंत:फसल जोड़ने से उत्पादन मे वृद्धि होगी और साथ ही प्रदेश एवं देश की तिलहन-दलहन के क्षेत्र मे आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी। इसे कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से क्रियान्वित करते हुए क्षेत्र/फसल का चयन वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक आधार पर किया जाए।

सरदार पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन में बनेंगे फैसिलिटी सेंटर: योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लोयमेंट ऐंड इंडस्ट्रियल जोन' के लिए सभी जिलों में उपयुक्त भूमि शीघ्र चिह्नित करने के निर्देश दिए है। इस योजना के अंतर्गत कामन फैसिलिटी सेंटर, टेस्टिंग फैसिलिटी, डिजाइन एवं डिजाइन सेंटर, टूल रूम, ईटीपी/सीईटीपी, स्लग-ऐंड-प्ले यूनिट तथा फर्नीचर फैक्ट्री की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए उद्यमिता प्रशिक्षण, मेंटरिंग, विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी तथा टैलेंटहिलिंग की व्यवस्था भी इसी परिसर मे की जाएगी। योगी ने सोमवार को योजना की आगामी तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना को स्थानीय आवश्यकताओं और क्षेत्रीय संभावनाओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। यह जोन उद्योग, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार तथा उद्योग-सहायता से जुड़े विभागों और सुविधाओं को एकीकृत रूप से उपलब्ध करवाने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण पहल है। एमएसएमई, सेवा आधारित उद्योगों और नवाचार से जुड़े क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए स्लग-ऐंड-प्ले यूनिट और फर्नीचर फैक्ट्री जैसी आधुनिक सुविधाओं के विकास पर ध्यान दिया जाए। योजना को जरूरतबद्ध रूप से प्रदेश के सभी जिलों में लागू किए जाने का प्रस्ताव है। हर जिले मे न्यूनतम 50 एकड़ क्षेत्रफल में एम्प्लोयमेंट जोन विकसित किए जाएंगे।

सीएम ने हर जिले मे 50 एकड़ भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए

सिकल सेटर भी बनेगा : जोन के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र, फर्नीचर फैक्ट्री, वाणिज्यिक क्षेत्र, सड़क, कॉमन फैसिलिटी, सर्विस सेक्टर, ग्रीन एरिया और कार्यालय स्पेस का संतुलित लेआउट तैयार किया गया है। इसके साथ ही 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लोयमेंट ऐंड स्किल डेवलपमेंट सेंटर' की स्थापना भी प्रस्तावित है, जिसमें प्रशिक्षण हॉल, कॉन्फ्रेंस रूम, एक्सटेंशन काउंटर और उद्योग-सहायता से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ऑपरेशनल मॉडल के तहत स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रशिक्षण, कौशल विकास, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप तथा संबंधित उद्योगों में वेतन आधारित रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

अनाबी ने सीएम को कविता सुनाई, कहा- करनी है पढ़ाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह जनता दर्शन में पहुंचे तो वहां अपनी मां के साथ नन्हीं अनाबी अली भी परिवाद लेकर पहुंचीं। सीएम ने नाम और काम पूछा तो अनाबी ने पसेंटीया स्कूल का नाम बता कर एडमिशन करवा दीजिए। अनाबी ने कविता भी सुनाई, 'हम शेर बच्चे, शेर बच्चे, शेर बच्चे हैं। हम छोटे हैं तो क्या हुआ, हम दिल के सच्चे हैं। हम बड़े होकर देश की शान बढ़ाएंगे। जय हिंद।' योगी ने अनीबा का उत्साहवर्धन किया और दक्षिणे के निर्देश भी दिए।

जनता दर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे कुछ परिवादी बच्चों के साथ भी आए थे। सीएम का उनके साथ दिलचस्प संवाद भी हुआ। एक महिला के साथ आई बच्ची ने सीएम योगी को देख उन्हें सैल्यूट किया। इस पर सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए बच्ची से उसका नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्होंने सभी बच्चों को चॉकलेट दी और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। 'जनता दर्शन' में अधीन कक्षे में जुड़े कुछ प्रकरणों के बारे। सीएम ने सभी लोगों की बातें सुनीं, फिर प्रार्थना पत्र लेते हुए उचित कार्रवाई का आदेश दिया। जिलों में तैनात अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे यहां भी समस्याएं सुनते हुए प्रार्थियों को न्याय दिलाएं और दीवियों पर कड़ी कार्रवाई करें। एक महिला ने अपने अपने बच्चे के केन्सीमयू मे चल रहे इलाज के लिए आर्थिक सहायता का अनुरोध किया, उस पर सीएम ने त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री का बच्चों से हुआ दिलचस्प संवाद, परिवादियों के समस्याओं के समाधान के भी दिए निर्देश

'बायो-फार्मा और डेटा सेंटर हब के रूप में उभर रहा यूपी'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बनट की सुविधाएं बताते हुए कहा कि लखिनपुर में बन्ध गुरु पार्क और नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क तेजी से विकसित हो रहे है। बनट से बाये-मार्स सेक्टर मे यूपी की संभावनाएं सुदृढ़ हुई है। सीएम ने कहा कि सरनाथ और हस्तिनापुर को आर्कियोलिजिकल विकास परियोजना में शामिल किए जाने से प्रदेश के पूरिजम को बड़ी मजबूती मिलेगी। प्रदेश के 98 जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने और हर जिले में ट्रॉमा-इमर्जेंसी सेंटर स्थापित करने से 'गोल्डन आवर' में मरीजों की जान बचाने की संभावना बढ़ेगी।

'पीडीए सिर्फ नारा, लक्ष्य परिवारवाद' : सप मुखिया अखिलेश यादव के बनट को लेकर उठाए सवालों पर योगी ने कहा कि पीडीए के नाम पर राजनीतिक हमले सिर्फ बहाना है, असली लक्ष्य परिवारवाद को बचाना है।

जो लोग आज पीडीए की बातें कर रहे हैं, उनसे यह पूछा जाना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे तब देश और प्रदेश के गरीब, युवा, किसान और वंचित वर्गों के आत्मसम्मान और आत्मगौरव की चिंता क्यों नहीं की गई।

जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन इसी महीने।

सीएम ने संकेत दिए हैं कि नोएडा का जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट इसी महीने शुरू हो सकता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हवाई अड्डा तैयार है। इसके लाइसेंस से जुड़ी औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं। मुझे विश्वास है कि इसी माह प्रधानमंत्री द्वारा हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा।

'जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला बजट'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने केंद्रीय बनट को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला बनट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बनट पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बनट है। इस बनट से आर्थिक विकास को नई गति मिलने के साथ ही युवा, महिला, किसान समेत समाज के हर तबके को मजबूती मिलेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लगातार 9वें बार संसद में बनट प्रस्तुत करने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए इसे नयी नेतृत्व की सशक्त मिसाल और संसदीय इतिहास का ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह बनट हर गरीब, कामकाजी महिला, युवा व वंचित तबके का उत्थान करेगा।



पंकज चौधरी

बिजली बिल में 10% बढ़ोतरी पर आयोग ने कॉरपोरेशन को दिया नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : फरवरी के बिजली बिल में 10 प्रतिशत इजाफे के आदेश पर नियामक आयोग ने सख्ती दिखाई है। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी करके सात दिनों के भीतर आदेश पर जवाब तलब किया है। आयोग ने 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गणना और सहायक दस्तावेज तलब किए है। पावर कॉरपोरेशन ने 28 जनवरी को ईंधन अधिभार शुल्क के समायोजन के लिए फरवरी महीने के बिजली बिल में 10 प्रतिशत इजाफे के आदेश जारी किए था। यह समायोजन नवंबर में ईंधन और कर्ज खर्चों में लगी अतिरिक्त रकम के लिए होना है।

याचिका दाखिल की थी याचिका : इसके के आदेश के खिलाफ राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में याचिका दाखिल की थी। याचिका का संज्ञान लेते हुए सोमवार को नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। आयोग ने भी सवाल उठाए हैं कि अक्टूबर में अगर ईंधन व कर्ज खर्चों की गणना नवरात्रारूप थी तो नवंबर के लिए यह गणना इतनी देरी बाद नहीं है? सर्द मौसम में ऐसे कैसे हो सकता है कि इतनी बिजली की मांग बढ़ गई कि उपभोक्ताओं से 10 प्रतिशत अतिरिक्त वसूली करनी पड़ रही है? आयोग ने यह भी प्रश्न उठाया है कि जब नवंबर 2025 के लिए आयोग द्वारा 4.94 प्रति यूनिट की दर स्वीकृत थी, तो 5.79 प्रति यूनिट की महंगी बिजली खरीद कैसे की गई? उपभोक्ता परिषद ने फरवरी के बिजली बिल में उपभोक्ताओं से 616 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली को उपभोक्ताओं के साथ धोखा करार दिया है।

फरवरी के बिजली बिल में अतिरिक्त वसूली वाले है आवेदन, सात दिन में देना होगा जवाब

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। नवंबर में इतनी महंगी बिजली की खरीद किन हालात में और किन निजी कंपनियों से की गई, इसकी गहन जांच आवश्यक है।

'लक्ष्य बड़ा है और समय कम, गांवों तक विचारधारा पहुंचाएं'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि लक्ष्य बड़ा और समय कम है। गांव-गांव, बूथ-बूथ जाकर आम जनता के बीच पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएं। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें। अनुप्रिया पटेल सोमवार को लखनऊ में पार्टी के कैंप कार्यालय में संगठन समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं।

अनुप्रिया पटेल

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और यूपी सरकार के मंत्री आशीष पटेल उपस्थित एक-एक पदाधिकारियों से मुखातिब हुए। समीक्षा बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र प्रसाद पाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीवे कटियार, राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह, राम नयन पटेल, नागेंद्र पटेल, राष्ट्रीय सचिव विनोद गंगवार, गिरजेश पटेल, प्रदेश अध्यक्ष जटाश्री गौतम सहित पार्टी विधायक मौजूद थे।

अनुदानित मदरसों की चंदा वसूली को लेकर मानवाधिकार आयोग में शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी के अनुदानित मदरसों द्वारा वसूले जाने वाले चंदे की शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में की गई है। आरोप लगाया गया है कि यूपी के 555 राज्य अनुदानित मदरसे बिना इनकम टैक्स रजिस्ट्रेशन और बिना एसआईआरए (विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम) की अनुमति के हर साल करोड़ों रुपये का चंदा वसूल रहे है। आयोग ने आरसीएचक निदेशक को दोबारा नोटिस जारी कर जांच के निर्देश दिए हो दो हफ्ते में रिपोर्ट तलब की है।

एनएचआरआई ने अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक को दोबारा नोटिस जारी की

बारांबंकी के सामाजिक कार्यकर्ता तलह अंसारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की है कि वे अनुदानित मदरसे अपने स्तर पर मनमाने तरीके से सालाना अवैध रूप से चंदा इकट्ठा कर रहे है, जबकि इसकी कोई सरकारी अनुमति है। शिकायतों के मुताबिक, अधिकांश राज्य अनुदानित मदरसे अपने चंदे का न ऑडिट करवाते है, न ही किसी विभाग को इसकी सूचना देते है। शिकायत में एटीएस द्वारा की जा रही पूर्व के चार हजार मदरसों की जांच में हो रहे खुलासों का उल्लेख किया है।

यह भी आरोप लगाया गया है कि कई मदरसों में प्रबंधक अपने यहां तैनात सरकारी वेतन पाने वाले शिक्षकों से भी जबरन चंदा वसूली करते है। यह पूरी रकम नकद ली जाती है और सीधे प्रबंधकों की जेब में जाती है। मदरसों के बैंक खातों में उसका उल्लेख न होने से खातों में लेन-देन लगभग शून्य रहता है। पिछले साल 25 नवंबर को की गई इस शिकायत को संज्ञान में लेकर आयोग ने अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक को नोटिस जारी करते हुए मामले की जांच कराने और दो हफ्ते में पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की थी।

शाइन सिटी घोटाले में वॉन्टेड प्रीति सिंह लखनऊ से गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने बहुचर्चित शाइन सिटी ड्रीम प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड निवेश घोटाले से जुड़ी वॉन्टेड प्रीति सिंह को सोमवार को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। प्रीति कंपनी में ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर (HRO) के पद पर तैनात थी और निवेशकों के लिए तैयार किए जाने वाले बायर रजिस्ट्री एग्रीमेंट में अथोराइज्ड सिग्नेचरी के रूप में हस्ताक्षर करती थी।

ईओडब्ल्यू ने की गिरफ्तारी, लंबे समय से थी तलाश

शाइन सिटी ग्रुप पर आरोप है कि उसने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सस्ते भूखंड और आकर्षक निवेश योजनाओं का लालच देकर हजारों निवेशकों से करोड़ों रुपये जमा करवाए। निवेशकों को न तो भूखंड मिले और न ही उनकी जमा धनराशि वापस की गई। कंपनी के निदेशक व अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी दफ्तर बंद कर फरार हो गए। इस संबंध में थाना गोमतीनगर, लखनऊ में वर्ष 2020 में मुकदमा दर्ज हुआ था।

'गिरते भू-जल स्तर जैसी चुनौतियों से निपटने को बनाए जाएं अमृत सरोवर'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जल संरक्षण के दूरगामी विजन के मद्देनजर यूपी में मिशन अमृत सरोवर को और गति देने की तैयारी है। इसके लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यूपी में जल संकट, गिरते भू-जल स्तर और अनियंत्रित मानसून जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक गांवों में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जाए।

डिप्टी सीएम ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश



केशव प्रसाद

डिप्टी सीएम ने कहा कि परंपरा और विज्ञान के समन्वय के साथ यूपी के गांवों में रपेस, अतिक्रमण और अलाकया के शिकार रहे तालाबों के पुनरुद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना शुरू की गई है। 2022 से शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक पूरे के गांवों में 19,111 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण पूरा हो चुका है। जबकि वर्तमान में 25,000 से अधिक स्थानों पर अमृत सरोवर बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्देश दिए कि अमृत सरोवर का निर्माण न्यूनतम एक एकड़ क्षेत्रफल में किया जए, जिससे उसमें करीब 10 हजार क्यूबिक मीटर पानी की क्षमता हो।

निर्देश दिए कि योजना के नियमानुसार, सरोवरों के चारों ओर औषधीय, फलदार, छायादार वृक्षों जैसे नीम, पीपल, बरगद और अर्जुन जैसे स्थानीय वृक्षों की हरित पट्टी विकसित की जाए, जिससे पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होने के साथ-साथ मिट्टी के कटाव पर भी प्रभावी नियंत्रण हो सके। अमृत सरोवरों के निर्माण से सिंचाई सुविधा बेहतर होने से कृषि उत्पादन में इजाफा आएगी। साथ ही पशुपालन और मछली पालन से ग्रामीण परिवारों की आय में भी वृद्धि होगी। अमृत सरोवरों के निर्माण से स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिलेगा।

फर्जी फॉर्म-7 भरकर भाजपा कटवा रही पीडीए समाज का वोट: अखिलेश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सप के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग यूट से फॉर्म 7 छापकर, नकली हस्ताक्षर करके पीडीए समाज के वोटरों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समाज का वोट कटवाने में लगे है।

अखिलेश ने कहा कि बार-बार अपील करने पर भी एसआईआर में फॉर्म 7 की ये धांधली नहीं रुक रही है। फॉर्म 7 का दुरुपयोग एक बहुत बड़ा अपराध है। इसके गैरकानूनी इस्तेमाल की क्या सजा क्या हो सकती है। इसके बारे में चुनाव आयोग विज्ञापन प्रकाशित करे और भाजपाई और उनके संगी-साथियों को चेतावनी दे। अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर में फॉर्म 7 के माध्यम से जो भी कोई, किसी और का नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का गैरकानूनी अभाप करेगा, उसके खिलाफ एफआईआर लिखवाई जाए।

अखिलेश यादव

CEO को सौंपा ज्ञापन : अखिलेश यादव के निर्देश पर सप प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि भाजपा कार्यकर्ता कई लाख फॉर्म-7 में मतदाता का नाम व इंफिक नंबर फ्रिट करवा कर फर्जी आवेदक का सहारा बन कर विभिन्न विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के पोलिंग बूथों पर जमा करवा दिया गया है।

संपत्ति का ब्योरा नहीं देने वाले 48 हजार कर्मचारियों का रुकेगा वेतन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : संपत्ति का ब्योरा नही देने वाले करीब 48,000 राज्य कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ ही विभागीय कार्रवाई भी होगी। इसके निदेशक मुख्य सचिव ने दिए हैं। संपत्ति का ब्योरा न देने के बाद भी फरवरी का वेतन जारी करने वाले आहरण वितरण अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। इनकी सूची एक सप्ताह में विभागध्यक्षों से मंगी गई है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इस संबंध में सोमवार को शासनादेश जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश विभागध्यक्षों को भेजा है। मुख्य सचिव

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: cci Time: 02-02-2026 22:14 Color:

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । मंगलवार, 3 फरवरी 2026

खेल सच्ची खेल भावना के साथ खेले जाने चाहिए।
- पं. जवाहरलाल नेहरू

खेल में राजनीति

अब ICC इवेंट से पहले किसी न किसी तरह का विवाद होना आम है और आने वाला T20 क्रिकेट विश्व कप भी इसी दिशा में चल रहा है। पाकिस्तान का भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का ऐलान केवल खेल का राजनीतिकरण नहीं, ब्लैकमेलिंग की भी कोशिश है। अगर ICC ने इस मामले को सही ढंग से नहीं संभाला, तो खेल के पूरे ढांचे को चोट पहुंचेगी।

बेवजह का विवाद । मैच के बॉयकॉट पहले भी हुए हैं, लेकिन यह स्थिति अलग है क्योंकि पाकिस्तान का इससे कोई सीधा कनेक्शन नहीं। वह बांग्लादेश और ICC के बीच हुए विवाद में कूदा है। इस चैप्टर के बंद होने के बाद भी पाकिस्तान का इस मुद्दे को खींचना बताता है कि वह विवाद को बनाए रखना चाहता है। ICC ने PCB से आपसी सहमति वाले समाधान निकालने की अपील की है। अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि उसे एक जिम्मेदार खेल संस्था के रूप में पहचाना जाए, तो इस पर विचार करना चाहिए।

PCB का रुख

आर्थिक नुकसान । इस बहिष्कार के परिणाम दूरगामी होंगे, जिसकी कीमत विश्व क्रिकेट को तो चुकानी ही होगी, लेकिन सबसे ज्यादा बोझ पड़ेगा खुद पाकिस्तान पर। PCB को हर साल ICC के रेवेन्यू में से करीब 315 करोड़ रुपये मिलते हैं। यह उसकी कमाई का एक बड़ा हिस्सा है। अगर इसमें कटौती की जाती है या किसी तरह के प्रतिबंध लगते हैं, तो पाकिस्तान के लिए उसे झेलना मुश्किल होगा। यह बात भी याद रखने वाली है कि क्रिकेट वर्ल्ड में सबसे ज्यादा रेवेन्यू टीम इंडिया के मुकाबलों से आता है। बाकी टीमें तो भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेल लेती हैं, पर पाकिस्तान को यह मौका केवल ICC और एशियन क्रिकेट काउंसिल इवेंट्स में मिलता है।

दबाव की राजनीति । PCB ने जाहिर तौर पर इन सारे नुकसान का आकलन किया होगा। उसके चेयरमैन मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाकात की और सोच-विचार के लिए समय लिया। दरअसल, यह पाकिस्तान की वैश्विक खेल संस्था पर दबाव डालने की कोशिश है। वह भारत-पाकिस्तान मैच की अहमियत को भुनाने की कोशिश कर रहा है।

सख्त फैसलों का समय । इस विवाद में BCCI ने संतुलित रुख दिखाया है और ICC का समर्थन किया है। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल के लिए ये घटनाएं सबक हैं कि उसे खेल के हित में ज्यादा कड़े फैसले लेने की जरूरत है। एक तरफ उसकी कोशिश क्रिकेट को ग्लोबल बनाने की है, 2028 ओलिंपिक्स में इसकी वापसी हो रही है - तब ऐसे विवाद खेल को नुकसान पहुंचाते हैं। वक्त है कि ICC इवेंट मैनेजमेंट की भूमिका से बढ़कर सख्त प्रशासक का काम करे।

ऐवें कुछ भी

मीठी गोलियां

होम्योपैथी के साथ सबसे बड़ी समस्या यह नहीं है कि चार गोली निकालो तो छह आ जाती हैं और वापस शीशी में डालो तो एक एक्स्ट्रा चली जाती है। बड़ी समस्या यह है कि ये गोलियां मीठी होती हैं। लोग इन्हें खाना खाने के बाद, कुछ मीठा हो जाए के अंदाज में खाने लगे हैं।

आलोक सिंह भदौरिया

पिछले कुछ महीनों से हम होम्योपैथी के मुरीद हो गए हैं। लगभग हर रोग का समाधान होम्योपैथी से हो जा रहा है। पत्नी कुछ समस्या लेकर मेडिकल स्टोर कम क्लिनिक पर पहुंचे। वहां पाया कि कुर्सी पर नए डॉक्टर बैठे हैं। पूछा तो पता चला कि मेडिकल स्टोर वाले के मित्र हैं। वह सहायक शीशियां निकाल कर कुछ खा रहे थे। मुस्कुरा कर बोले, जब भी यहां आते हैं एनर्जी के लिए ये गोलियां खा जाते हैं। अंग्रेजी दवा की दुकान पर यह सुख कहां, हर दवा कड़वी और सबका साइड इफेक्ट।

हम डॉक्टर साहब का इंतजार करने के लिए औरों के साथ बैठ गए। बगल वाले सज्जन जो खुद तीतर की शक्ल के थे हमें ब्रायलिरुपा तीतों की नस्लें गिनाने लगे। एक दूसरे होनहार हमें प्लॉट बेचने लगे। जो मीठी गोली खा रहे थे वो मूड में आ गए, सो कवित्त सुनाने लगे। पूरा मजमा लग गया। मेडिकल स्टोर वाले किसी ऐसे मरीज से फोन पर बात कर रहे थे, जिसे चाय पीने के बाद जलन होती थी। उसी समय एक मैडम आईं, कब्ज दूर करने की दवा मांगी। उन्हें दवा दे दी गई। इतने में स्टोर वाले भाई ने फोन पर पूछा कि जलन चाय पीने पर होती है या फ्रेश होते समय होती है। लेकिन जवाब दुकान पर मौजूद मैडम ने दिया। बोलीं, जलन नहीं होती केवल कब्ज की शिकायत है। हमने इशारे में मैडम को समझाया कि आपसे नहीं पूछा जा रहा। मैडम भी समझ गईं। शरमा गईं। उधर स्टोर वाले ने फिर पूछा, तो जलन कब होती है? मैडम से फिर नहीं रहा गया, बोलीं, जलन नहीं होती केवल कब्ज होती है। हमें लगा हम कुछ देर और वहां बने रहे तो हमें दस्त हो जाएंगे। आते हैं कहकर घर भाग आए।



बोल वचन

दिलीप लाल

झाड़न हटा दो

झाड़न शब्द सुनने में साधारण है, लेकिन सभी के जीवन से सीधे जुड़ा है। इसका सामान्य अर्थ है - धूल, गर्द, मैल। सफाई के बाद निकली गंदगी को झाड़न कहा जाता है। झाड़ लगाने के बाद जो धूल-मिट्टी निकलती है, वह झाड़न है। कहीं-कहीं धूल-मिट्टी झाड़ने वाले कपड़े को ही झाड़न कहते हैं। जब हम कहते हैं कि किसी कमरे, किताब या फाइल पर झाड़न जम गई है, तो इसका अर्थ होता है कि लंबे समय से उस चीज की सफाई नहीं की गई। इस तरह झाड़न उपेक्षा, लापरवाह और निष्क्रियता का संकेतक बन जाती है। 'झाड़न' शब्द मूल क्रिया 'झाड़ना' से बना है, जिसका अर्थ है साफ करना या गंदगी हटाना। धूल और मैल के लिए संस्कृत में धूलि और रजः जैसे शब्द हैं, जबकि सफाई की क्रिया के लिए मार्जन और अपमार्जन का प्रयोग होता है। लोकभाषाओं में यही मार्जन सरल होकर झाड़ना बन गया। भारतीय भाषाओं में झाड़न अलग-अलग नामों से मौजूद है- कहीं धूल, कहीं गुबार, बांग्ला में धुलो और तमिल में तुसी। यह हटती है तो लागणी दे जाती है।

AI Image

क्या आर्थिक सुधारों पर कोई पहल हुई है

रिफॉर्म्स पर तेज़ी से क़दम बढ़ाने का अवसर गंवा दिया वित्त मंत्री ने

सोनल वर्मा

बजट में सरकार को 5 रणनीतिक काम करने की जरूरत थी। पहला, दुनिया में बढ़ रही संरक्षणवादी सोच के बीच घरेलू मांग को मजबूत करना। दूसरा, निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और ग्लोबल वैल्यू चेन से जुड़ना। तीसरा, आयात पर निर्भरता घटाकर सप्लाई चेन मजबूत करना। चौथा, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए सुधार की रफ्तार बढ़ाना। पांचवां, वित्तीय अनुशासन। इन पैमानों पर बजट को किस तरह से देखना चाहिए?

निवेश को प्राथमिकता । घरेलू मांग बढ़ाने के लिए लोगों के हाथ में अतिरिक्त पैसा देने के बजाय निवेश को प्राथमिकता दी गई है ताकि उनकी आमदनी बढ़े। यह पिछले साल से अलग है। तब सरकार ने आयकर में छूट दी थी। केपेक्स को GDP के 3.1% पर बनाए रखा गया है। यानी सरकार ग्रोथ के लिए खुद खर्च करने को लेकर कमिटेड है। इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स पर जोर है। जैसे- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, प्राइवेट डिवेलपर्स के लिए इन्फ्रा रिस्क गारंटी फंड और 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर। भारत स्थित डेटा सेंटर के जरिये क्लाउड सर्विस देने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक टैक्स छूट दी गई है। मकसद निवेशकों को आकर्षित करना है।

मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा । बजट में भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने पर ध्यान दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट बनाने की योजना से इस सेक्टर में वैल्यू एडिशन होगा। वहीं, कैपिटल गुड्स मैन्युफैक्चरिंग को हाई-टेक टूल रूम, कंस्ट्रक्शन इन्फ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट और कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग स्कीम से मदद मिलेगी।

जरूरतों का ख्याल । भारत की क्रिटिकल मिनरल्स की जरूरत सुरक्षित ढंग से पूरी हो, बजट ने इसका ख्याल रखा है। रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाए जाएंगे, जहां खनन, प्रॉसेसिंग और रिसर्च का काम एक साथ होगा। परमाणु ऊर्जा प्रॉजेक्ट्स के लिए रियायत दी गई है। आयात पर निर्भरता घटाने के लिए केमिकल पार्क, देश में ही बायोलॉजिक्स उत्पादन और लॉजिस्टिक्स के लिए घरेलू कंटेनर बनाने पर फोकस है। रक्षा क्षेत्र में पूंजीगत खर्च करीब 18% बढ़ाया गया है। मकसद सैन्य उपकरणों को आधुनिक बनाना और विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करना है।



सीमित सुधार । प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए बजट में किए गए सुधार सीमित हैं। कस्टम ड्यूटी ढांचे को आसान करने जैसे कदम बड़े टैरिफ सुधार नहीं कहे जा सकते। बैंकिंग सेक्टर के लिए एक उच्च स्तरीय समिति और पावर फाइनैंस कॉरपोरेशन व रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन की रीस्ट्रक्चरिंग का जिक्र जरूर है, लेकिन समय-सीमा साफ नहीं है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च और प्रक्रिया में सुधार के जरिये कोशिश की गई है, लेकिन असल बदलाव बजट के बाहर होता है।

नीतियों में बदलाव

- उपभोग के बजाय निवेश को प्राथमिकता मिली
- भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने पर ध्यान
- उम्मीद से कम वित्तीय सख्ती, बड़े फ़ैसले नहीं

कुछ ज्यादा ही नरमी । वित्तीय वर्ष 2027 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य GDP का 4.3% रखा गया है, पिछले साल के 4.4% से थोड़ा ही कम। 2027 में कर्ज और जीडीपी का अनुपात 55.6% रहने का अनुमान है, जबकि 2026 में यह 56.1% था। ऐसे में 2031 तक 50% (+/-1%) के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सरकार को आने वाले चार बरसों में ज्यादा तेजी से सुधार करने होंगे। हालांकि इस महीने के आखिर में GDP के नए आंकड़ों से तस्वीर बदल सकती है।

टिकाऊ मांग पर जोर । कुल मिलाकर, बजट में खोब-सम्झकर कदम उठाए गए हैं। बड़े बदलावों के बजाय धीरे-धीरे आगे बढ़ने का रास्ता चुना गया है। उपभोग के बजाय निवेश पर दोबारा जोर देने से इसकी रणनीतिक स्पष्टता जाहिर होती है। मौजूदा समय में सही दृष्टिकोण यह है कि टिकाऊ मांग केवल खपत बढ़ाने से नहीं, बल्कि उत्पादन क्षमता मजबूत करने से पैदा होती है।

विकास और महंगाई । बजट का ध्यान श्रम प्रधान क्षेत्रों के साथ हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग पर भी है। यह भारत की बढ़ती क्षमता से मेल खाता है। भूराजनीतिक तनाव और सप्लाई चेन में आई बाधा की वजह से जो मुश्किलें खड़ी हुई हैं, उसे दूर करने के लिए भी इस बजट में शुरुआती कदम उठाए गए हैं। लेकिन बजट के सुधार बड़े बदलाव वाले नहीं हैं और गति धीमी है। यह बजट निकट भविष्य में ग्रोथ और महंगाई पर ज्यादा असर नहीं डालेगा, पर इसका असर इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार नीतियों को किस तरह लागू करती है और बजट के बाहर भी क्या कदम उठाती है।

(लेखिका INDIA AND ASIA EX JAPAN, NOMURA में चीफ इकॉनमिस्ट हैं)

बजट में किए गए उपायों से लंबी अवधि में विकास की रफ्तार बढ़ेगी

हर्ष गोयनका

वित्त मंत्री को केंद्रीय बजट पेश करने में 85 मिनट से ज्यादा का समय लगा। यह उनका लगातार नौवां बजट था। इसमें 2047 तक भारत को विकसित बनाने का स्पष्ट और प्रभावी रोडमैप रखा गया। वित्त मंत्री ने ग्रोथ, वित्तीय अनुशासन और सभी के विकास पर जोर दिया है। बजट का विचार बिल्कुल साफ है- अगर हमें 2047 तक विकसित देश बनना है, तो उसकी बुनियाद आज से ही रखनी पड़ेगी।

लंबा दांव । डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, न्यूक्लियर पावर, मैन्युफैक्चरिंग, टैलंट और स्किल केवल तात्कालिक समाधान नहीं हैं, ये देश को लंबे समय तक आगे ले जाने वाले आधार हैं। इस बजट में कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं है और न ही सुर्खियां बनाने वाली हेडलाइंस, लेकिन सोच और अमल - दोनों मामलों में यह अनुशासित है।

स्थिरता को महत्व । यह बजट इस बात का संकेत देता है कि सरकार तुरंत संतुष्टि के बजाय स्थिरता को ज्यादा महत्व दे रही है। ऐसे समय में इस बात की अहमियत और भी बढ़ जाती है, जब पूरी दुनिया अनिश्चितता और उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यह बजट लंबे वक्त के विकास को प्राथमिकता देता है।

कर्तव्य का आह्वान । इस बार का केंद्रीय बजट तीन 'कर्तव्यों' पर आधारित है। पहला कर्तव्य - आर्थिक विकास को तेज करना और उसे टिकाऊ बनाए रखना, दूसरा - लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और क्षमता का निर्माण, तीसरा कर्तव्य - सबका साथ, सबका विकास। इसकी घोषणाएं संतुलित हैं। साथ ही, आने वाले दशक में भारत को तरक्की के लिए जिन चीजों की जरूरत होगी, उस दिशा में कदम बढ़ाया गया है। देश की आर्थिक रणनीति में भी बदलाव नजर आता है।

निवेश के लिए सहूलियत । वित्त मंत्री ने प्रवासी भारतीयों समेत दुनियाभर के निवेशकों को साफ संदेश दिया कि वे भारत में सिर्फ पैसिव इन्वेस्टर न रहें, यानी खुद को केवल निवेश तक सीमित न रखें बल्कि सक्रिय भागीदारी निभाएं। इसके लिए कुछ अच्छे कदम उठाए गए हैं। जो विदेशी कंपनियां भारत के डेटा सेंटर का इस्तेमाल कर देश और दुनिया के ग्राहकों को सेवाएं देंगी, उन्हें टैक्स से छूट दी गई है। विदेश में रहने वाले भारतीयों को टैक्स लाभ और बाजार तक आसान पहुंच देने की बात कही गई है। साथ ही, स्किल्ड लोगों को भारत में आकर काम करने के लिए आकर्षित करने की कोशिश भी की गई है। कुल मिलाकर, ग्लोबल डेटा इकॉनमी के लिए भारत खुद को सुरक्षित और बड़े स्तर पर काम करने वाले केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। वैल्यू चेन में घरेलू भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है।

लंबे वक्त में असर

- लुभावनी घोषणाओं के बजाय दूरगामी सोच अपनाई
- दुनियाभर के निवेशकों को भारत आने का न्योता
- स्किल बढ़ाने पर जोर, घरेलू जरूरतों का भी ध्यान

इज ऑफ डूइंग । अहम बात यह है कि रणनीति में इस बदलाव के लिए घरेलू जरूरतों को नजरअंदाज नहीं किया गया है। आत्मनिर्भरता के लिए देश की विकास यात्रा में अब भी MSMEs, सर्विसेज, स्किल और क्षेत्रीय विकास केंद्रीय आधार बने हुए हैं। सरकार ने GST नियमों को सरल किया है, नए श्रम कानून लागू किए, नियमों में ढील दी और राज्यों में प्रक्रिया को आसान बनाया। ये सारे कदम बताते हैं कि हमारी पॉलिसी ज्वाइंट के अनुकूल माहौल बना रही है।

स्किल और क्षमता । इस बजट में सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ और लिथियम बैटरी जैसे क्षेत्रों पर खास जोर है, जिनकी मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में यह बजट भारत के बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाता है। हालांकि यह सब तभी संभव है, जब भारत अपनी युवा आबादी को भी लगातार सक्षम बनाए। वित्त मंत्री ने इस मामले में भी निराश नहीं किया। लगभग हर क्षेत्र में स्किल और क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

निरंतर प्रक्रिया । प्रस्तावित उच्चस्तरीय समिति 'Education to Employment and Enterprise' सर्विस सेक्टर पर ध्यान देगी। साथ ही यह भी देखेगी कि AI जैसी उभरती तकनीक किस तरह से रोजगार और जरूरी स्किल्स पर असर डाल रही है। यह बजट याद दिलाता है कि गंभीर राष्ट्र निर्माण का काम शोर-शराबे से नहीं होता। यह काम लगातार चलने वाला है। लुभावनी घोषणाओं के बजाय धैर्य को चुनकर सरकार ने लंबे वक्त के लिए दांव खेला है। आज से कई बरस बाद हम शायद इस बजट को उसकी दूरदर्शिता के लिए याद करें।

(लेखक RPG Enterprises के चेयरमैन हैं)

DNA पढ़कर बीमारियों के राज़ खोलेगा AI

गूगल ने AlphaGenome AI मॉडल बनाया है, जो DNA में हुए हर बदलाव को समझ कर बता सकता है कि उसका असर शरीर पर क्या होगा। यह मॉडल DNA को ऐसे पढ़ता है, जैसे कोई डॉक्टर MRI, CT Scan और ब्लड रिपोर्ट।

AI की दुनिया

कैंसर पर प्रयोग सफल

यह मॉडल 10 लाख DNA पढ़कर अनुमान लगा सकता है कि कौन-सा जीन कहां से शुरू और कहां खत्म होता है, कितना RNA बनेगा, कौन-सा हिस्सा एक्टिव रहेगा और कौन-सा किसी प्रोटीन से जुड़ेगा। वैज्ञानिकों ने एक तरह के ब्लड कैंसर में इसका इस्तेमाल किया और मॉडल ने सही अनुमान लगा दिया। इस्तेमाल उन दुर्लभ बीमारियों के राज खोलने में भी हो सकता है, जिनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

AI Image

आम इस्तेमाल के लिए नहीं



अभी AlphaGenome को आम लोग इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। गूगल ने बताया है कि मॉडल रिसर्च के लिए है, इलाज या पर्सनल जीन टेस्ट के लिए नहीं। यह डॉक्टर की जगह नहीं लेगा, बल्कि वैज्ञानिकों को बेहतर रिसर्च करने में मदद करेगा। माना जा रहा है कि यह जीनोम रिसर्च में मील का पत्थर साबित हो सकता है। *-प्रदीप तिवारी*

जनता जंक्शन इरफान

एक्सपोर्ट के लिए भरोसा जीतने निकला भारत

औद्योगिक क्रांति के समय सबसे बड़ा बदलाव मशीन या तकनीक में नहीं, बल्कि जोखिम में था। पहले आर्थिक झटके कम होते थे, लेकिन उद्योग बढ़ने के साथ अनिश्चितता बढ़ गई। मांग घटने, परिवहन में बाधा और वित्तीय संकट से कई उद्यम प्रभावित हुए। जिन देशों ने इसे संभाला, उन्होंने जोखिम खत्म नहीं किया बल्कि उसकी जिम्मेदारी और नियम तय किए।


आदित्य सिन्हा

अनिश्चितता घटाने का प्रयास

इस साल के बजट में माना गया है कि भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा में सबसे बड़ी बाधा लागत या उत्पादकता नहीं, बल्कि घरेलू अनिश्चितता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक व्यापार दबाव में है, आपूर्ति अस्थिर है और नियमों में अनिश्चितता बढ़ी है। इसलिए भारत ज्यादा निर्यात के साथ भरोसेमंद भागीदार बनना चाह रहा। इसके लिए अनिश्चितता कम करनी होगी।

किसी भी कंपनी के लिए निर्यात का फैसला बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए सर्टिफिकेशन, नियमों का पालन, लॉजिस्टिक्स, विदेशी खरीदारों के साथ समझौते और अतिरिक्त पूंजी जुटानी पड़ती है। अगर देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, भुगतान और नीति साफ नहीं है, तो निर्यात टालना समझदारी भरा फैसला होता है। इसी वजह से भारत में सिर्फ कुछ कंपनियां ही निर्यातक बन पाती हैं।

बजट में अनिश्चितता को कई तरह से संभालने की कोशिश की गई। केपेक्स को 12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का उद्देश्य केवल मांग बढ़ाना नहीं, इंफ्रा से जुड़ी अनिश्चितता को घटाना है। जब सड़कें, रेल नेटवर्क और बंदरगाह समय पर पूरे होते हैं, तो निर्यातकों को कम लागत के साथ अधिक विश्वसनीय सप्लाई चेन मिलती है।

छोटे और मझोले उद्यमों के लिए अनिश्चितता अलग होती है। वित्त मंत्री ने बताया कि TReDS प्लैटफॉर्म के माध्यम से अब तक 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिल डिस्काउंट किए जा चुके हैं। इसके अलावा, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) की खरीद को TReDS से जोड़ना, क्रेडिट गारंटी बढ़ाना और बकाया रकम को वित्तीय साधनों में बदलने जैसे प्रस्ताव छोटे व मझोले उद्यमों की अनिश्चितता कम करने में मदद करते हैं।

असर दिखने में वक्त लगेगा

बजट में कस्टम ड्यूटी और ज्यादा के आसान बनाने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। निर्यात प्रतिस्पर्धा उत्पादन व लॉजिस्टिक्स के साथ सीधा पर मिलने वाले अनुभव से भी तय होती है। कस्टम ड्यूटी आसान करना, अनावश्यक शुल्क को हटाना और इनपुट पर ड्यूटी कम करने का मकसद भी अनिश्चितता कम करना है। जब शुल्क संरचना जटिल होती है, तो कंपनियां भविष्य की लागत का अनुमान नहीं लगा पाती।

कस्टम प्रक्रिया में भरोसे पर आधारित सिस्टम, पहले से लिए गए फैसलों की मान्यता, तेज क्लियरेंस और जोखिम के आधार पर जांच निर्यातकों के लिए जरूरी है। व्यापार में एवरेज क्लियरेंस टाइम से ज्यादा उसकी अनिश्चितता मायने रखती है। अगर कंपनी को यह नहीं पता कि उसका माल कहां और कब रुकेगा या किस आधार पर रुकेगा, तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा कैसे बन पाएगी। इन सुधारों से परिणाम पहले से जानने में मदद मिलेगी।

इस बजट का असर GDP आंकड़ों में तुरंत नहीं दिखेगा। यह तब दिखेगा जब अधिक भारतीय कंपनियां निर्यात शुरू करेंगी, वैश्विक बाजार में टिकेंगी और भारत को भरोसेमंद निर्यातक के रूप में देखा जाएगा। इतिहास बताता है कि मजबूत उद्योग की नींव अनिश्चितताओं को समझदारी से संभालने में होती है। यह बजट भी इसी दिशा में एक गंभीर और ठोस प्रयास है।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं)

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

दान करने की क्षमता संपत्ति को बनाती है सार्थक

राम कृष्ण सिन्हा

धन कमाना एक कला है। इसे विकसित करने के लिए व्यक्ति को अवसरों की पहचान करना सीखना होता है। साथ ही धैर्य, अनुशासन, विवेक और जोखिम को समझने की क्षमता जैसे आवश्यक गुणों को अपनाना पड़ता है। इस प्रक्रिया में मस्तिष्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

मस्तिष्क हमें भय, लालच और चिंता जैसी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायता करता है। जब भावनाएं अनियंत्रित हो जाती हैं, तब व्यक्ति अक्सर जल्दबाजी में ऐसे वित्तीय निर्णय ले लेता है, जिनका परिणाम नुकसान के रूप में सामने आता है। इसलिए धन सृजन के लिए एक शांत, संतुलित मस्तिष्क का होना अनिवार्य है। लेकिन यदि अर्जित धन का कोई उद्देश्य न हो, तो वह निरर्थक भी साबित हो सकता है। यहीं हृदय की भूमिका सामने आती है। सत्य, करुणा और संवेदनशीलता जैसे नैतिक मूल्यों से कमाया गया धन जीवन में असली और सकारात्मक बदलाव लाता है। फिर भी, वास्तविक दुनिया में धन केवल विचारों और मूल्यों से नहीं बनता। इसके लिए हाथ यानी ठोस कर्म आवश्यक है। अथर्ववेद भी हाथ की महिमा का वर्णन करता है- शतहस्त समाहर सहस्रहस्त संकिर, यानी सौ हाथों से कमाओ और हजार हाथों से दान दो।

सच्चा धन न केवल भौतिक समृद्धि देता है, बल्कि आंतरिक संतोष, आध्यात्मिक उन्नति और सामाजिक कल्याण का मार्ग भी खोलता है।

(लेखक पूर्व बैंकर हैं)

नवभारत टाइम्स, ए. इ.एम.आई.पी.ए.ए.(2016-2018) के सदस्य हैं। सर्वाधिकार सुरक्षित। निर्धारित कार्यालय के बिना अनुमति एवं अधिकार पूर्वक प्रकाशित। नवभारत टाइम्स, 14/10-ए, विनोद नगर, कानपुर-208005 से प्रकाशित तथा प्रिंट, ओपनिंग एंड अदर्स लिमिटेड, प्लॉट नं. 4-27, अप्पा रावलपीठ, पी.ओ. विनोद, कानपुर से मुद्रित। फोन : 0512-2382312, 0512-4154444, एडिटर कांटेक्ट : टाइम्स नॉलेज हेड, नुकुर, 400001 (महाराष्ट्र प्रदेश) । मुद्रक सिक (इस अंक में प्रकाशित समाचार सामग्री के चयन का उत्तरदायित्व मुद्रक का होता है)

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 02-03-2026 00:40 Color:

फटाफट खबरें

सुलतानपुर के सूबेदार जम्मू में शहीद

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर: गौसाईगंज क्षेत्र के बरई गांव निवासी सूबेदार भूपेंद्र कुमार सिंह रविवार को जम्मू में शहीद हो गए। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में तैनात सूबेदार का परिवार जम्मू में ही रहता था। परिवार में पत्नी रूबी सिंह, बेटी शिल्पा सिंह और छह वर्षीय बेटा शिवांश सिंह है। पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया जा रहा है। मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

नहीं रहे 'काशी का अस्सी' के डॉ. रामजी राय

■ NBT न्यूज, वाराणसी: चर्चित उपन्यास 'काशी का अस्सी' के प्रमुख पात्र एवं अस्सी की अड़ी की चर्चित शख्सियत डॉ. राम जी राय का सोमवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरायतू में लंबे जीवन से ही अपने फक्कड़पन और बेबाक अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. राम जी राय कुछ दिन पहले पैतृक गांव गाजीपुर के बैरनपुर गए हुए थे। वहां भेर में हृदयाघात से निधन हो गया। पार्थिव शरीर गाजीपुर से वाराणसी लाए जाने पर बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन करने पहुंचे। मणिकर्णिका घाट पर पुत्र शैलेंद्र राय ने मुखाग्नि दी।

रिश्वत लेते दबोची गई CMO ऑफिसकर्मी

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: हापुड़ के मुख्य विकास अधिकारी (CMO) कार्यालय में तैनात महिला क्लर्क बबीता चौहान को एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। महिला क्लर्क पर आरोप है कि सीएससी में इंटर्नशिप के लिए प्रशांत परमार से पांच हजार रुपये मांगे थे। प्रशांत ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया और ट्रैप बिछा आरोपित को दबोच लिया गया।

वसूली में दरोगा और सिपाही सस्पेंड

■ NBT न्यूज, बहराइच: मोतीपुर थाने में तैनात दरोगा व सिपाही को देवीपाटन मंडल के आईजी ने अवैध वसूली के आरोप में सस्पेंड कर दिया है। मोतीपुर के मंटहीकला बेनमपुरवा गांव निवासी निजामुद्दीन 7 जनवरी की रात ठेला गाड़ी से मिट्टी लेकर आ रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान दरोगा अमरेश सिंह व सिपाही शैलेंद्र यादव ने रोका लिया और अवैध खनन में जेल भेजने की धमकी देकर तीस हजार रुपये वसूल लिए। पीड़ित की शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण सेल में की थी।

अधिवक्ता से मारपीट में टोलकर्मी गिरफ्तार

■ भाया, रोहनभद्र : टोल प्लाजा पर महिला अधिवक्ता और उसके परिवारीजनों से मारपीट के आरोप में पुलिस ने दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। अधिवक्ता आरती पांडेय ने रॉबर्ट्सगंज थाने में केस दर्ज करवाया था। इसमें बताया कि रविवार को परिवारीजनों के साथ कार से ओबरा जाते समय ग्राम लौढ़ी स्थित टोल प्लाजा पर जाम लगा देख कारण पूछा तो टोलकर्मियों ने अभद्रता के साथ की मारपीट की थी। पुलिस ने हमीरपुर निवासी रामजी तिवारी व अंबेडकरनगर निवासी सर्वेश यादव को गिरफ्तार किया है।

निलंबन के विरोध में कोर्ट जाएंगे अलंकार

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: झूलौका देने वाले बरेली के सिटी मैजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री ने निलंबन के खिलाफ कोर्ट जाने के संकेत दिए हैं। अलंकार सोमवार को प्रयागराज पहुंचे और वकीलों से मुलाकात के बाद कहा कि निलंबन को लेकर नोटिस का अध्ययन किया जा रहा है। वही यूजीसी के नए नियमों को लेकर कहा कि केंद्र सरकार से छह फरवरी तक विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग की है। इसके बाद दिल्ली कूच करेंगे।

डॉ. सुदेश को टैगोर नेशनल पुरस्कार

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने टैगोर नेशनल फैलोशिप फॉर कल्चरल रिसर्च के लिए बीबीपुर निवासी डॉ. सुदेश का चयन किया गया है। शोध के लिए देश भर से 35 शोधार्थियों (13 फेलो और 22 स्कॉलर) का चयन किया गया है। दिल्ली विवि से पीएचडी करने वाले डॉ. सुदेश को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली से संबद्ध किया गया है। वे 'भारत में रामकथा की कलात्मक अभिव्यक्ति' पर शोध करेंगे।

स्कूल में पढ़वाई नमाज, प्रधानाचार्य निलंबित

■ भाया, मथुरा: नौझील स्थित प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को नमाज पढ़वाने के आरोप में प्रधानाचार्य को निलंबित करने के साथ ही जांच शुरू करवा दी गई है। मथुरा के बीआरए रतन कीर्ति के अनुसार प्रधानाचार्य जान मोहम्मद के खिलाफ 30 जनवरी को भाजपा के नौझील ब्लॉक अध्यक्ष तुमेश चौहान ने शिकायत दर्ज करवाई थी। इसमें कहा गया कि कई अभिभावकों ने राष्ट्रगान की जगह विद्यालय में नमाज पढ़वाने की जानकारी दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधानाचार्य को निलंबित करने के साथ ही जांच शुरू करवा दी गई है।

वाराणसी से मुंबई के लिए सीधी उड़ान 17 से

■ NBT न्यूज, वाराणसी: वाराणसी और नवी मुंबई के बीच सीधे विमान सेवा 17 फरवरी से शुरू होगी। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार अकासा एयर की फ्लाइट संख्या क्यूपी-2001 रोज सुबह 6.50 बजे वाराणसी से उड़ान भरकर सुबह 9.20 बजे नवी मुंबई एयरपोर्ट पहुंचेगी। वापसी में फ्लाइट क्यूपी-2004 शाम 6.20 बजे नवी मुंबई से रवाना होकर रात 8.50 बजे वाराणसी आएगी।

35 साल से फरार हत्यारोपित गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : कर्नलगंज पुलिस ने हत्या के मामले में 1990 में जमानत पर बाहर आने के बाद से फरार चल रहे आरोपित को सोमवार को धर दबोचा। आरोपित पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कानपुर में 1984 में हुई हत्या का आरोपित शौकत 1990 में जमानत पर बाहर आने के बाद लापता हो गया था। बीते दिनों लोकेशन मोहा में मिलने पर इनाम घोषित किया गया था।

रिटायर्ड दरोगा की हत्या, घर में मिला शव

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: यमुनानगर स्थित लालापुर के मदुरी गांव में रिटायर्ड दरोगा रामजतन मिश्रा (70) की हत्या कर दी गई। पीछे के रास्ते से घुसे हत्यारे वारदात के बाद फरार हो गए। नाश्ता लेकर सोमवार सुबह पहुंची नातिन यशी मिश्रा को दरवाजा बाहर से बंद मिला। अंदर पहुंचने पर खून फैला होने के साथ ही रामजतन मृत पड़े थे। उधर, बदायूं पुलिस ने रहस्यमान ने बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा करते हुए बेटे के दोस्त किशनलाल उर्फ भोलू को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने बताया कि बुजुर्ग महिला की देखभाल के लिए छोटा बेटा साथ लगाया था। 31 जनवरी की सुबह किसी बात पर बुजुर्ग ने अपशब्द कह दिए। इससे भड़के आरोपित ने ईंट से कई वार कर दिए और बेसुध होकर गिरने पर भाग निकला था।

₹2200 करोड़ से बनेगा जौनपुर-आजमगढ़ फोरलेन बाईपास

■ NBT न्यूज, वाराणसी

पूर्वांचल के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र आजमगढ़ और जौनपुर में विकास का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। शहर में वाहनों के बढ़ते दबाव से लगने वाले जाम से निजात के लिए फोरलेन बाईपास के निर्माण को मंजूरी के साथ बजट स्वीकृत हो गया है।

994 करोड़ की लागत से जौनपुर में 12 किमी लंबा बाईपास वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के बायरपास के आगे से शुरू होकर पूर्वांचल डिवि के सिकंदपुर के पास तक बनेगा। यह बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-731 और एनएच-135-ए को जोड़ेगा। इसके लिए गोमती नदी पर 200 मीटर लंबा पुल भी बनेगा। सुगम यातायात के लिए फ्लाईओवर और एक बड़ा इंटरचेंज भी प्रस्तावित है। इस बाईपास के किनारे इकोनमिक कॉरिडोर विकसित करने का प्लान है। वहीं, आजमगढ़ को जाम से निजात और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से सीधे कनेक्टिविटी देने के लिए केंद्र सरकार ने 1279.13 करोड़ की लागत से 15 किमी लंबे फोरलेन बाईपास को मंजूरी दी है। इसके तहत आजमगढ़ से करीब पांच किमी पहले रानी की सराय से पूर्वांचल एक्सप्रेस के निकट पूर्वी टोल प्लाजा तक फोरलेन का निर्माण होगा। इसमें एक फ्लाईओवर, दो आधुनिक इंटरचेंज पॉइंट और दस अंडरपास प्रस्तावित हैं।

जेल की दीवारों पर लगेंगे सेंसर

■ NBT न्यूज, वाराणसी: जिला जेल में सुरक्षा घेरा और मजबूत करने के लिए दीवारों पर सेंसर लगेंगे। जेल प्रशासन ने रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक के इस्तेमाल का निर्णय लिया है। इसमें दीवारों पर अलग-अलग स्थानों पर सेंसर टैग लगाए जाएंगे। इससे सेंध ले दूर कोई दीवार फांद भाग भी नहीं सकेगा। इतना ही नहीं बंदी रक्षक सुरक्षा दीवारों की निगरानी करते चार पेट में जिसनी बार गुजरेंगे, बायोमेट्रिक उपस्थिति भी लगाएंगे। इसका डेटा कमांड सेंटर में लगे कम्प्यूटर में दर्ज होगा। जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि जेल प्रशासन बंदियों का इसमें डेटा फीड करेगा, जिसे रेडियो सिग्नल के माध्यम से पढ़ा जा सकेगा।

हरिश्चंद्र घाटः नहीं टूटेंगे पुराने मंदिर

■ NBT न्यूज, वाराणसी: महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास के लिए धर्मस्थलीकरण के दौरान उठे विवाद के बाद अब हरिश्चंद्र घाट पर बनने वाले अत्याधुनिक शवदाहस्थल की डिजाइन में बदलाव का निर्णय लिया गया है। पहले के प्लान के मुताबिक हरिश्चंद्र घाट पर 13 हजार 250 वर्ग फुट में निर्माण के दौरान छोटे-बड़े मंदिरों को हटाकर दीवारें बनाया जाना था, हालांकि अब ऐसा नहीं होगा। दरअसलतेरव बैठक में तय किया गया है कि पुराने मंदिरों व देव विग्रहों को छेड़े बगैर केवल बाहरी दीवारों को हटाकर निर्माण करवाया जाएगा। शवदाह स्थल तैयार होने के बाद देव विग्रहों के आसपास पहले से अधिक भव्य मंदिर बनाए जाएंगे। शवदाह स्थल सड़क से 1.8 मीटर ऊपर होगा और सात कवर्ड प्लेटफॉर्म बनेंगे। 29 करोड़ की लागत से होने वाला काम इसी साल पूरा होगा है।

फिरोजाबाद की घटना, स्कूल से लौटी मां को बक्से में मिला शव

धारदार हथियार से काटकर मासूम की हत्या, पिता फरार

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: मासूमपुर के गांव नगला महाशी में सोमवार को एक शख्स ने बेटे की धारदार हथियार से हत्या कर दी। वारदात के बाद शव बक्से में रखकर फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

मयंक

पुलिस के अनुसार नगला महाशी निवासी राजेश कुमार की पत्नी उर्मिला सरगड़ स्कूल में टीचर है। छात्रवीन में सामने आया है कि सोमवार सुबह उर्मिला स्कूल चली गई। लौटने पर घर में खून फैला देख शोर मचाया। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने खून निकलता देख बक्सा खोला। अंदर 12 वर्षीय मयंक का शव पड़ा था। धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई थी। पिता राजेश के घर में नहीं होने से चर्चा शुरू हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

महिला की हत्या, पड़ोस के मकान में मिला शव

■ NBT न्यूज, आगरा

रोहता गांव में सोमवार को हत्या के बाद एक मकान की सीढ़ियों पर महिला का शव फेंके जाने से सनसनी फैल गई। शनीवार से सुबह शव देख पुलिस को सूचना दी थी। मृतका की शिनाख्त इलाके में रहने वाली पूनम (36) के रूप में हुई। विमला देवी ने बताया कि बेटी पूनम रविवार रात नौ बजे घर से निकली थी। देर रात तक नहीं लौटने पर तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। वही, सुबह पास के घर की सीढ़ियों पर शव पाया गया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

कानपुर देहात के थाना भोगनी निवासी विकास प्रजापति के अनुसार दो साल पहले लखनऊ आया था। इस दौरान सुनीता से मुलाकात हुई। बातचीत शुरू होने पर अनीता ने बताया कि अयोध्या निवासी गंगाराम से शादी हुई थी। हालांकि बाद में अनबन होने पर दोनों अलग हो गए। पिछले करीब छह माह से विकास देवर के मकी में किराए पर मकान लेकर सुनीता के साथ रहता था। ताजा है कि शनिवार रात दोनों के साथ प्रयागराज गया था। इस बीच दोपहर करीब 3:23 बजे पर सुनीता ने फोन किया और एक सैलून मेजकर पांच सौ रुपये ट्रांसफर करने को कहा। अकाउंट किसी मधु मिश्रा का था। शाम करीब सात बजे लौटने पर सुनीता कमरे में नहीं मिली। कॉल करने पर कुछ देर में आने को कहा। आठ बजे के बाद फोन करने पर कॉल रिसीव नहीं हुई और कुछ देर बाद फोन बंद हो गया। इसके बाद से तलाश कर रहा था। वही संगठन से नुहीर पवैयानाद निवासी मीरा ने बताया कि रविवार दोपहर करीब तीन बजे सुनीता से मिलने गई थी। इस दौरान कमरे में एक युवक भी था जो उन्हें धमका रहा था। इसके बाद सुनीता को चक्कर के पास उसी युवक के साथ बाइक पर देखा था। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के अनुसार फिलहाल परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। हालांकि हालात देखते हुए हत्या की बात सामने आ रही है। वारदात के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

घर में मृत मिली बुजुर्ग, हत्या का आरोप: बेली पुलिस चौकी के पास दक्षिणटोला में बुजुर्ग शकुंतला देवी सोमवार को संदिग्ध हालात में घर के अंदर मृत पाई गई। परिवारीजनों ने जेवर चुराने के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में वजह स्पष्ट नहीं होने पर विसरा और हार्ट प्रिजर्व किया गया है। शिव कुमारी के अनुसार सास शकुंतला देवी (81) दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर रहती थीं। सुबह बाहर नहीं आने पर परिवारीजन देखने पहुंचे तो चारपाई पर मृत मिलीं। हाथ से सोने के कंगन सहित अन्य जेवर गायब थे।

बाराबंकी में भाकियू जिलाध्यक्ष की हत्या

शक के दायरे में घर आया युवक, बाइक से ले गया था

■ NBT न्यूज, बाराबंकी

भारतीय किसान यूनियन (अराध गुट) महिला शाखा की जिलाध्यक्ष सुनीता कश्यप (40) का शव सोमवार सुबह ब्रह्मनगांव स्थित प्लॉटिंग साइट पर पाया गया। अरंदा निवासी सुनीता की हत्या के मामले में एक दिन पहले साथ देखे गए युवक पर शक जताया जा रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

कानपुर देहात के थाना भोगनी निवासी विकास प्रजापति के अनुसार दो साल पहले लखनऊ आया था। इस दौरान सुनीता से मुलाकात हुई। बातचीत शुरू होने पर अनीता ने बताया कि अयोध्या निवासी गंगाराम से शादी हुई थी। हालांकि बाद में अनबन होने पर दोनों अलग हो गए। पिछले करीब छह माह से विकास देवर के मकी में किराए पर मकान लेकर सुनीता के साथ रहता था। ताजा है कि शनिवार रात दोनों के साथ प्रयागराज गया था। इस बीच दोपहर करीब 3:23 बजे पर सुनीता ने फोन किया और एक सैलून मेजकर पांच सौ रुपये ट्रांसफर करने को कहा। अकाउंट किसी मधु मिश्रा का था। शाम करीब सात बजे लौटने पर सुनीता कमरे में नहीं मिली। कॉल करने पर कुछ देर में आने को कहा। आठ बजे के बाद फोन करने पर कॉल रिसीव नहीं हुई और कुछ देर बाद फोन बंद हो गया। इसके बाद से तलाश कर रहा था। वही संगठन से नुहीर पवैयानाद निवासी मीरा ने बताया कि रविवार दोपहर करीब तीन बजे सुनीता से मिलने गई थी। इस दौरान कमरे में एक युवक भी था जो उन्हें धमका रहा था। इसके बाद सुनीता को चक्कर के पास उसी युवक के साथ बाइक पर देखा था। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के अनुसार फिलहाल परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। हालांकि हालात देखते हुए हत्या की बात सामने आ रही है। वारदात के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

याद किए गए केडी सिंह बाबू

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी पद्मश्री बाबू कुंवर दिग्विजय सिंह (केडी सिंह बाबू) की 104वीं जयंती पर गुरु नानक में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन हुआ। पूर्व मंत्री अविनाश कुमार सिंह गोप, महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा, पूर्व हॉकी खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई ने पुलिस लाइन चौराहे पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के बीच कड़ी में हॉकी मैच भी खेला गया।

फंदे से लटका मिला बैंक मैनेजर की पत्नी का शव

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह की पत्नी शेमा का (35) शव सोमवार शाम घर में फंदे से लटका मिला। इटावा निवासी सुरेंद्र सिंह सुरतगंज स्थित कोऑपरेटिव बैंक में सरप्रा प्रबंधक हैं। परिवार पटेल पंचायती इंटर कॉलेज के सामने किराए पर रहता है। सुरेंद्र के अभिभा जाने के बाद दोनों बच्चे स्कूल चले गए। लौटने पर दरवाजा नहीं खुलने पर बच्चे पड़ोसी की छत से घर के अंदर पहुंचे तो मां को फंदे से लटका देख शोर मचाया। उधर, सूचना मे नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चौधरी का पुरवा मजरे सराय चंदेल गांव निवासी सुनीता की शादी करीब छह महीने पहले जमैन हुसैनबाद गांव निवासी सूरज से हुई थी। 31 जनवरी की शाम फंदे से लटकी मिलने पर विवाद में हुआ था।

जिंदा जला झोपड़ी में सो रहा अधेड़: दरियाबाद के बसापुर निवासी बलराम लोधी (45) रविवार रात सोते समय झोपड़ी में लगी आग से जिंदा जल गए। रात करीब साढ़े 12 बजे पड़ोसी ने झोपड़ी में आग लगी देख परिवारीजनों को जानकारी दी। लपटें पर काबू पाए जाने तक उनकी मौत हो चुकी थी।

महिला की हत्या में पूर्व प्रेमी पत्नी-ससुर सहित गिरफ्तार

■ भाया, गोरखपुर: बरफड़ा पुल के नीचे हत्या के बाद फेंकी गई महिला के शव की शिनाख्त करते हुए पुलिस ने पूर्व प्रेमी के साथ ही पत्नी और ससुर को गिरफ्तार किया है। विजय 2012 में मुंबई निवासी प्रिया भेट्टी (35) के साथ रहता था। दोनों के एक बेटा भी है। हालांकि विजय ने 2014 में संध्या से शादी कर ली। कुछ समय पहले प्रिया ने फिर संपर्क किया और साथ रहने का दबाव डालते हुए धमकाना शुरू कर दिया। इसके बाद विजय पत्नी और पूर्व प्रेमिका को लेकर गुरुवनपट लौटा आया। 29 जनवरी को पीपीगंज इलाके में विवाद के बाद विजय ने पत्नी के साथ प्रिया की हत्या कर दी और चेहरा कुचले के बाद शव पुल से नीचे फेंक दिया था। सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के बाद आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी का मामला

एक और के खिलाफ लुकआउट नोटिस

■ NBT न्यूज, वाराणसी: कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी में लिप्त पूर्वांचल की संवाहिका पूजा तिवारी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया है। एसआईटी ने नोटिस जारी कर पूजा को तलब किया था। 15 दिन का समय बीतने के बाद भी उपस्थित न होने पर लुक आउट नोटिस जारी किया गया है। एसआईटी को आशंका है कि वह विदेश भाग सकती है, ऐसे में पासपोर्ट जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी के साथ ही सरगना शुभम जायसवाल के संपर्क में रहने वाले सौ से ज्यादा लोगों के मोबाइल नंबरों को रेडार पर लिया है। वहीं, बोतोरी में कफ सिरप तस्करी के पांच आरोपितों पर इनाम घोषित करने और गैर जमानती वॉरंट के लिए अदालत में अर्जी दी गई है।

लक्ष्य यादव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कफ सिरप मामले में वाराणसी के लक्ष्य यादव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच को बताया गया कि याची को प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में झूठा फंसाया गया है। वही, राज्य सरकार तरफ से अपर महाधिवक्ता और अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम पतिथि कुमार मालवीय ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि याची के खिलाफ प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध खरीद और बिक्री के साक्ष्य मिले हैं। इससे पूर्व आरोपियों की याचिकाएं खारिज करते हुए कोर्ट एफआईआर रद्द करने से इनकार कर चुका है।

कानपुर: कारोबारी की शिकायत पर जांच में 70 करोड़ के फर्जी रिटर्न फाइल करने की पुष्टि

GST ID हैक, 12.66 करोड़ की टैक्स चोरी

■ NBT न्यूज, कानपुर: राजतपुर में जीएसटी खाते में सेंध लगाकर करोड़ों रुपये की फर्जी रिटर्न दाखिल किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात साइबर ठगों ने कारोबारी की जीएसटी आईडी का दुरुपयोग करते हुए किसी अन्य फर्म के नाम पर 70 करोड़ रुपये से अधिक का फर्जी जीएसटी रिटर्न फाइल कर दिया। डीसीपी कासिम आबिदी के अनुसार के दर्ज कर जांच की जा रही है। राजतपुर निवासी उत्कर्ष सक्सेना के मुताबिक जीएसटी आईडी से लॉगिन नहीं होने पर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई थी। नवंबर 2025 में एसजीएसटी विभाग के अधिकारियों ने जीएसटी खाते का दुरुपयोग कर किसी अन्य फर्म के नाम पर करोड़ों रुपये के फर्जी रिटर्न दाखिल करने की जानकारी दी। पता चला कि करीब 12 करोड़ 66 लाख 68 हजार 945 रुपये की टैक्स चोरी की गई है।

ACP की फर्जी ID बनाकर कई को ठगा

■ NBT न्यूज, आगरा: साइबर अपराधियों ने एसीपी इमरान अहमद के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर रुपये मांगने शुरू कर दिए। अपराधियों ने फेसबुक प्रोफाइल पर पहले एसीपी के परिवार की जेड़ा और पुराना फर्नीचर बेचने का पोस्ट डाला था। परिजनों से एसीपी सदर को फर्नीचाड़े की जानकारी हुई और केस दर्ज करवाया। पता चला कि कुछ लोगों ने फेसबुक प्रोफाइल पर रुपये मांगे थे। साइबर पुलिस फर्जी आईडी बंद करवा जालसाजों की तलाश शुरू कर दी है।

साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूकता ही हथियार

■ NBT न्यूज, अयोध्या: रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार को रीजनल इंस्पेक्टर मेंबिमार फॉर ओपरेशंस का आयोजन हुआ। बीबे स्टॉक एक्सचेंज के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि बीएसई के एमडी और सीईओ सुन्दरारामन रामामूर्ति ने कहा कि डिजिटल युग में वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। इस मौके पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, नोडल बलवंत चौधरी, देवेश चतुर्वेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिचालन सेवायें, वि0/यां0 विंग, यूनिट-द्वितीय
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)
4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
पत्रांक : 131/कार्य-9/(26)/47
दिनांक : 31.01.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा एक नग नलकूप हेतु पम्प हाउस निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु निविदायें की बिक्री दिनांक 03.02.2026 से 07.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), फ्लैट नं0 आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ के की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी0एस0टी0 (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना:- निविदा विक्रय की तिथि 03.02.2026 से 07.02.2026 अपरान्ह 04:00 बजे। निविदा डालने की तिथि: 09.02.2026 अपरान्ह 12:00 बजे। निविदा खोलने की तिथि: 09.02.2026 अपरान्ह 02:00 बजे।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिचालन सेवायें, वि0/यां0 विंग, यूनिट-द्वितीय
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)
4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
पत्रांक : 133/कार्य-9/(26)/49
दिनांक : 31.01.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा एक नग नलकूप के विकास एवं तत्सम्बन्धी कार्य हेतु निविदायें की बिक्री दिनांक 03.02.2026 से 07.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), फ्लैट नं0 आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी0एस0टी0 (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना:- निविदा विक्रय की तिथि 03.02.2026 से 07.02.2026 अपरान्ह 03:00 बजे। निविदा डालने की तिथि: 09.02.2026 अपरान्ह 01:00 बजे। निविदा खोलने की तिथि 09.02.2026 अपरान्ह 03:30 बजे।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिचालन सेवायें, वि0/यां0 विंग, यूनिट-द्वितीय
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)
4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
पत्रांक : 132/कार्य-9/(26)/48
दिनांक : 31.01.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा एक नग नलकूप निर्माण हेतु 300 मि.मी. एवं 200 मि. मी. व्यास के एम.एस.आई.आर.डब्लू. पाईप 7.1 मि.मी. मोटाई के तथा 300x200 मि.मी. साईज की नलकूप जाली स्क्रीनी की आपूर्ति एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु निविदायें की बिक्री दिनांक 03.02.2026 से 07.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), फ्लैट नं0 आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ के की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी0एस0टी0 (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना:- निविदा विक्रय की तिथि 03.02.2026 से 07.02.2026 अपरान्ह 02:00 बजे। निविदा डालने की तिथि: 09.02.2026 अपरान्ह 12:00 बजे। निविदा खोलने की तिथि: 09.02.2026 अपरान्ह 02:00 बजे।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिचालन सेवायें, वि0/यां0 विंग, यूनिट-द्वितीय
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)
4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
पत्रांक : 125/कार्य-9/(26)/46
दिनांक : 30.01.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न QWS के अन्तर्गत विभिन्न वि0/यां0 कार्यों हेतु निविदायें की बिक्री दिनांक 03.02.2026 से 07.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, द्वितीय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिचालन सेवाएं (वि0/यां0 विंग), उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), फ्लैट नं0 आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ के की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी0एस0टी0 (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in